कार्यालय, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी
समग्र शिक्षा, ब्लॉक–भीण्डर (उदयपुर)

# संकल्प – 2021
(एक अभिनव पहल)

# प्रश्न बैंक

# सामाजिक विज्ञान

# कक्षा – 10

बोर्ड परीक्षा परिणाम में गुणात्मक एवं संख्यात्मक उन्नयन हेतु अभिनव कार्ययोजना के तहत् निर्मित

# संरक्षक

श्री शिवजी गौड़
सयुंक्त निदेशक
स्कूल शिक्षा, उदयपुर

श्री मयंक मनीष, IAS
उपखण्ड अधिकारी
वल्लभनगर

## मार्गदर्शक

श्री महेन्द्र कुमार जैन

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, ब्लॉक–भीण्डर, उदयपुर

श्री भेरुलाल सालवी
अति. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी

श्री रमेश खटीक
अति. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी

श्री गिरीश कुमार चौबीसा
संदर्भ व्यक्ति

श्री महेन्द्र कोठारी
संदर्भ व्यक्ति

संयोजक

श्री जालम सिंह सारंगदेवोत
प्रधानाचार्य (संयोजक)
राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय
मेनार जिलाः– उदयपुर

CBEO,BHINDER

# लेखक गण

1. श्री जालम सिंह सारंगदेवोत प्रधानाचार्य (पाठ–7)
2. श्री मुकेष टांक प्रधानाचार्य (पाठ–1,4)
3. श्री महेन्द्र पाल सिंह (पाठ–8,9,10)
4. श्रीमती आजाद बोकडीया (पाठ–14,15,16)
5. श्री प्रताप लाल जाट (पाठ–18,19,20)
6. श्री राजेन्द्र मेधवाल (पाठ–2)
7. श्री बिहारी लाल नागदा (पाठ–5,6)
8. श्री नरेश गिरि आसवरा (पाठ–3)
9. श्रीमती विद्या यादव (पाठ–11,12)
10. श्री दिलराज सिंह राजावत

CBEO,BHINDER

अनुक्रमणिका


| क्र.सं. | विषय वस्तु | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| 1 | परीक्षा 2021 के लिए संशोधित पाठ्यक्रम | **1-4** |
| 2 | अध्याय–1. स्वर्णिम भारत– प्रारम्भ से 1206 ई. तक | **7-11** |
| 3 | अध्याय–2. (अ) संघर्षकालीन भारत– 1206 ई. से 1757 ई. | **12-18** |
| 4 | अध्याय–3. अंग्रेजी साम्राज्य का प्रतिकार एवं संघर्ष | 19-25 |
| 5 | अध्याय–4. विश्व इतिहास | 26-27 |
| 6 | अध्याय–5. लोकतंत्र | 27-30 |
| 7 | अध्याय–6. केन्द्र सरकार | 31-34 |
| 8 | अध्याय–7. राज्य सरकार – विधानमण्डल (विधायिका) | 35-39 |
| 9 | अध्याय–8. जल संसाधन | 40-42 |
| 10 | अध्याय–9. भारतीय कृषि | 42-43 |
| 11 | अध्याय–10. खनिज व ऊर्जा संसाधन | 44-45 |
| 12 | अध्याय–11. विनिर्माण उद्योग | 46-50 |
| 13 | अध्याय–12. मानव संसाधन | 46-50 |
| 14 | अध्याय–14. आर्थिक अवधारणाएं एवं नियोजन | 51-53 |
| 15 | अध्याय–15. भारतीय अर्थव्यवस्था की विशेषताएं एवं नवीन प्रवृतियाँ– | 54-55 |
| 16 | अध्याय–16. भारतीय अर्थव्यवस्था के समक्ष चुनौतियाँ– | 56-58 |
| 17 | अध्याय–18. उपभोक्ता एवं विधिक जागरूकता तथा सूचना का अधिकार | 59-61 |
| 18 | अध्याय–19. सड़क सुरक्षा शिक्षा | 62-63 |
| 19 | अध्याय–20. स्वच्छता एवं ठोस कचरा प्रबन्ध | 63-65 |
| 20 | मॉडल पेपर | 66-71 |


CBEO BHINDER

# परीक्षा 2021 के लिए संशोधित पाठ्यक्रम

## विषय : सामाजिक विज्ञान

अध्याय–1. स्वर्णिम भारत– प्रारम्भ से 1206 ई. तक

(1) मौर्य वंश, पतन, मौर्य प्रशासन, सैन्य व्यवस्था, न्याय व्यवस्था

(2) गुप्त साम्राज्य, गुप्त वंश की सांस्कृतिक उपब्धियां, गुप्तकालीन समाज

(3) वर्धन वंश

अध्याय–2. (अ) संघर्षकालीन भारत– 1206 ई. से 1757 ई.

(1) दिल्ली सल्तनत

(2) खिलजी वंश

(3) तुगलक शासन

(4) सैयद वंश

(5) लोदी वंश

(6) सल्तनत कालीन प्रशासन

(ब) मुगलकालीन भारत

(1) हुमायूं

(2) सूर साम्राज्य

(3) अकबर, जहाँगीर, शाहजहाँ, औरंगजेब

(4) मुगलकालीन प्रशासन

(5) सत्ता के साथ प्रतिरोध एवं सहयोग, राजस्थान के संदर्भ में – हम्मीर देव चौहान, राव शेखा, महाराणा प्रताप, राव चन्द्र सेन, रायसिंह, सवाई जयसिंह, अमरसिंह राठौड़

(स) मराठों का इतिहास – शिवाजी, वीर तानाजीराव मालुसरे

अध्याय–3. अंग्रेजी साम्राज्य का प्रतिकार एवं संघर्ष

(1) 1757 ई. 1857 ई. तक स्वतंत्रता की चेतना

(2) 1857 का स्वतंत्रता संघर्ष

(3) जनजातीय आन्दोलन

(4) राजनैतिक आन्दोलन 1857–1919 ई.

(5) राजनैतिक आन्दोलन 1919–1947

(6) राजस्थान के जनजातीय, किसान एवं प्रजामण्डल आन्दोलन

CBEO BHINDER

अध्याय–4. विश्व इतिहास
(1) औद्योगिक क्रांति
अध्याय–5. लोकतंत्र
अर्थ, विशेषताएं, लोक तंत्र की सफलता के लिए आवश्यक परिस्थितिय, लोकतंत्र का आलोचनात्मक परीक्षण।
अध्याय–6. केन्द्र सरकार
सरकार का अर्थ, अंग–व्यवस्थापिका, न्यायपालिका, भारत की संसद (लोकसभा–राज्यसभा), कार्य–प्रणाली एवं शक्तियाँ, कार्यपालिका–राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, विपक्ष की भूमिका, न्यायपालिका–न्यायाधीशों की योग्यता
अध्याय–7. राज्य सरकार – विधानमण्डल (विधायिका)
विधान मण्डल, विधान सभा–गठन, कार्य व शक्तियाँ, विधान परिषद–गठन, कार्य कार्य व शक्तियाँ। कार्यपालिका – कार्यपालिका का गठनकार्य, अधिकार व शक्तिय, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उच्च न्यायपालिका, न्यायपालिका, न्यायाधीशों की योग्यता, एवं नियुक्तियाँ।
पुस्तक का नाम : सामाजिक विज्ञान (भूगोल)
अध्याय–8. जल संसाधन
बहुउद्देश्यीय योजनाएं, जल संरक्षण, जल प्रबन्धन, जल स्वावलम्बन।
(राजस्थान के विशेष सन्दर्भ में)
अध्याय–9. भारतीय कृषि
(1) भारत में प्रमुख खाद्यान्न फसलें
अध्याय–10. खनिज व ऊर्जा संसाधन
(1) भारत में प्रमुख खनिज पेटियां
(2) ऊर्जा खनिज–कोयला, पेट्रोलियम पदार्थ, परमाणु ऊर्जा, खनिज
(3) राजस्थान में खनिज
अध्याय–11. विनिर्माण उद्योग
(1) राजस्थान में औद्योगिकरण
(2) राजस्थान के प्रमुख उद्योग
(3) औद्योगिक प्रदूषण
अध्याय–12. मानव संसाधन
जनसंख्या, जनसंख्या का आकार एवं वितरण, जनसंख्या वृद्धि, जनसंख्या वृद्धि के कारण, जनसंख्या घनत्व, भारत की जनसंख्या की विशेषताएं– साक्षरता दर, लिंगानुपात
अध्याय–13. हटाया गया

CBEO,BHINDER

अध्याय–14. आर्थिक अवधारणाएं एवं नियोजन
आर्थिक विकास, भारत में आर्थिक नियोजन।
अध्याय–15. भारतीय अर्थव्यवस्था की विशेषताएं एवं नवीन प्रवृत्तियाँ–
आर्थिक सुधार (उदारीकरण, निजीकरण एवं वैश्वीकरण) स्वदेशी की अवधारणा एवं कौशल विकास।
अध्याय–16. भारतीय अर्थव्यवस्था के समक्ष चुनौतियाँ–
निर्धनता, बेरोजगारी– इनके कारण एवं निवारण के उपाय।
अध्याय– 17 हटाया गया
अध्याय–18. उपभोक्ता एवं विधिक जागरूकता तथा सूचना का अधिकार
अर्थ, उपभोक्ता शोषण के कारण, प्रकार, उपभोक्ता के अधिकार एवं कर्त्तव्य, उपभोक्ता विवाद, निवारण के लिए किए गए उपाय (राजस्थान के विशेष सन्दर्भ में) विधिक जागरूकता तथा सूचना का अधिकार।
अध्याय–19. सड़क सुरक्षा शिक्षा
अध्याय–20. स्वच्छता एवं ठोस कचरा प्रबन्ध

CBEO,BHINDER

# पाठ–1 स्वर्णिम भारत प्रारम्भ से 1206 ई. तक

**अतिलघुत्तरात्मक**

प्रश्न–1 मौर्य वंश का संस्थापक कौन था ?
उत्तर– चन्द्रगुप्त मौर्य।
प्रश्न–2 चन्द्रगुप्त मौर्य के गुरू का क्या नाम था ?
उत्तर– चाणक्य।
प्रश्न–3 चन्द्रगुप्त मौर्य ने जैन धर्म में दीक्षा किससे ली थी ?
उत्तर– भद्रबाहु।
प्रश्न–4 चन्द्रगुप्त मौर्य की मृत्यु कब और कहाँ हुई थी ?
उत्तर– 298 ई.पूर्व श्रवणबेलगोला (मैसूर) में हुई थी।
प्रश्न–5 वायु पुराण में बिन्दुसार को किस नाम से सम्बोधित किया गया हैं ?
उत्तर– भद्रसार।
प्रश्न–6 जैन ग्रन्थों में बिन्दुसार का क्या नाम हैं ?
उत्तर– सिंहसेन।
प्रश्न–7 अशोक ने कलिंग पर आक्रमण कब किया ?
उत्तर– 261 ई. पूर्व।
प्रश्न–8 अशोक ने किसके प्रभाव में आकर बौद्ध धर्म की दीक्षा ली थी ?
उत्तर– निग्रोध तथा उपगुप्त के प्रभाव में आकर।
प्रश्न–9 ''इण्डिका'' पुस्तक के लेखक का नाम लिखिए।
उत्तर– मेगस्थनीज।
प्रश्न–10 बिन्दुसार के समय आये यूनानी राजदूत का नाम क्या था ?
उत्तर– डायमेकस।
प्रश्न–11 पुराणों में अशोक का क्या नाम मिलता हैं ?
उत्तर– देवनांपिय तथा देवनांपियदस्सी।
प्रश्न–12 कौटिल्य द्वारा रचित पुस्तक का नाम लिखिए।
उत्तर– अर्थशास्त्र।
प्रश्न–13 अन्तिम मौर्य सम्राट कौन था ?
उत्तर– वृहद्रथ।
प्रश्न–14 गुप्त वंश का संस्थापक कौन था ?
उत्तर– श्रीगुप्त।
प्रश्न–15 भारत का नेपोलियन किसे कहा जाता हैं ?
उत्तर– समुद्रगुप्त।
प्रश्न–16 'इलाहाबाद प्रशस्ति' के लेखक कौन थे ?
उत्तर– हरिषेण।
प्रश्न–17 हरिषेण किसका दरबारी कवि था ?
उत्तर– समुन्द्रगुप्त।
प्रश्न–18 नालन्दा विश्वविद्यालय का संस्थापंक कौन था ?
उत्तर– कुमारगुप्त।

CBEO, BHINDER

प्रश्न–19 स्कन्दगुप्त ने किस झील का जीर्णोद्धार करवाया था ?
उत्तर– सुदर्शन झील।

प्रश्न–20 सुदर्शन झील का निर्माण किसने करवाया था ?
उत्तर– जुनागढ़ अभिलेख से ज्ञात होता हैं कि सुदर्शन झील का निर्माण चन्द्रगुप्त मौर्य ने करवाया।
प्रश्न–21 वर्धनवंश (पुष्यभूति वंश) का संस्थापक कौन था ?
उत्तर– पुष्यभूति।
प्रश्न–22 हर्षवर्धन की रचनाओं के नाम लिखिए।
उत्तर– नागानन्द, रत्नावली, प्रियदर्शिका।
प्रश्न–23 चन्द्रगुप्त मौर्य ने किस यूनानी शासक को पराजित किया था ?
उत्तर– सेल्यूकस निकेटर को।
प्रश्न–24 चन्द्रगुप्त मौर्य के समय कौनसा राजदूत आया था ?
उत्तर– मेगस्थनीज।
प्रश्न–25 तक्षशिला के प्रथम व द्वितीय विद्रोह का दमन करने के लिये बिन्दुसार ने किसको भेजा था ?
उत्तर– प्रथम विद्रोह के दमन हेतु अशोक व द्वितीय विद्रोह के दमन हेतु सुसीम को भेजा गया था।
प्रश्न–26 अशोक के पुत्र तथा पुत्री का नाम लिखिए।
उत्तर– महेन्द्र तथा संघमित्रा।
प्रश्न–27 अभिलेखों में अशोक की किस रानी का उल्लेख मिलता हैं ?
उत्तर– कारूवाकी।
प्रश्न–28 अशोक ने कलिंग की राजधानी किसे बनाया ?
उत्तर– धौली या तौषाली को।
प्रश्न–29 'राजतरंगिणी' पुस्तक के रचयिता कौन हैं ?
उत्तर– कल्हण।
प्रश्न–30 किस शिलालेख के अनुसार अशोक 'त्रिरत्नों' में आस्था प्रकट की ?
उत्तर– भाब्रु शिलालेख।
प्रश्न–31 वृहद्रथ की हत्या किसने की थी ?
उत्तर– पुष्यमित्र शुंग।
प्रश्न–32 हर्षवर्धन के समय कौन सा चीनी यात्री आया था ?
उत्तर– ह्वेनसांग।
प्रश्न–33 'विक्रमादित्य' की उपाधि धारण करने वाला गुप्त शासक कौन था ?
उत्तर– चन्द्रगुप्त द्वितीय।
प्रश्न–34 'कविराज' की उपाधि किस गुप्त शासक ने धारण की थी ?
उत्तर– समुद्रगुप्त।
प्रश्न–35 अशोक के अभिलेखों को पढने का श्रेय किसको जाता हैं ?
उत्तर– जेम्स प्रिंसेप को।
प्रश्न–36 किससे प्रेरित होकर सम्राट अशोक ने अपनी प्रजा को अभिलेख के माध्यम से सम्बोधित किया ?
उत्तर– ईरानी राजा दारा (डेरियस–प्रथम) से।

**लघूत्तरात्मक प्रश्न –**

प्रश्न–1 चन्द्रगुप्त मौर्य एवं सेल्यूकस के बीच हुई संधि के बारे में लिखिए।
उत्तर– यूनानी शासक सेल्यूकस निकेटर ने 305 ई.पू. चन्द्रगुप्त मौर्य से पराजित होने के बाद निम्न संधि की –

1. सेल्यूकस के द्वारा अपनी पुत्री हेलना का विवाह चन्द्रगुप्त के साथ करना।



CBEO, BHINDER

2. सेल्यूकस ने चन्द्रगुप्त से 500 हाथी लेकर पूर्वी अफगानिस्तन, बलुचिस्तान एवं सिंधु नदी का पश्चिमि क्षेत्र चन्द्रगुप्त को दे दिया।
3. मेगस्थनीज को राजदूत के रूप में मौर्य दरबार में भेजना।

प्रश्न–2 अशोक का रूम्मनदेई अभिलेख हमारे लिये महत्वपूर्ण क्यों हैं ?

उत्तर– अशोक के रूम्मनदेई अभिलेख से ज्ञात होता हैं कि –
1. अशोक ने अपने शासन के 20वें वर्ष में लुम्बिनी की 'धम्म यात्रा' की।
2. 'धम्म यात्रा' के दौरान वहाँ भूमिकर की दर 1/6 से घटाकर 1/8 कर दी।

प्रश्न–3 अशोक के 'धम्म' से क्या अभिप्राय हैं ?

उत्तर अशोक ने मनुष्य की नैतिक उन्नति हेतु जिन आदर्शों को प्रतिपादित किया उन्हें 'धम्म' कहा गया हैं–

'धम्म' की परिभाषा दूसरे एवं सातवें स्तम्भलेख में दी गई हैं इसके अनुसार–
1. पाप से निवृति, विश्व कल्याण, दया, दान, सत्य एवं कर्म शुद्धि ही 'धम्म' हैं।
2. साधु स्वभाव, कल्याणकारी कार्य, पापरहित होना, व्यवहार में मृदुता–दया, दान, शुचिता, प्राणियों का वध न करना।
3. माता–पिता व बड़ों की आज्ञा मानना, गुरूजनों के प्रति आदर, मित्रों, परिचितों, सम्बंधियों, ब्राह्मणों और श्रवणों के प्रति दानशीलता व उचित व्यवहार ही धम्म हैं।

प्रश्न–4 'धम्म–यात्रा' से क्या अभिप्राय हैं ?

उत्तर– अशोक से पूर्व विहार–यात्राएँ होती जो कि राजा अपने मनोरंजन के लिए किया करते थे। अशोक ने धम्म–यात्रा का विचार दिया जिसमें बौद्ध स्थानों की यात्रा, ब्राह्मणों, श्रमणों–वृद्धों को स्वर्णदान किया जाता था।

प्रश्न–5 मौर्य काल में 'समाहर्त्ता' का क्या कार्य था ?

उत्तर– समाहर्त्ता का कार्य राजस्व एकत्र करना, आय–व्यय का ब्यौरा रखना एवं वार्षिक बजट तैयार करना था।

प्रश्न–6 'धम्म महामात्त' पर टिप्पणी लिखिए।

उत्तर– अशोक ने अपने शासन के 14वें वर्ष 'धम्म महामात्त की नियुक्ति की थी। इनका प्रमुख कार्य था–
1. जनता में धम्म का प्रचार करना, उन्हें कल्याणकारी कार्य एवं दानशीलता हेतु प्रोत्साहित करना।
2. कारावास से कैदियों को मुक्त करना या उनकी सजा कम करना तथा उनके परिवार की आर्थिक मदद करना।

प्रश्न–7 'कौटिल्य' ने राज्य के सात अंग कौन–कौनसे बताए हैं ?

उत्तर– कौटिल्य के अनुसार राज्य के सात अंग निम्न हैं –
1. राजा 2. अमात्य 3. जनपद 4. दुर्ग 5. कोष 6. सेना 7. मित्र

प्रश्न–8 'मेगस्थनीज' ने भारतीय समाज को किन सात जातियों में विभक्त किया था ?

उत्तर– मेगस्थनीज ने अपनी पुस्तक 'इण्डिका' में भारतीय समाज का वर्गीकरण सात जातियों में किया हैं
1. दार्शनिक 2. किसान 3. पशुपालक व शिकारी 4. कारीगर या शिल्पी 5. सैनिक 6. निरीक्षक 7. सभासद् व अन्य शासक वर्ग। मेगस्थनीज ने अपने वर्गीकरण में जाति, वर्ण और व्यवसाय के अन्तर को भुला दिया हैं।

प्रश्न–9 मौर्यकाल में 'तीर्थ' किसे कहा गया हैं ?

CBEO, BHINDER

उत्तर– कौटिल्य ने अपनी पुस्तक 'अर्थशास्त्र' में केन्द्रीय प्रशासन के 18 विभाग का उल्लेख किया हैं, जिन्हें 'तीर्थ' कहा गया हैं।'तीर्थ' के अध्यक्ष को 'महामात्त' कहा गया हैं। सर्वाधिक महत्वपूर्ण तीर्थ थे– मेत्री, पुरोहित, सेनापति और युवराज।

प्रश्न–10 'अनुसंधान' को परिभाषित कीजिए।

उत्तर– अशोक के काल में राज्य के कर्मचारियों–प्रादेशिकों, राज्जुकों और युक्तकों को प्रति पाँचवें वर्ष धर्म–प्रचार हेतु यात्रा पर भेजा जाता था, जिसे लेखों में 'अनुसंधान' कहा गया हैं।

प्रश्न–11 अशोक के अभिलेख किन–किन लिपियों में मिले हैं ?

उत्तर– अशोक के अभिलेख निम्न लिपियों में मिले हैं–

1. ब्राह्मी लिपि– अशोक के अधिकांश अभिलेख बाह्मी लिपि में हैं।
2. खरोष्ठी लिपि– मानसेहरा, शाहबाजगढी से प्राप्त अभिलेख।
3. अरमाईक लिपि– पश्चिमोत्तर भारत से प्राप्त अभिलेख।
4.

प्रश्न–12 अशोक द्वारा 'बराबर की पहाड़ियों' में आजीविकों के निवास हेतु निर्मित चार गुफाओं के नाम लिखिए।

उत्तर– अशोक द्वारा आजीविको के निवास हेतु 'बराबर की पहाड़ियों' में सुदामा, चौपर, विश्व झोपड़ी और कर्ण नामक गुफाओं का निर्माण किया गया था।

प्रश्न–13 मौर्यकालीन प्रान्तीय प्रशासन का वर्णन कीजिए।

उत्तर– मौर्यकालीन प्रान्तीय प्रशासन में अशोक के समय मगध साम्राज्य पाँच प्रान्तों में विभक्त था–

1. उत्तरापथ – इसकी राजधानी तक्षशिला थी।
2. दक्षिणापथ – इसकी राजधानी सुवर्णगिरी थी।
3. मध्य प्रदेश – इसकी राजधानी पाटली–पुत्र थी।
4. अवन्ति राष्ट्र – इसकी राजधानी उज्जयिनी थी।
5. कलिंग – इसकी राजधानी तोषाली थी जो अशोक द्वारा विजित किया गया प्रान्त था।

   प्रान्तों का शासन कुमार या आर्यपुत्र द्वारा किया जाता था। प्रान्त विषय में विभक्त होते थे जिसका मुखिया विषयपति कहलाता था। विषय जिले में विभक्त होते थे जिसका प्रशासनिक अधिकारी स्थानिक कहलाता था, जो समाहर्त्ता के अधीन होता था। प्रशासन की सबसे छोटी इकाई का मुखिया गोप होता था जो दस गाँवों का शासन संभालता था।

प्रश्न–14 मौर्यकालीन 'नगर प्रशासन' को समझाइये।

उत्तर– मेगस्थनीज के अनुसार नगर का शासन प्रबंध 30 सदस्यों का एक मंडल करता था जो 6 समितियों में विभक्त था –

1. प्रथम समिति – उद्योग–शिल्पों का निरीक्षण करना।
2. द्वितीय समिति – विदेशियों की देख–रेख करना।
3. तृतीय समिति – जन्म–मरण का लेखा–जोखा करना।
4. चतुर्थ समिति – व्यापार–वाणिज्य देखना।
5. पाँचवी समिति – निर्मित वस्तुओं के विक्रय का निरीक्षण करना।
6. छठी समिति – विक्रय मूल्य का दसवां भाग बिक्रीकर के रूप में वसूलना।

   प्रत्येक समिति में पाँच सदस्य होते थे।



CBSEGURU / CBSE WATERMARK

प्रश्न–15 मौर्यकालीन 'न्याय–व्यवस्था' का वर्णन कीजिए।

उत्तर– न्याय प्रशासन का सर्वोच्च अधिकारी सम्राट होता था। न्याय प्रशासन का स्तर निम्नानुसार होता था। निचले स्तर पर ग्राम न्यायालय थे जहां ग्रामणी और वृद्धजन अपना निर्णय देते थे। इसके उपर संग्रहण, द्रोणमुख, स्थानीय और जनपद स्तर के न्यायालय होते थे। सबसे उपर पाटली पुत्र का केन्द्रीय न्यायालय था।

अर्थशास्त्र में दो तरह के न्यायालय का वर्णन हैं–

1. धर्मस्थीय न्यायालय – ये दीवानी अदालते थी जिसमें नागरिकों के पारस्परिक विवादों का निर्णय होता था, जैसे चोरी, लूट एवं डकैती के मामले आते थे।
2. कंटकशोधन न्यायालय – ये फौजदारी अदालतें थी, जिसमें नागरिकों एवं राज्य के पारस्परिक विवादों का निर्णय होता था।

नगर न्यायाधीश 'व्यवहारिक महामात्त' व जनपद न्यायाधीश 'राज्जुक' कहलाता था। चाणक्य के अनुसार कानून के चार अंग – धर्म, व्यवहार, चरित्र एवं शासन हैं।

प्रश्न–16 समुद्रगुप्त के 'सांस्कृतिक योगदान' को स्पष्ट कीजिए।

उत्तर– समुद्रगुप्त उच्च कोटि का विद्वान तथा विद्या का उदार संरक्षक था। वह महान संगीतज्ञ था जिसे वीणावादन का बड़ा शौक था। उसे सिक्कों पर वीणा बजाते हुए दिखाया गया हैं। समुद्रगुप्त को 'कविराज' भी कहा गया हैं।

प्रश्न–17 गुप्तकालीन समाज पर टिप्पणी लिखिये।

उत्तर– गुप्तकालीन समाज चार वर्णों में विभाजित था–

1. ब्राह्मण – ये सर्वोच्च होते थे जिनका कार्य अध्ययन–अध्यापन करना, यज्ञ करना–कराना, दान लेना–देना था।
2. क्षत्रिय – इनका कार्य राष्ट्र की रक्षा करना होता था।
3. वेश्य – इनका कार्य व्यापार–वाणिज्य करना होता था।
4. शुद्र – इनका कार्य तीनों वर्णों की सेवा करना था।

वर्ण व्यवस्था जन्म आधारित थी तथापि व्यावसायिक बंधन शिथिल होने लगे। स्त्रियों का समाज में प्रमुख स्थान था। स्त्री शिक्षा, स्वयंवर प्रथा का प्रचलन था। पर्दा–प्रथा नहीं थी। गुप्तकाल में मिश्रित जातियाँ जैसे – अम्बष्ठ, पाराशव, उग्र आदि का प्रादुर्भाव हुआ।

प्रश्न–18 गुप्त वंश की सांस्कृतिक उपलब्धियाँ लिखिए।

उत्तर– कला एवं साहित्य की दृष्टि से गुप्तकाल का भारतीय इतिहास का 'स्वर्णयुग' कहा जाता हैं–

1. साहित्य – गुप्तकाल में कालिदास, शुद्रक, विशाखदत्त जैसे विद्वान हुए जिनका साहित्य में उल्लेखनीय योगदान रहा।
2. गणित व ज्योतिष – गुप्तकाल में आर्यभट्ट, वराहमिहिर, ब्रह्मगुप्त जैसे महान गणितज्ञ एवं ज्योतिषाचार्य हुए। गुप्तकाल में ही दशमलव प्रणाली का विकास हुआ।
3. कला – गुप्तकाल में 'शिखर मंदिर' निर्माण, देवगढ़ के दशावतार मंदिर में पहली बार किया गया।

इस काल की वास्तुकला, चित्रकला और धातु विज्ञान के प्रमाण झांसी और कानपुर से मिले हैं।

अजन्ता की गुफा नं. 16 और 17, महरौली (दिल्ली) में स्थित लौहस्तम्भ, नालन्दा से प्राप्त बुद्ध की मूर्ति ( 80फीट ऊँची ), एरण से प्राप्त वराह की मूर्ति गुप्तकाल की प्रमुख देन हैं।

गुप्तकालीन चित्रकला के अवशेष– बाघ की गुफाओं, अजन्ता की गुफाओं एवं बादामी की गुफाओं से मिलते है

CBSEGURINDER

# पाठ -2 संघर्षकालीन भारत– 1206 ई. से 1757 ई.

**प्र.1–** अरबों द्वारा पहला समुद्री आक्रमण कहाँ हुआ था ?
**उत्तर–** ठाणे पर।
**प्र.2–** मुहम्मद बिन कासिम एवं सिन्ध के राजा दाहिर के मध्य संधर्ष हुआ था ?
**उत्तर–** सन् 712 ईं में।
**प्र.3–** गुलाम वंश और किस नाम से जाना जाता है ?
**उत्तर–** इल्बरी वंश।
**प्र.4–**''लाखबख्श'' किस सुल्तान को कहा जाता है ?
**उत्तर–** कुतुबुद्दीन ऐबक।
**प्र.5–** कुतुब मीनार की पहली मंजिल का निर्माण किस सुल्तान ने करवाया ?
**उत्तर–** कुतुबुद्दीन ऐबक
**प्र.6–** तुर्क साम्राज्य का वास्तविक संस्थापक माना जाता है ?
**उत्तर–** इल्तुतमिश को।
**प्र.7–** सल्तनतकाल की एकमात्र महिला सुल्तान कौन थी ?
**उत्तर–** रजिया सुल्तान।
**प्र.8–** बलबन ने कौनसी प्रथा को शुरू किया था ?
**उत्तर–** सिजदा और पाबोस।
प्र.9– खिलजी वंश का प्रथम शासक था ?
**उत्तर–** जलालुद्दीन फिरोज खिलजी।
**प्र.10–** अमीर खुसरों ने अलाउद्दीन खिलजी को किस नाम से पुकारा है ?
**उत्तर–** विश्व का सुल्तान और जनता का चरवाहा।
**प्र.11–** चित्तौड़ और रणथम्भौर पर अलाउद्दीन ने कब आक्रमण किया था ?
**उत्तर–** 1301 ईं व 1303 ईं।
**प्र.12–** अलाउद्दीन का सबसे महत्वपूर्ण सुधार था ?
**उत्तर–** बाजार नियन्त्रण।
**प्र.13–** सैनिको को नगद वेतन देने वाला प्रथम शासक था ?
**उत्तर–** अलाउद्दीन खिलजी।
**प्र.14–** अलाई दरवाजा का निर्माण करवाया था ?
**उत्तर–** अलाउद्दीन खिलजी।
**प्र.15–** दिवाने ए बन्दगान क्या था ?
**उत्तर–** फिरोजशाह तुगलक द्वारा खोला गया दासों का विभाग था।
**प्र.16–** गुलरू खाँ उपनाम से कविता कौनसा सुल्तान लिखता था ?
**उत्तर–** सिकन्दर लोदी।
**प्र.17–** पानीपत का प्रथम युद्ध कब व किसके मध्य हुआ था ?
**उत्तर–** पानीपत का प्रथम युद्ध 1526 ई. में बाबर व इब्राहिम लोदी के मध्य हुआ था।
**प्र.18–** खम्स' से आप क्या समझते है ?

CBEO, BHINDER

**उत्तर**–युद्ध के समय लूट के सामान को खम्स कहते है।

**प्र.19**– खानवा युद्ध कब व किसके मध्य हुआ था ?

**उत्तर**– खानवा युद्ध 1527 में बाबर व राणा सांगा के मध्य हुआ ।

**प्र.20**– तुजुके बाबरी किस मुगल शासक की आत्मकथा है ?

**उत्तर**– बाबर की आत्मकथा है तुर्की भाषा में लिखी हुई है।

**प्र.21**– ग्रांड ट्रंकरोड़ किस शासक ने बनवाई थी ?

**उत्तर**– शेरशाह सूरी द्वारा।

**प्र.22**– पानीपत कि दुसरी लड़ाई कब व किसके मध्य हुई थी ?

**उत्तर**– पानीपत की दूसरी लड़ाई 1556 में अकबर व अफगान सेनापति हेमू के मध्य हुई थी।

**प्र.23**– हल्दीघाटी का युद्ध कब व किनके मध्य हुआ था ?

**उत्तर**– हल्दी घाटी का युद्ध 1576 में महाराणा प्रताप व अकबर के मध्य हुआ था।

**प्र.24**– बुलन्द दरवाजा किसके द्वारा एवं क्यों बनवाया गया था ?

**उत्तर**– अकबर द्वारा फतेहपुर सीकरी में गुजरात विजय के स्मारक स्वरूप बनाया गया था।

**प्र.25**– शेखा को महाराव की उपाधि किनके द्वारा दी गई थी ?

**उत्तर**– जयपुर के शासक उदयकरण द्वारा।

**प्र.26**– किन दो सेनापतियों ने हम्मीर से विश्वासघात किया था ?

**उत्तर**– रणमल और रतिपाल ने हम्मीर से विश्वासघात करके अलाउद्दीन को दुर्ग का गुप्तद्वार बता दिया था।

**प्र.27**– महाराणा प्रताप का जन्म व राज्याभिषेक कहाँ हुआ था ?

**उत्तर**– महाराणा प्रताप का जन्म कुम्भलगढ़ दुर्ग में एवं राज्याभिषेक गोगुन्दा में हुआ था।

**प्र.28**– कर्नल जेम्स टॉड ने हल्दीघाटी एवं दिवेर को क्या संज्ञा दी है ?

**उत्तर**– कर्नल जेम्स टॉड ने हल्दी घाटी को मेंवाड की थर्मोपल्ली एवं दिवेर को मेंवाड़ का मेराथन कहा है।

**प्र.29**– मारवाड़ के किस राजा को राणा प्रताप का अग्रगामी तथा भूला बिसरा राजा कहा जाता है ?

**उत्तर**– राव चन्द्रसेन को।

**प्र.30**– बीकानेरी चित्रकला की शुरूआत किस शासक के समय हुई थी ?

**उत्तर**– बीकानेरी चित्रकला की शुरूआत रायसिंह के शासनकाल से मानी जाती है।

**प्र.31**– जयपुर की स्थापना किस शासक द्वारा की गई ?

**उत्तर**– सवाई जय सिंह द्वारा।

**प्र.32**– अमर'' सिंह का फाटक कहा पर स्थित है ?

**उत्तर**– दिल्ली के लाल किले में।

**प्र.33**– शिवाजी का जन्म कब व कहाँ हुआ था ?

**उत्तर**– शिवाजी का जन्म 20 अप्रैल 1627 को शिवनेर दुर्ग में हुआ था।

**प्र.34**– गढ़ तो जीता पर सिंह नही रहा''। यह वाक्य किसने किसके लिए कहा ?

**उत्तर**– यह वाक्य छत्रपति शिवाजी ने तानाजी राव की सिंहगढ़ विजय करने तथा युद्ध में शहीद होने पर कहा था।

**प्र.35**– शिवाजी का राज्याभिषेक कहाँ हुआ था ?

**उत्तर**– शिवाजी का राज्याभिषेक रायगढ़ में हुआ था।

**प्र.36**– अकबर ने कौनसे धर्म का प्रवर्तन किया था ?

**उत्तर**– दीन–ए–इलाही धर्म का प्रवर्तन किया था।

**प्र.37**– हेमू ने कौनसी उपाधि धारण की थी ?

**उत्तर**– हेमू ने राजा विक्रमजीत की उपाधि धारण की थी।

**प्र.38**– जयपुर का जन्तर–मन्तर क्या है ?

**उत्तर**– जयपुर के जन्तर–मन्तर सवाई जयसिंह द्वारा बनवाई गई पॉच वैधशालाओं मे सबसे बडी वैधशाला है।

**प्र.39**– सल्तनतकालीन प्रशासन के चार प्रमुख मंन्त्री थे–



CBEO, BHINDER

**उत्तर–** सल्लतनकालीन प्रशासन के चार प्रमुख मंन्त्री थे

1. वजीर
2. आरिज–ए–मुमालिक
3. दीवाने इन्शा
4. दीवाने ए रिसालत

**प्र.40–**'बादशाह '' की उपाधि धारण करने वाला पहला शासक था–

**उत्तर–** बाबर बादशाह की उपाधि धारण करने वाला पहला शासक था।

**प्र41–** रजिया सुल्तान ने याकूब को किस पद पर नियुक्त किया था ?

**उत्तर–** रजिया सुल्तान ने याकूब को अमीर ए आखूर (अश्वशाला) का प्रधान पद पर नियुक्त किया था।

**प्र.42–** अकबर द्वारा नागौर दरबार का आयोजन कब किया गया था ?

**उत्तर–** अकबर द्वारा 1570 ई में नागौर दरबार का आयोजन किया गया था।

**प्र.43–** जहाँगीर के दरबार में कौन विदेशी दूत आए थे ?

**उत्तर–** जहागीर के दरबार में ब्रिटिश दूत केप्टिन हॉकिन्स व सर टॉमस रो आए थे।

**प्र.44–** अकबर ने धार्मिक चर्चा हेतू इबादतखाना कहॉ बनवाया था ?

**उत्तर–** अकबर ने 1576 ईं में फतेहपूर सीकरी में ईबादत खाना बनवाया था।

**प्र.45–** आगरा शहर किस शासक ने बसाया था ?

**उत्तर–** सिकन्दर शाह द्वारा आगरा बसाया गया था।

**प्र.46–** किस मुगल शासक का राज्याभिषेक कलानौर में ईंटों के सिहासन पर किया गया था ?

**उत्तर–** अकबर का राज्याभिषेक किया गया था।

**प्र.47–** किस सल्तनतकालीन शासक ने सिक्कों पर द्वितीय सिंकदर अंकित करवाया था ?

**उत्तर–** अलाउद्दीन खिलजी ने सिक्कों पर द्वितीय सिंकन्दर अंकित करवाया था।

**प्र.48–** किसकी सहायता से अलाउद्दीन दक्षिण भारत में प्रवेश कर पाया था ?

**उत्तर–** अलाउद्दीन मलिक काफूर की सहायता से दक्षिण भारत में प्रवेश कर पाया।

**प्र.49–** सिकन्दरी गज किसने चलाया था ?

**उत्तर–** सिकन्दर शाह ने भूमि की नाप हेतू सिकन्दरी गज चलाया था यह 30 इंच का होता था।

**प्र.50–** मुहम्मद तुगलक ने दीवाने ए अमीर कोही की स्थापना क्यों की ?

**उत्तर–** भूमि को कृषि योग्य बनाने हेतु मुहम्मद तुगलक ने दीवाने अमीर कोही की स्थापना की।

**प्र.51–** सल्तनतकाल में शिक'' कौन होता था ?

**उत्तर–** सल्तनतकाल में शिक जिले का राजस्व अधिकारी होता था।

**प्र.52–**दीनपनाह नामक नगर की स्थापना किस मुगल शासक ने की थी ?

**उत्तर–** दीनपनाह नामक शहर की स्थाना हुमायूँ ने की थी।

**प्र.53–** कौनसा सुल्तान सप्ताह के सातो दिन के अनुसार सात रंग के कपड़े पहनता था ?

**उत्तर–** हूमायूँ ज्योतिष में आस्था रखता था इसलिए वह सप्ताह के सातों दिन सात रंग के कपड़े पहनता था।

**प्र.54–** शेरशाह का मकबरा कहाँ स्थित है ?

**उत्तर–** शेरशाह का मकबरा सासाराम (बिहार) में स्थित है।

**प्र.55–** अकबर के साथ सन्धि करने वाला प्रथम राजपूत राजा था ?

**उत्तर–** आमेर का शासक कछवाहा भारमल अकबर के साथ सन्धि करने वाला प्रथम शासक था।

**प्र.56–** किस शासक ने गुरू अर्जुनदेव को मृत्यूदण्ड दिया था।

**उत्तर–** जहाँगीर ने गुरू अर्जुन देव को मृत्युदण्ड दिया था।

**प्र.57–** महाराणा प्रताप व अकबर का संघर्ष धार्मिक युद्ध क्यों नही था ?

**उत्तर–** ऐसा इसलिए कहा जा सकता है क्यों कि राणा प्रताप के सेनापति हाकिम खॉँ सूरी तथा अकबर के सेनापति मानसिंह थे।

**प्र.58–** दिवेर युद्ध कब व किसके नेतृत्व में हुआ था ?

**उत्तर–** दिवेर युद्ध 1582 में राणा अमर सिंह के नेतृत्व में हुआ था।

**प्र.59–** दक्षिण भारत में धार्मिक आन्दोलन का नेतृत्व किसने दिया था ?

**उत्तर–** दक्षिण भारत में धार्मिक आन्दोलन का नेतृत्व तुकाराम ,रामदास, एकनाथ, वामन पंडित आदि सन्तों और दार्शनिकों ने किया था।

**प्र.60–** शिवाजी की माता का नाम क्या था ?

**उत्तर–** शिवाजी की माता का नाम जीजा बाई था।

**प्र.1–** अलाउद्दीन खिलजी की बाजार नियन्त्रण योजना पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

**उत्तर –**बाजार नियन्त्रण अलाउद्दीन खिलजी का महत्वपूर्ण सुधार था। इसके अन्तर्गत खाधान्नों के मूल्य निर्धारित कर दिए गए। मोलभाव सुनिश्चत करके सुल्तान ने कालाबाजारी और मुनाफाखोरी पर रोक लगा दी । व्यापारियों पर नियन्त्रण हेतु दीवान –ए–रियासत और शहना ए मण्डी जैसे अधिकारियों की नियुक्ति की।

**प्र.2–** लोह एवं रक्त की नीति क्या थी ? इसे लागू करने वाला शासक कौन था ?

**उत्तर –**लोह एवं रक्त की नीति लागू करने वाला शासक बलबन था, इसके अन्तर्गत शत्रु पुरूषों का वध कर दिया जाता था तथा स्त्रियों एवं बच्चों को गुलाम बना लिया जाता था ।

**प्र.3–** मुहम्मद तुगलक की 04 प्रमुख योजनाओं के बारे में बताइये ।

**उत्तर –**मुहम्मद तुगलक की 04 प्रमुख योजनाएँ निम्न थी–

1. दोआब में कर वृद्धि
2. देवगिरि को राजधानी बनाना।
3. साकेतिक मुद्रा का प्रचलन ।
4. कराचिल की ओर अभियान।

**प्र.4–** शेरशाह के सुधार व निर्माण पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ?

**उत्तर – श**ेरशाह सूर साम्राज्य का संस्थापक था। इसका साम्राज्य पश्चिम में कन्नौज से लेकर पूर्व में असम की पहाडियों तक तथा उत्तर में हिमालय से लेकर दक्षिण में बंगाल की खाड़ी तक फैला हुआ था शेरशाह के सुधार एवं निर्माण कार्य प्रसिद्ध है इसने भूमि माप एवं लगान को व्यवस्थित कर गल्लाबख्शी या बटाई, नश्क, मुक्ताई या कनकूत और नगदी या जब्ती प्रणाली प्रचलित की। उसने चार बडी सडके एवं अनेक सरायों का निर्माण करवाया था। सबसे लम्बी सड़क बंगाल के सोनार गांव से लेकर पेशावर तक थी जिसका अस्तित्व आज भी है मुद्रा ढुलाई में सुधार करते हुए इसने ताबें का 380 ग्रेन का दाम चाँदी का 178 ग्रेन दाम का रूपया जारी किया

**प्र.5–** अकबर ने महाराणा प्रताप को अपने अधीन लाने के लिए क्या–क्या प्रयास किए ?

**उत्तर –**अकबर ने महाराणा प्रताप को अपने अधीन लाने के लिए चार दल भेजे।

1. जलाल खाँ को नवम्बर 1572 में प्रताप के पास भेजा
2. 1573 में मानसिंह (आमेर शासक) को प्रताप के पास भेजा गया।
3. अक्टूबर 1573 ई में आमेर के भगवानदास को भेजा गया।
4. दिसम्बर 1573 ई में टोडरमल को प्रताप के पास भेजा गया।

ये चारों शिष्ट मंडल प्रताप को समझाने में असफल रहे तो अकबर ने मानसिंह के नेतृत्व में 1576 ई. में प्रताप से युद्ध हेतू शाही सेना को रवाना किया तथा 18 जून 1576 ई. में हल्दीघाटी नामक स्थान पर दोनो के मध्य युद्ध हुआ।

**प्र.6–**''देबारी समझौता के बारे में आप क्या जानते है ?

**उत्तर –** जब मुगल सम्राट बहादूरशाह ने आमेर के शासक सवाई जयसिंह तथा मांरवाड़ के शासक अजीत सिंह को सूबेदार नियुक्त कर दिया,तो वे बडे नाराज हुए। इस अवसर पर मेंवाड़ के शासक अमर सिंह द्वितीय ने जय सिंह को सहायता देना स्वीकार किया तथा यह शर्त रखी कि उनकी पुत्री चन्द्र कुँवरी का विवाह सवाई जय सिंह से किया जाए और उसका पुत्र ही आमेर का आगामी राजा बने। सवाई जय सिंह ने यह शर्त स्वीकार कर ली,इसे ही देबारी समझौता कहा जाता है।

**प्र.7–** ज्ञान विज्ञान तथा कला के क्षेत्र में सवाई जय सिंह का योगदान स्पष्ट कीजिए ।

**उत्तर –** सवाई जय सिंह ने 1725 ई. में नक्षत्रों की गणना करने हेतु एक शुद्ध सारणी का निर्माण करवाया। जयसिंह ने ज्योतिष विद्या पर जयसिंह कारिका नामक ग्रन्थ लिखा। जय सिंह ने भारत में ज्योतिष के अध्ययन के लिए पाँच वैधशालाएँ बनवाई ,ये वैद्यशालाये जयपुर दिल्ली, मथूरा, बनारस और उज्जैन में स्थापित की गई। इनमें से जयपुर की जन्तर मन्तर वैधशाला सबसे बड़ी है, जुलाई 2016 ई में इसे यूनेस्कों की विश्व धरोहर की सूची में शामिल किया गया ।
सवाई जयसिंह ने नवम्बर 1727 में जयपुर नगर का निर्माण करवाना शुरू किया ।

**प्र.8–**'पुरन्दर की सन्धि पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ।
**उत्तर –** शिवाजी की गतिविधियों से क्रोधित होकर सन्1665 ई. मे औरगंजेब ने जयसिंह व दिलेर खाँ को दक्षिण में भेजा। इन दोनो ने शिवाजी के अनेक किले अधिकृत कर लिए तथा पुरन्दर के किले पर आक्रमण करके उसके नीचले भाग पर अधिकार कर लिया इस किले में शिवाजी के परिवारजन तथा काफी सम्पति रखी थी। अतः विवश होकर शिवाजी को सन्धि करनी पड़ी जो कि 1665 ईं की पुरन्दर की सन्धि के नाम से जानी जाती है। इसकी शर्ते निम्नलिखित थी–

1. शिवाजी अपने 35 दुर्गो में से 23 मुगलों को सौपेगे।
2. शिवाजी के बडे पुत्र शम्भाजी को मुगल दरबार में पॉच हजारी मनसबदार बनाया जाएगा।

**प्र.9–**'गढ़ तो जीता लेकिन सिंह नही रहा' उक्त वाक्य शिवाजी ने किसके लिए व क्यों कहा ?
**उत्तर –** उक्त वाक्य शिवाजी ने आने वीर मराठा सरदार तानाजी राव मालुसरे के लिए कहा । शिवाजी ने ताना जी को कोंडाना किला जीतने की जिम्मेदारी दी थी उक्त किले को जीतना बडा कठिन था परन्तु तानाजी राव ने अत्यन्त वीरता का प्रदर्शन करते हुए यह किला उदयभान राठौड़ से जीत लिया और वीरगति को प्राप्त हुए थे। शिवाजी ने तानाजी राव की स्मृति में कोडांना किले का नाम बदलकर सिंहगढ़ कर दिया।

**प्र.10–**'' रावचन्द्र सेन को महाराणा प्रताप का अग्रगामी क्यों कहा जाता है ? स्पष्ट कीजिए ।
**उत्तर –** इतिहासकरों द्वारा राव चन्द्रसेन को महाराणा प्रताप का अग्रगामी बताया गया हैं कारण कि रावचन्द्र सेन राजस्थान का ऐसा पहला शासक था जिसने तत्कालीन मुगलशासक अकबर की अधीनता स्वीकार नही की और मुगलों से संघर्ष का मार्ग चुना। इस स्वाभिमानी शासक को अपने महल को छोडकर पहाडों व जगलों में रहना पडा फिर भी यह अकबर के सामने नही झुका अतः हम कह सकते है कि चन्द्रसेन महाराणा प्रताप का अग्रगामी था।

**प्र.11–**अलाउद्दीन खिलजी ने विद्रोहों पर नियन्त्रंण हेतू क्या आदेश जारी किए ?
**उत्तर –** अलाउद्दीन ने अपना सम्राज्य काफी बढ़ा लिया था अवध एवं दिल्ली में विद्रोह काफी बढ़ गए थे अतः विद्रोहों पर नियत्रण हेतु अलाउद्दीन ने निम्न आदेश जारी किए।

1. अमीर वर्ग की सम्पति जब्त करना एवं खालसा भूमि को कृषि योग्य बनाकर राजस्व में वृद्धि करना।
2. दिल्ली में मध निषेध करना।
3. गुप्तचर प्रणाली का गठन करना।
4. अमीरों के परस्पर मेल मिलाप पर रोक लगाना इस प्रकार अलाउद्दीन ने साम्राज्य को सुरक्षित करने हेतु अमीरों पर अंकुश लगाया।
5.

**प्र.12–** बलबन के राजत्व सिद्धान्त की व्याख्या कीजिए।
**उत्तर –** बलबन के राजत्व सिद्धान्त की व्याख्या निम्न प्रकार से है

1. बलबन की मान्यता थी कि राजा पृथ्वी पर ईश्वर का प्रतिनिधि है वह ईश्वर प्रदत्व गुणों से युक्त है जो उसे शासन करने की शक्ति प्रदान करता है।
2. बलबन निरकुंश राजतन्त्र का प्रबल समर्थक था।

CEO, BHINDER

3. बलबन के अनुसार राजा का पद अत्यन्त पवित्र और गौरवशाली होता है अतः सुल्तान को उसी के अनुरूप आचरण करना चाहिए।
4. बलबन ने दरबार में हँसी मजाक पर रोक लगा दी और कठोर अनुशासन बनाये रखा।
5. बलबन ने सिजदा व पाबोस की प्रथा को दरबार में शुरू करवाया।
6.

**प्र.13–** दक्षिण भारत में मराठा शक्ति के उदय होने के प्रमुख कारण थे ?

**उत्तर –** मराठा शक्ति का उदय किसी एक व्यक्ति का कार्य नही था वरन एक विशेष समय में उत्पन्न हुई, अस्थायी परिस्थितियों का ही परिणाम था।

1. महाराष्ट्र का अधिकांश भाग पहाड़ी होने के कारण वहाँ के निवासी परिश्रमी और साहसी रहे है। मराठे मजबूत शरीर वाले थे।
2. मराठे गुरिल्ला युद्ध में कुशल होते थे वे शत्रुओं पर छिप कर वार करते थे।
3. 15वीं और 16वीं शताब्दी के धर्म सुधार और भक्ति आन्दोलन ने मराठों की सामाजिक एकता को अधिक सुदृढ़ किया। यह आन्दोलन ऊंच नीच जाति व्यवस्था व कर्मकाण्ड के विरूद्ध था। जिसमें सभी के लिए भक्ति द्वारा ईश्वर प्राप्ति का मार्ग दिखाया।
4. मराठी भाषा बहुत सरल और व्यावहारिक थी।

**प्र.14–** अलाउद्दीन खिलजी के रणथम्भौर आक्रमण के क्या कारण थे ?

**उत्तर –** अलाउद्दीन खिलजी द्वारा रणथम्भौर आक्रमण के कारण अग्रलिखित थे–

1. अलाउद्दीन खिलजी रणथम्भौर के चौहानों की बढ़ती हुई शक्ति को सहन नही कर पा रहा था।
2. हम्मीर ने अलाउद्दीन खिलजी के विद्रोही मंगोल नेता मुहम्मद शाह तथा केहब्रू को अपने राज्य में शरण दी थी अलाउद्दीन के आग्रह करने पर हम्मीर ने इन शरणागतों को लौटाने से इन्कार कर दिया था।

**प्र.15–**अकबर की राजपूत नीति पर अपने विचार प्रकट कीजिए ।

**उत्तर –** मुगल शासकों में अकबर उदार विचारों का व्यक्ति था। उसने राजपूतो के प्रति मैत्रीपूर्ण एवं धार्मिक सहिष्णुता की नीति अपनाई।

अकबर ने राजपूतों के साथ वैवाहिक सम्बन्ध बनाए और उन्हे उच्च पदों पर नियुक्त किया ।

जिन राजपूत शासकों ने अकबर की अधीनता नही स्वीकारी उन्हे अपने सैनिक शक्ति के बल पर झुकाने का कार्य किया।

अकबर ने राजपूतों को पूर्ण धार्मिक स्वतन्त्रता प्रदान की।

इस प्रकार अकबर ने धार्मिक सहिष्णुता वैवाहिक सम्बन्धों और मित्रता के बल पर राजपूतों का सहयोग लेकर अपना साम्राज्य सुदृढ़ बनाया।

**प्र.16–** आप किस प्रकार सिद्ध करेगे कि औरगंजेब धार्मिक रूप से असहिष्णु शासक था ?

**उत्तर –** मुगल शासको में औरंगजेब संकीर्ण विचारों वाला शासक था वह धार्मिक रूप से असहिष्णु व्यक्ति था अग्रलिखित तथ्यो से यह बात साबित हो जाती है।

1. औरंगजेब ने हिन्दुओं के अनेक मन्दिरों को ध्वस्त करवाया।
2. हिन्दुओं पर 1679 में उसने जजिया कर लगा दिया
3. उसने तुलादान झरोखा दर्शन तथा संगीत पर पूर्णरूप से प्रतिबन्ध लगा दिया।
4. हिन्दू व्यापारियों पर 5 प्रतिशत कर बढ़ा दिया।

   औरंगजेब की इस धार्मिक असहिष्णुता की नीति के फलस्वरूप उसके शासनकाल में जाटों ,सतनामियो सिक्खों तथा मराठो ने विद्रोह किए।

**प्र.17–** फिरोज तुगलक द्वारा करवाए गए निर्माण कार्य एवं जनहित के कार्यो का वर्णन कीजिए।

**उत्तर –** फिरोज तुगलक ने भवन निर्माण कला को अत्यधिक महत्व दिया। उसने हिसार फिरोजा फिरोजाबाद,जोनपुर आदि नगर बसाए। फिरोज टोपरा तथा मेरठ से अशोक के अभिलेखों को दिल्ली लाया। फिरोज की सबसे बडी उपलब्धि थी हॉसी तथा सिरसा के क्षेत्रों में पानी की कमी दूर करने के लिए नहरों की

CEO,BHINDER

खुदाई। एक नहर सतलज नदी से दीपालपुर  के तथा दूसरी यमुना नदी से सिरमूर के पास खुदवाई उपज वृद्धि के लिए तथा अकाल से निपटने हेतु ठोस नीति बनाई गई फिरोज ने दिल्ली में खरबूजों तथा अंगूरों की खेती को प्रोत्साहन दिया और अनेक बाग लगवाए।

**प्र.18–** ''मैं मुट्ठीभर बाजरे के लिए हिन्दुस्तान की सल्तनत खो देता''। शेरशाह ने उक्त कथन किस सन्दर्भ में कहा था ?
**उत्तर –** शेरशाह ने मारवाड़ के शासक राव मालदेव को हराने के लिए छलकपट का सहारा लिया और मालदेव तथा उसके दो सेनापतियों जैता और कूपा के मध्य अविश्वास की भावना पैदा कर दी 1544 ईं के मध्य में जैता और कूँपा ने बडी वीरतापूर्वक शेरशाह का मुकाबला किया। शेरशाह ने बड़ी कठिनाई से युद्ध जीता था इसी सन्दर्भ में शेरशाह ने कहा था कि मैं मुट्ठी भर बाजरे के लिए हिन्दुस्तान की सल्तनत खो देता।

**प्र.19–** राव शेखा की उपलिब्धयों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ।
**उत्तर –** महाराव शेखा का जन्म 24 सितम्बर 1433 ई को हुआ था इसके पिता राव मोकल आमेर राज्य  के अन्तर्गत नान के शासक थे। बारह वर्ष की उम्र में इन्होने पिता का उत्तरदायित्व संभाला था। राव शेखा की उपलब्धियाँ  निम्नलिखित है।

1. 16 वर्ष की उम्र में राव शेखा ने मुल्तान सेवार नगरचल आदि पर विजय प्राप्त की थी।
2. 1473 से 1477 ई में शेखा ने जाट राजपूतों से दादरी तथा भिवानी पर विजय प्राप्त कीं
3. राव शेखा ने इस्तरखान से हांसी तथा हेदारखान कायमखानी से हिसार को जीता।
4. महाराव शेखा ने आपने जीवन काल में 52 युद्ध लडे उसे जयपुर के कछवाह वंश के उपवर्ग ''शेखावत'' का संस्थापक माना गया है।

**प्र.20–** मुगलकानीन प्रशासन का वर्णन कीजिए।
**उत्तर –**मुगल शासन प्रणाली भारतीय तथा विदेशी प्रणालियों का मिला–जुला रूप थी।

1. बादशाह शासन का अधिपति होता था सर्वेसर्वा होता था
2. वजीर बादशाह के बाद सबसे बडा अधिकारी होता था।
3. सद्र–उस–सुदूर धर्म और दान विभाग का अध्यक्ष होता था।
4. दीवान वित्त विभाग का प्रमुख होता था।
5. मीर–ए–सामा सम्राट के परिवार की देखभाल करने वाला अधिकारी होता था।
6. प्रधान काजी न्याय विभाग का प्रमुख होता था। प्रान्तीय शासन प्रान्त के प्रमुख अधिकारी सूबेदार, दीवान, सदर, काजी, बख्शी तथा कोतवाल होते थे।
7. जिले का शासन–जिले के प्रमुख अधिकारी फौजदार, अमलगुजार, बितिकची, शिकदार आमिल फोतदार व कानूनगों होते थें।

CBSEGURU.BHINDER

# पाठ–3 अंग्रेजी सम्राज्य का प्रतिकार एवं संघर्ष

1. ब्रिटिश ईस्ट इण्डिया कम्पनी की स्थापना कब हुई ?
   **उत्तर** 23 सितम्बर 1660 ई. को।
2. भारत में अंग्रेजों की प्रथम स्थायी कोठी कब और कहाँ स्थापित हुई ?
   **उत्तर** 1612 ई. में सूरत (गुजरात) में।
3. किस मुगल बादशाह ने प्रथम बार अंग्रजों को शाही फरमान के द्वारा व्यापारिक सुविधाए प्रदान की ?
   **उत्तर** फर्रूखसीयर ने।
4. प्लासी का युद्ध कब और किस–किस के मध्य हुआ ?
   **उत्तर** प्लासी का युद्ध 23 जून 1757 को बंगाल के नवाब सिराजुदौला और अंग्रेजों के मध्य हुआ।
5. किस युद्ध में विजयोपरान्त अंग्रेजों को बिहार, बंगाल, और उड़ीसा के दीवानी अधिकार प्राप्त हुए।
   **उत्तर** बक्सर का युद्ध।
6. 1857 ई. के स्वतंत्रता संघर्ष के प्रमुख कारण क्या थे ?
   **उत्तर** 1. अंग्रेजों की आर्थिक नीति
   2. लार्ड डलहौजी का व्यपगत सिद्दान्त
   3. अंग्रजों की साम्राज्य विस्तार की नीति
   4. सामाजिक एवं धार्मिक कारण
   5. सैनिक कारण
7. मंगल पाण्डे कौन था ?
   **उत्तर** मंगल पाण्डे बैरकपुर की छावनी में सैनिक था। उसने चर्बी लगे हुए कारतूसों का विरोध करते हुए 29 मार्च 1857 ई. को एक अंग्रेज अधिकारी की हत्या कर दी।
8. 1857 की क्रांति में सैनिकों ने दिल्ली पर अधिकार कब कर लिया ?
   **उत्तर** 12 मई 1857 को सैनिकों ने दिल्ली पर अधिकार कर लिया।
9. 1857 की क्रांति के तात्कालिक कारण क्या थे?
   **उत्तर** सैनिक कारण।
10. झाँसी में 1857 की क्रांति का नैतृत्व किसने किया ?
    **उत्तर** झाँसी की रानी लक्ष्मी बाई ने।
11. बिहार में 1857 की क्रांति का नैतृत्व किसने किया ?
    **उत्तर** कुँवरसिंह ने।
12. कानपुर में 1857 की क्रांति का नैतृत्व किसने किया ?
    **उत्तर** नानासाहिब ने।
13. भारत के प्रमुख जनजातीय विद्रोहों के नाम लिखो ?
    **उत्तर** 1. सन्यासी विद्रोह 2. कोल विद्रोह 3. भील विद्रोह 4. रमोसी विद्रोह
14. भील विद्रोह कब और कहाँ हुआ?

CBEO, BHINDER

**उत्तर** सन् 1812–19 के बीच पश्चिमी तट के खान देश जिले में रहने वाले भीलों व अंग्रेजों के मध्य हुआ।

15. संथाल विद्रोह कब हुआ ?

**उत्तर** 1855–56 ई. में संथाल विद्रोह हुआ था।

16. संथाल विद्रोह के दो प्रमुख नेता कौन थे?

**उत्तर** सिन्धू और कान्हू संथाल विद्रोह के दो प्रमुख नेता थे।

17. सन्यासियों के विद्रोह करने के दो कारण बताइये–

**उत्तर** 1. कृषि करने वाले सन्यासियों से कम्पनी के अधिकारी कठोरतापूर्वक कर वसुलते थे। 2. तीर्थ स्थानों पर प्रतिबन्ध लगाने से सन्यासी लोग नाराज थे।

18. कोल विद्रोह के दो कारणों का उल्लेख कीजिए–

**उत्तर** 1. कठोर भूमी कर–व्यवस्था से कोल लोगों में असंतोष था।

2. उनकी भूमि उनके मुखियाओं मुण्डों से छीनकर बाहरी लोगों को दे दी गई।

19. रमोसी जनजाति के विद्रोह के बारे में आप क्या जानते हैं ?

**उत्तर** पश्चिमी घाट में रहने वाले रमोसी जनजाति अंग्रेजी प्रशासन पद्धति तथा अंग्रेजी प्रशासन से नाराज थी। 1822 ई. में उनके नेता सरदार चितरसिंह ने विद्रोह कर दिया।

20. इण्डियन एसोसिएशन की स्थापना कब की गई और किसके द्वारा की गई ?

**उत्तर** 1876 ई. में सुरेन्द्र नाथ बनर्जी ने इण्डियन एसोसिएशन की स्थापना की।

21. इण्डियन लीग की स्थापना कब की गई ?

**उत्तर** 1875 ई. में इण्डियन लीग की स्थापना की गई।

22. इण्डियन नेशनल कांग्रेस की स्थापना किसने की और कब की ?

**उत्तर** 1885 ई. में एक अंग्रेज भारतीय सिविल सेवा के सेवानिवृत अधिकारी एलेन ओक्टेवियन हयूम ने की।

23. इण्डियन नेशनल कांग्रेस का प्रथम अधिवेशन कब, कहाँ और किसकी अध्यक्षता में हुआ ?

**उत्तर** 28 दिसम्बर, 1885 ई. को व्योमेश चन्द्र बनर्जी की अध्यक्षता में बम्बई के गोकुलदास तेजपाल संस्कृत कॉलेज में कांग्रेस का प्रथम अधिवेशन हुआ ?

24. कांग्रेस के चार प्रमुख उदारवादी नेताओं के नाम बताओ ?

**उत्तर** कांग्रेस के चार प्रमुख उदारवादी नेता थे–

1. फिरोजशाह मेहता 2. गोपालकृष्ण गोखले 3. सुरेन्द्रनाथ बनर्जी 4. दादाभाई नौरोजी

25. कांग्रेस के उग्रवादी दल के चार प्रमुख नेताओं के नाम लिखिए–

**उत्तर** उग्रवादी दल के चार प्रमुख नेता थे–

1. बाल गंगाधर तिलक 2. विपिन चन्द्र पाल 3. अरविन्द घोष 4. लाला लाजपत राय

26. किस एक्ट को काला कानून कहा गया ?

**उत्तर** रोलेट एक्ट को काला कानून कहा गया।

27. जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड क्या था ?

**उत्तर** 13 अप्रेल 1919 को जलियाँवाला बाग की एक सभा में जनरल डायर के आदेश पर पुलिस की गोलियों से 379 व्यक्ति मारे गए। यह जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड कहलाया।

28. गांधी जी के नैतृत्व में असहयोग आन्दोलन कब शुरू किया गया ?

**उत्तर** 1920 ई.

29. खिलाफत आंदोलन क्या था ?



CBEO,BHINDER

**उत्तर** खिलाफत आंदोलन भारतीय मुसलमानों द्वारा तुर्की के खलीफा के सम्मान में चलाया गया आन्दोलन था।

30. गांधी जी और ब्रिटिश सरकार के बीच गांधी–इरविन समझौता कब हुआ ?
**उत्तर** 5 मार्च 1931 ई. को।
31. भारत छोडो प्रस्ताव कब और कहाँ पास किया गया ?
**उत्तर** 8 अगस्त 1942 को बम्बई में अखिल भारतीय कांग्रेस समिति में पास किया गया।
32. गांधी जी ने करो या मरो का नारा किस आंदोलन में दिया था ?
**उत्तर** भारत छोडो आंदोलन में।
33. भगत आंदोलन का संचालक कौन था ?
**उत्तर** गोविन्द गुरू।
34. एकी आन्दोलन किसने शुरू किया ?
उत्तर एकी आन्दोलन मोतीलाल तेजावत ने शुरू किया।
35. बिजौलिया किसान आन्दोलन कब शुरू किया गया और किसके द्वारा किया गया ?
**उत्तर** सन् 1913 ई. में साधु सीताराम दास के नैतृत्व में बिजौलिया किसान आंदोलन शुरूकिया गया।
36. नीमूचणा किसान आन्दोलन कब हुआ ?
**उत्तर** 14 मई 1925 को।
37. बरड किसान आन्दोलन कब और किसके नैतृत्व में शुरू किया गया ?
**उत्तर** अप्रेल, 1922 में नयनूराम शर्मा के नैतृत्व में बरड किसान आंदोलन शुरू किया गया।
38. नीमूचणा कहाँ स्थित है ?
**उत्तर** नीमूचणा अलवर की बानसूर तहसील में स्थित है?
39. राजस्थान के राज्यों में कांग्रेस के किस अधिवेशन के बाद प्रजामण्डलों की स्थापना हुई ?
**उत्तर** 1938 ई. में कांग्रेस के हरिपुरा अधिवेशन के बाद राजस्थान के राज्यों में प्रजामण्डलों की स्थापना हुई।
40. 1938 ई. में किन प्रजामण्डलों की स्थापना हुई ?
**उत्तर** 1. मेवाड प्रजामण्डल 2. अलवर प्रजामण्डल 3. भरतपुर प्रजामण्डल
4. शाहपुरा प्रजामण्डल 5. धौलपुर प्रजामण्डल 6. करौली प्रजामण्डल

## लघुत्तरात्मक प्रश्न

01. भारत में क्रांतिकारी आंदोलन के शुरू होने के क्या कारण थे?
**उत्तर** भारत में क्रांतिकारी आंदोलन के शुरू होने के निम्न कारण थे–
1. लार्डकर्जन की प्रतिक्रियावादी नीति
2. 1905 में बंगाल का विभाजन करना
3. ब्रिटिश सरकार की दमनकारी नीति
4. उदारवादी आंदोलन की असफलता

02. किसान आंदोलनों के कारणों का उल्लेख कीजिए –
**उत्तर** किसान आंदोलनों के प्रमुख कारण थे–
1. ब्रिटिश सरकार की दोषपूर्ण प्रशासनिक भू–कर नीतियॉ
2. बार–बार लम्बे समय तक अकाल पडना



CBEO.BHINDER

3. जमीदारों, सामंतो द्वारा किसानों से अत्यधिक कर वसूलना
4. व्यापारियों, साहूकारों द्वारा चंगुल में फंसाकर झूठे दस्तावेज तैयार करवाकर किसानों का शोषण करना

03. इण्डियन लीग की स्थापना पर टिप्पणी लिखिए।

**उत्तर** बंगाल के कुछ विद्वानों एवं चिन्तको ने 1857 ई. में इण्डियन लीग की स्थापना की। उसका उद्देश्य भारतीयों में राष्ट्रवाद का भाव जगाना तथा राजनैतिक चेतना जागृत करना था। सार्वजनिक चेतना के द्वारा प्रारंभ होने वाला यह प्रथम राजनैतिक संगठन था।

04. बक्सर युद्ध भारतीयों के लिए घातक सिद्ध हुआ। स्पष्ट कीजिए।

**उत्तर** बक्सर युद्ध भारतीयों के लिए घातक सिद्ध हुआ क्योंकि इसके फलस्वरूप –

1. बंगाल पर अंग्रेजों का प्रभुत्व हो गया
2. अंग्रेजों को बंगाल, बिहार और उडीसा के दीवानी अधिकार प्राप्त हो गए।
3. भारत के उद्योगों तथा व्यापार को हानि हुई
4. भारत में ब्रिटिश शासन की नींव मजबूत हो गई।

05. खेडा किसान आंदोलन को स्पष्ट कीजिए।

**उत्तर** खेडा किसान आंदोलन– 1818 ई. की वसन्त ऋतु में फसलें नष्ट हो गई थी, भूमि कर नियमों में पूर्णतया छूट का स्पष्ट उल्लेख होने के बावजूद बम्बई सरकार भूमि–कर में छूट देने को तैयार नहीं थी। फलतः गांधी जी ने खेडा के किसानों को संगठित कर सत्याग्रह किया और सरकार को भूमि–कर में छूट देनी चाहिए।

06. इण्डियन एसोसियेशन के उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए।

**उत्तर** 1876 ई. में सुरेन्द्रनाथ बनर्जी ने कलकत्ता में इण्डियन एसोसिएशन की स्थापना की।इसके उद्देश्य थे–

1. भारत में स्पष्ट राजनैतिक विचार रखने वाले लोगों के दल का निर्माण करना
2. सभी जातियों व क्षेत्रों के लोगों को संगठित करना
3. भारत की सामान्य जनता को संगठित करना

07. जलियावाला बाग हत्याकांड पर टिप्पणी लिखिए।

**उत्तर** जलियावाला बाग हत्याकांडः– 13 अप्रैल 1919 को रोलेट एक्ट के विरोध में जलियावाला बाग में एक विशाल जनसभा आयोजित की गई जिसमें 20 हजार लोग एकत्रित हुए। जनरल डायर ने सिपाहियों को गोली चलाने का आदेश दिया जिससे 1000 लोग मारे गये।

08. इण्डियन नेशनल कांग्रेस के उद्देश्यों पर प्रकाश डालिए।

**उत्तर** इण्डियन नेशनल कांग्रेस के निम्नलिखित चार प्रमुख उद्देश्य थे–

1. राष्ट्र की उन्नति के लिए प्रयत्न में लगे लोगों को आपस में परिचित होने का अवसर देना।
2. आने वाले वर्षों के कार्यक्रम पर विचार करना
3. ब्रिटिश साम्राज्य के प्रति पूरी निष्ठा और भक्ति रखते हुए इंग्लैण्ड की संसद द्वारा तय किये गये जाने वाले भारत सरकार के कार्यों का विरोध करना।
4. अप्रत्यक्ष में यह संगठन भारतीय संसद का एक रूप ग्रहण करेगा तथा इस बात का उचित उत्तर देगा कि अंग्रेजों की यह सोच कि भारत के चुने हुए प्रतिनिधि शासन व्यवस्था करने की योग्यता नहीं रखते है।

09. रोलेक्ट एक्ट पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

**उत्तर** प्रथम विश्व युद्ध की समाप्ति के पश्चात् ब्रिटिश सरकार ने यह आश्वासन दिया कि भारतीयों को अधिकाधिक सुविधाएं दी जायेंगी। परन्तु युद्ध की समाप्ति के पश्चात् किये गए सुधार संतोषप्रद नही थे तथा



CBEOBHINDER

ब्रिटिश सरकार द्वारा अपनाई गई आर्थिक शोषण तथा दमनकारी नीतियों से भारतीयों में असन्तोष बढा। सरकार को भारतीयों के विद्रोह व षड्यन्त्र का भय था। अतः 19 मार्च 1919 को विधानमण्डल ने रोलेट एक्ट पास कर दिया। इस एक्ट के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति को सन्देह के आधार पर गिरफ्तार किया जा सकता था। उसे अपील, दलीली तथा वकील का कोई अधिकार नहीं था। इसे काला कानून कहा गया।

10. प्लासी के युद्ध के परिणामों का वर्णन कीजिए।

**उत्तर** 10. प्लासी के युद्ध में अंग्रेजों की विजय हुई।

2. अंग्रेजों ने मीर जाफर को बंगाल का नवाब बना दिया। जिससे बंगाल में अंग्रेजों की सर्वोच्चता स्थापित हो गई।
3. प्लासी की विजय के फलस्वरूप अंग्रेजी कम्पनी को मीर जाफर से अतुल धन प्राप्त हुआ।
4. अंग्रेजों को बंगाल में 24 परगनो की जागीर प्राप्त हुई।
5. कम्पनी को बंगाल, बिहार तथा उडीसा में कर–मुक्त व्यापार करने की स्वतन्त्रता प्राप्त हुई।

11. खिलाफत आन्दोलन पर टिप्पणी लिखिए।

**उत्तर** खिलाफत आन्दोलन भारतीय मुसलमानों द्वारा तुर्की के खलीफा के सम्मान की पुनर्स्थापना के लिए चलाया गया था। 19 अक्टूम्बर 1919 को सम्पूर्ण देश में खिलाफत दिवस मनाया गया। महात्मा गांधी ने खिलाफत आन्दोलन का समर्थन किया क्योंकि वे इसे हिन्दू–मुस्लिम एकता का प्रतीक मानते थे। उन्होने इसके विरोध में कैसर–ए–हिन्द की उपाधि को लौटा दिया। मार्च, 1920 में खिलाफत समिति ने असहयोग आन्दोलन की घोषणा कर दी। इस प्रकार खिलाफत आन्दोलन असहयोग आन्दोलन का एक अंग बन गया। परन्तु तुर्की के मुस्तफा कमल पाशा द्वारा खलीफा के पद को समाप्त कर दिया गया। इसके साथ ही खिलाफत का प्रश्न भी समाप्त हो गया।

12. बक्सर के युद्ध के कारणों का वर्णन कीजिए।

**उत्तर**

1. बंगाल के नवाब मीर कासिम द्वारा किये गए आर्थिक और प्रशासनिक सुधारों से अंग्रेज नाराज हो गए।
2. आर्थिक मामलों व विभिन्न सुविधाओं को लेकर मीर कासिम व अंग्रेजों के विरूद्ध मतभेद बढ़ते गये।
3. मीर कासिम द्वारा अपने सैन्य संगठन को सुदृढ करने से अंग्रेज नाराज हो गये।
4. मीर कासिम प्लासी की पराजय का बदला लेना चाहता था।
5. जब 1763 में मीर कासिम ने भारतीय व्यापारियों को भी अंग्रेजों के समान निःशुल्क व्यापार करने की अनुमति दे दी तो अंग्रेज बडे नाराज हुए।

   उपरोक्त कारणों से 22 अक्टुम्बर, 1764 को मीर कासिम, शुजाउद्दौला तथा शाह आलम द्वितीय की सम्मिलित सेनाओं तथा अंग्रेजों के बीच बक्सर का युद्ध हुआ।

13. राजस्थान में प्रजामण्डलों की स्थापना के क्या उद्देश्य थे?

**उत्तर** प्रजामण्डलों की स्थापनों के उद्देश्य थे–

1. देशी रियासतों में उत्तरदायी शासन की स्थापना
2. सामन्ती अत्याचारों व शोषण का विरोध
3. देशी रियासतों में राजनीतिक जागृति उत्पन्न करना,
4. देश में चल रहे राष्ट्रीय आन्दोलन को गति प्रदान करना।



CBEO, BHINDER

14. सन्यासी विद्रोह पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

**उत्तर** बंगाल में रहने वाले सन्यासी लोग कृषि करने के साथ–साथ धार्मिक यात्राएँ भी नियमित करते थे। बंगाल में 1769–70 ई. में भीषण अकाल पडने पर कम्पनी के अधिकारियों ने लोगों से कठोरतापुर्वक कर वसूलना शुरू किया। तीर्थ स्थानों पर आने–जाने पर प्रतिबन्ध लगाने से भी सन्यासी नाराज थे। इन लोगों में अन्याय के विरूद्ध संघर्ष करने की परम्परा भी रही थी। अतः उन्होंने जनता के साथ मिलकर कम्पनी की कोठियों तथा कोषों पर आक्रमण कर उन्हें लूट लिया। यद्यपि इन्होंने कम्पनी के सैनिकों का वीरतापूर्वक मुकाबला किया, परन्तु वारेन हंस्टिंग्ज ने एक लम्बे अभियान के बाद इस विद्रोह का दमन कर दिया।

15. संथाल विद्रोह पर एक टिप्पणी लिखिए।

**उत्तर** 1855–56 ई. के विद्रोह संथाल विद्रोह ब्रिटिश शासक के विरूद्ध महत्वपूर्ण जन विद्रोह था। संथालों का विद्रोह वीरभूमि, बांकुरा, सिंहभूमि, हजारी बाग, भागलपुर तथा मुंगेर के इलाकों में फैला हुआ था। इस विद्रोह के कारण थे–

1. भुमिकर अधिकारियों द्वारा संथालों के साथ दुर्व्यवहार करना,
2. पुलिस की दमनकारी नीति,
3. जमींदारों तथा साहूकारों द्वारा धन जबरदस्ती वसूलना। इस विद्रोह के नेता दो भाई सिन्धु तथा कान्हू थे जिन्होंने कम्पनी के शासन का अन्त करने की घोषणा कर अपने आपको स्वतन्त्र घोषित कर दिया। अन्त में अंग्रेजों द्वारा की गई सैनिक कार्यवाही के बाद 1856 ई. में संथालो का विद्रोह दबा दिया गया तथा सरकार को स्वतन्त्र पृथक संथाल परगना बनना पडा।

16. 1857 के स्वतन्त्रता संघर्ष का स्वरूप निर्धारित कीजिए।

**उत्तर**

1. अंग्रेज एवं यूरोपीय इतिहासकार इसे सैनिको के विद्रोह की संज्ञा देते है।
2. कुछ यूरोपीय विद्वानों के अनुसार यह सामन्तों की प्रतिक्रिया थी।
3. कुछ अंग्रेज विद्वानों के अनुसार यह मुस्लिम षडयन्त्र का परिणाम था।
4. भारतीय इतिहासकारों व विद्वानों के अनुसार यह भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम था।

17. बिजौलिया किसान आन्दोलन के शुरू करने के क्या कारण थे?

**उत्तर** बिजौलिया किसान आन्दोलन शुरू करने के ये कारण थे–

1. बिजौलिया के किसानों पर 84 प्रकार की लाग–बागे लगी हुई थी।
2. उनसे बेगार ली जाती थी।

18. राजस्थान के किसान आंदोलनो पर प्रकाश डालिये।

**उत्तर** 20 वी सदी में हुए राजस्थान के प्रमुख किसान आंदोलन अग्रलिखित है–

1. बिजौलिया किसान आंदोलनः– बिजौलिया के जागीरदार किशन सिंह ने किसानों पर 84 प्रकार की लाग बागे लगा दी थी। 1903 ई. में किसानों पर चंवरी कर लगा दिया था। 1906 ई. में जागीरदार ने तलवार बंधाई कर लगा दिया परिणामस्वरूप बिजौलिया के किसानों ने विजयसिंह पथिक के नेतृत्व में आन्दोलन किया। अन्त में 1922 ई. में सरकार ने किसानों की 35 लागतों को माफ कर दिया।
2. बेगू किसान आंदोलनः–बिजौलिया किसान आंदोलन से प्रेरित होकर 1921 ई. में बेगूँ के किसानों ने भी विभिन्न लागतो, लगान की ऊँची दरों व जागीरदार के अत्याचारों के विरोध में आंदोलन कर

CBEO BHINDER

दिया। दो वर्ष के संघर्ष के बेगूँ के जागीरदार ने किसानों की माँगों को स्वीकार करते हुए उनसे समझौता कर लिया।

3. बरड किसान आंदोलनः— बरड के किसानों ने भी अनेक प्रकार की लागतों, लगान की ऊँची दरो बेगार आदि के विरूद्ध सन् 1922 में आंदोलन कर दिया। 1923 ई. में डाबी गाँव में किसानों की सभा में पुलिस की गोलियों से दो किसान मारे गये। 1927 के बाद यह आंदोलन समाप्त हो गया।
4. नीमूचणा किसान आंदोलन— 1925 ई. को भू—राजस्व के नाम पर होने वाली लूट के विरूद्ध नीमूचणा में किसान एकत्रित हुए, लेकिन राज्य सरकार की सेना ने उन पर गोलियों की बौछार कर दी जिसमें 36 किसान मारे गए।

19. 1857 के स्वतन्त्रता संघर्ष में नाना साहब की भूमिका का वर्णन कीजिए।

**उत्तर** 5 जून 1857 को क्रान्तिकारियों ने कानपुर पर अधिकार कर लिया और नाना साहिब को पेशवा घोषित कर दिया। जनरल सर हूव्हीलर ने 27 जून 1857 को आत्मसमर्पण कर दिया। कुछ अंग्रेज पुरूषों और महिलाओं की हत्या कर दी गई। पेशवा नाना साहब का साथ तांत्या टोपे ने दिया। 6 दिसम्बर 1857 को सर कैम्पवेल ने कानपुर पर पुनः अधिकार कर लिया। तात्या टोपे भाग निकले और झाँसी चले गए।

20. बिहार में जगदीशपुर के जमींदार कुंवर सिंह के नेतृत्व में संचालित 1857 ई. के स्वतन्त्रता युद्ध का वर्णन कीजिए।

**उत्तर** बिहार में 1857 ई. के स्वतन्त्रता संघर्ष का नैतृत्व जगदीशपुर के जमींदार 80 वर्षीय कुंवर सिंह ने किया। उसने आरा जिले व आस—पास के क्षेत्रों में अंग्रेजी राज्य को उखाड फेंका। कुँवर सिंह ने अंग्रेज सेनापति मिलमेन, कर्नल डेक्स, लार्ड मार्क और मेजर डालस को पराजित किया। कुंवर सिंह ने 22 अप्रैल 1858 को पुनः अपनी रियासत जगदीशपुर पर अधिकार कर लिया। 26 अप्रैल 1858 को कुँवर सिंह का देहान्त हो गया।

CBEO,BHINDER

## पाठ – 4

## विश्व का इतिहास (औद्योगिक क्रांति)

### अति लघुत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न.1. सर्वप्रथम औद्योगिक क्रांति की शुरुआत कहाँ से हुई थी ?
उत्तर. इंग्लैण्ड से।
प्रश्न.2. ' लेक्चर्स ऑन इण्डस्ट्रियल रिवोल्यूशन ' पुस्तक का लेखक कौन है ?
उत्तर. अर्नोल्ड टॉयनवी
प्रश्न.3. बीज बोने की मशीन ' सीड ड्रील ' किसने किया ?
उत्तर. जेथ्रोटल ने
प्रश्न.4. ' फ्लाईंग शटल लूम ' का आविष्कार किसने किया ?
उत्तर. जॉन के
प्रश्न.5. 'स्पींनीग जैनी' कताई मशीन का आविष्कार किसने किया ?
उत्तर. जेम्स हरग्रीब्स ने
प्रश्न.6. 'वाटर फ्रेम' का आविष्कार किसने किया ?
उत्तर. रिचर्ड आर्कराइट ने
प्रश्न.7. 'पावर लूम' का आविष्कार किसने किया ?
उत्तर. एडमड कार्टराइट ने
प्रश्न.8. ' धमनी भट्टी ' का आविष्कार किसने किया ?
उत्तर. अब्राहम डर्बी द्वारा
प्रश्न.9. ' अलोडन भट्टी ' का आविष्कार किसने किया ?
उत्तर. हेनरी कोर्ट ने
प्रश्न.10. ' वर्सली कैनाल ' का निर्माण किसने करवाया ?
उत्तर. जैम्स ब्रिदली ने
प्रश्न.11. भाप के इंजन ' रॉकेट ' का आविष्कार किसने किया ?
उत्तर. जॉर्ज स्टीफेन द्वारा
प्रश्न.12. विश्व में प्रथम रेलगाड़ी किन शहरों के बीच चली थी ?
उत्तर. 1830 ई. में प्रथम रेलगाड़ी मैनचेस्टर एवं लीवरपूल के बीच चली थी
प्रश्न.13. तारयंत्र का आविष्कार किसने किया ?
उत्तर. सैम्यूअल मॉर्स ने
प्रश्न.14. टेलीफोन का आविष्कार किसने किया ?
उत्तर. ग्राहम बेल ने

### लधुत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न.1. औद्योगिक क्रांति इंग्लैण्ड से प्रारम्भ क्यों हुई ? कोई चार कारण लिखिए।



CBEO,BHINDER

उत्तर. 1. इंग्लैण्ड का विस्तृत औपनिवेशिक साम्राज्य।

2. लोहे एवं कोयले की खाने पास–पास होना।

3. फ्रांसिसी क्रांति एवं युद्ध।

4. पूंजी की उपलब्धता।

प्रश्न.2. औद्योगिक क्रांति से होने वाले कोई चार परिवर्तन लिखिए ?

उत्तर. 1. उत्पादन के लिए जो कार्य पहले हाथ से किए जाते थे वे अब शक्ति चालित यंत्रों से किए जाने लगे।

2. कृषि में मशीनों के उपयोग से छोटे–छोटे खेत बड़े कृषि फार्मों में बदल गए।

3. पूंजी के उपयोग से बैंकिंग पद्धति का विकास।

4. वाष्प चालित इंजन एवं यंत्रचालित जहाजों के कारण यातायात में आमूलचूल परिवर्तन।

प्रश्न.3. कृषि क्षेत्र में औद्योगिक क्रांति के समय हुए किन्हीं चार आविष्कार लिखिए ?

उत्तर. 1. सीड ड्रील – जेथ्रोटल द्वारा

2. फसल चक्र का सिद्धान्त – टाउनशेड द्वारा

3. थ्रेसर – हिटन द्वारा

4. फसल काटने की मशीन – साइरस द्वारा

प्रश्न.4. औद्योगिक क्रांति के परिणाम लिखिए।

उत्तर. औद्योगिक क्रांति के परिणामों को चार भागों में बांटा जा सकता है –

1. **आर्थिक परिणाम** – उत्पादन एवं वाणिज्य में असन्तुलित वृद्धि होने के से आर्थिक असन्तुलन बिगड़ा। कुटीर उद्योग का विनाश एवं औद्योगिक पूंजीवाद का विकास।
2. **राजनैतिक परिणाम** – औपनिवेशिक स्पर्धा की शुरूआत हुई तथा श्रमिक संगठन का उदय हुआ
3. **सामाजिक परिणाम** – नये सामाजिक वर्ग का उदय नैतिक मूल्यों में गिरावट तथा संयुक्त परिवार प्रथा में बिखराव हुआ।
4. **वैचारिक परिणाम** – आर्थिक उदारवाद एवं समाजवाद का उदय हुआ।

# पाठ–5 लोकतंत्र

उत्तर– **"जनता की शक्ति"** पर आधारित शासन तंत्र।

**प्रश्न 2 लोकतंत्र के किन्ही दो रूपों के नाम बताइए?**

उत्तर– (1) राजनीतिक लोकतंत्र (2) सामाजिक लोकतंत्र

**प्रश्न 3 राजनीतिक लोकतंत्र के प्रारम्भिक स्वरूप की शुरूआत कहां हुई?**

उत्तर– पश्चिमी देशों में।

**प्रश्न 4 आधुनिक युग में प्रतिनिधि लोकतंत्र के कितने रूप प्रचलित है?**

उत्तर– (1) संसदीय लोकतंत्र (2) अध्यक्षात्मक लोकतंत्र

**प्रश्न 5 आर्थिक लोकतंत्र के दो प्रकार बताइये?**

उत्तर– (1) मार्क्सवादी आर्थिक लोकतंत्र (2) उदारवादी आ़र्थिक लोकतंत्र

**प्रश्न 6 "लोकतंत्र वह शासन व्यवस्था है, जिसमें राष्ट्र का अधिकांश भाग शासक होता है" लोकतंत्र पर आधारित यह परिभाषा किस विचारक ने दी?**

उत्तर प्रो. डायसी ने।



CBEO, BHINDER

**प्रश्न 7 अध्यक्षात्मक शासन व्यवस्था का आदर्श स्वरूप किस देश में देखने को मिलता है?**
उत्तर– अमेरिका में।
**प्रश्न 8 "लोकतंत्र जनता का, जनता के लिए तथा जनता के द्वारा किया जाने वाला शासन है।" यह कथन किस विद्वान का है?**
उत्तर अब्राहम लिंकन।
**प्रश्न 9 नैतिक लोकतंत्र में किन बातों पर बल दिया जाता है?**
उत्तर नैतिक लोकतंत्र में व्यक्ति की गरिमा, स्वतंत्रता, समानता एवं भाईचारे की भावना पर बल दिया जाता है।
**प्रश्न 10 राजनीतिक लोकतंत्र को मार्क्सवादियों ने क्या कहना पसंद किया है?**
उत्तर – पूंजीवादी लोकतंत्र।
**प्रश्न 11 राजनीतिक लोकतंत्र से क्या आशय है?**
उत्तर– राजनीतिक लोकतंत्र की अवधारणा से आशय है कि राजनीतिक प्रभुसत्ता (जनता की सम्प्रभुता) द्वारा कानूनी प्रभुसत्ता पर नियत्रंण होना चाहिए।
**प्रश्न 12 लोकतंत्र के मार्क्सवादी स्वरूप को मार्क्सवादियों ने क्या कहना पसंद किया है?**
उत्तर– जनवादी लोकतंत्र।
**प्रश्न 13 प्रत्यक्ष लोकतंत्र किसे कहा जाता है?**
उत्तर– वह शासन व्यवस्था जिसमें जनता स्वयं प्रत्यक्ष रूप से राज्य की प्रभुत्व शक्ति का प्रयोग करती हो।
**प्रश्न 14 लोकतंत्रीय शासन व्यवस्था के कोई दो दोष लिखिये?**
उत्तर– (1) बुद्धिजीवी वर्ग की उदासीनता (2) सार्वजनिक धन व समय का अपव्यय
**प्रश्न 15 लोकतंत्र की सफलता के लिए आवश्यक शर्तें लिखिए?**
उत्तर– (1) समाज में शांति व्यवस्था का होना। (2) सुदृढ़ अर्थव्यवस्था का होना।
**प्रश्न 16 "लोकतंत्र देशभक्ति की भावना को बढ़ाता है।" यह कथन किसका है?**
उत्तर– जे. एस. मिल।
**प्रश्न 17 आर्थिक लोकतंत्र के प्रकार बताइए?**
उत्तर– (1) मार्क्सवादी आर्थिक लोकतंत्र (2) उदारवादी आर्थिक लोकतंत्र
**प्रश्न 18 प्राचीनकाल में प्रत्यक्ष लोकतंत्र कहाँ पाया जाता था?**
उत्तर– प्राचीन यूनानी नगर राज्यों में।
**प्रश्न 19 प्रजातंत्र का क्या अर्थ है?**
उत्तर– प्रजातंत्र लोकतंत्र का ही पर्याय है, जिसका अर्थ होता है "जनता का शासन"।
**प्रश्न 20 लोकतंत्र की सफलता का श्रेष्ठ परिमापन का माध्यम क्या है?**
उत्तर– जन कल्याण का परिमापन।
**लोकतंत्र (लघुत्तरात्मक)**
**प्रश्न 1 'Democracy' शब्द ग्रीक भाषा के किन शब्दों के संयोग से बना है और उसका प्रचलित व स्वीकृत अर्थ क्या है?**
उत्तर– अंग्रेजी शब्द "Democracy" शब्द ग्रीक भाषा के दो शब्दों 'Demos' तथा 'Kratia' के संयोग से बना है। आधुनिक काल में 'Demos' का प्रचलित अर्थ "जनता" व 'Kratia' का अर्थ "शक्ति" है। इस प्रकार शब्दार्थ की दृष्टि से डेमोक्रेसी का अर्थ है – "जनता की शक्ति"।

इस शब्दार्थ के अनुसार शासन प्रणाली के एक रूप में उसका प्रचलित व स्वीकृत अर्थ है– जनता की शक्ति पर आधारित शासन तंत्र।
**प्रश्न 2 लोकतांत्रिक शासन प्रणाली के दो प्रमुख भेद कौनसे है?**
उत्तर– (1) प्रत्यक्ष लोकतंत्र–प्रत्यक्ष लोकतंत्र के अन्तर्गत जनता स्वयं प्रत्यक्ष रूप से राज्य की प्रभुत्व शक्ति का प्रयोग करती है।

CBEO,BHINDER

(2) अप्रत्यक्ष लोकतंत्र– अप्रत्यक्ष या प्रतिनिधी लोकतंत्र के अन्तर्गत जनता स्वयं प्रत्यक्ष रूप से शासन की शक्ति का प्रयोग नहीं करती है। वह इसका प्रयोग अपने उन प्रतिनिधियों के माध्यम से करती है, जिन्हें वह समय–समय पर चुनती है।

**प्रश्न 3 लोकतंत्र के तीन गुणों को बताइये?**

उत्तर– (1) सार्वजनिक हित में वृद्धि– लोकतांत्रिक शासन जनता के प्रति उत्तरदायी होता है और इस कारण सार्वजनिक हित में वृद्धि करने के कार्यों में रूचि लेता है।

(2) कार्यकुशल शासन – लोकतंत्रीय शासन में जनमत, जनसहयोग तथा जनता के प्रति शासन के उत्तरदायी होने के कारण व्यवस्था में कुशलता बनी रहती है।

(3) सार्वजनिक शिक्षा का साधन– लोकतंत्रीय शासन सार्वजनिक शिक्षा का महत्वपूर्ण साधन है।

**प्रश्न 4 "सामाजिक लोकतंत्र" का क्या अर्थ है?**

उत्तर– सामाजिक लोकतंत्र का अर्थ है– समाज में नस्ल, रंग, जाति, भाषा, धर्म, लिंग, जन्मस्थान आदि के आधार पर व्यक्तियों के बीच विभेद नहीं किया जाना चाहिए और सभी व्यक्तियों को शासन द्वारा समान समझा जाना चाहिए।

**प्रश्न 5 लोकतंत्र के नैतिक स्वरूप को समझाइये?**

उत्तर– नैतिक लोकतंत्र– नैतिक लोकतंत्र वह लोकतंत्र है, जिसमे मानवीय मूल्यों को ही समाज व शासन का मूल–आधार माना जाता है। यह व्यक्ति की गरिमा, स्वतंत्रता, समानता एवं भाई–चारे की भावना पर बल देता है।

**प्रश्न 6 लोकतांत्रिक शासन प्रणाली के किन्ही दो अवगुणों को बताइये?**

उत्तर– (1) बुद्धिजीवी वर्ग की उदासीनता– लोकतंत्र में अधिकत्तर बुद्धिजीवी वर्ग की उदासीनता होती है, क्योंकि इसमें गुणों की अपेक्षा संख्या बल को अधिक महत्व दिया जाता है।

(2) सार्वजनिक धन व समय का अपव्यय– लोकतंत्र में नीतियों के निर्धारण में तथा कानून के निर्माण में अत्यधिक धन व्यय होता है। साथ ही समय की भी बर्बादी होती है।

**प्रश्न 7 भारतीय लोकतंत्र के रास्ते में आने वाली तीन बाधाओं को बताइये?**

उत्तर–(1) साम्प्रदायिकता– भारत में लोकतंत्र के संचालन में साम्प्रदायिकता एक प्रमुख बाधा है, इसके अन्तर्गत राजनीति में धार्मिक विद्वेष बढ़ता है, जो राष्ट्र की एकता के मार्ग में बाधक होती है।

(2) जातिवाद– राजनेता चुनाव में जातिवाद फैलाकर राष्ट्र की एकता व विकास में बाधा पैदा करते है।

(3) भ्रष्टाचार– भारत में लोकतंत्र के संचालन में भ्रष्टाचार एक महत्वपूर्ण अवरोध है।

**प्रश्न 8 राज्य के एक प्रकार के रूप में लोकतंत्र से क्या आशय है?**

उत्तर– लोकतांत्रिक राज्य की अवधारणा यह मानती है कि प्रभुसत्ता का निवास जनता में होता है, और इसलिए जनता को सरकार के निर्माण, उसके नियंत्रण तथा उसको पद मुक्त करने की पूर्ण व अंतिम शक्ति भी प्राप्त होनी चाहिए।

**प्रश्न 9 वर्तमान परिपेक्ष में प्रत्यक्ष लोकतंत्र प्रणाली को लागू करना क्यों सम्भव नहीं है?**

उत्तर–प्रत्यक्ष लोकतांत्रिक शासन की व्यवस्था केवल छोटे तथा कम जनसंख्या वाले राज्यों में ही सम्भव है। लेकिन वर्तमान काल में अधिकांश राज्य आकार एवं जनसंख्या की दृष्टि से बडे राज्य है, और इसलिए उनमें इस प्रणाली को लागू करना संभव नहीं है। इसलिए वर्तमान यह व्यवस्था स्विजरलैण्ड के पांच कैण्टनों में ही पायी जाती है।

**प्रश्न 10 प्रत्यक्ष लोकतंत्र पर टिप्पणी लिखिए?**

उत्तर– प्रत्यक्ष लोकतंत्र वह है जिसमें जनता स्वयं प्रत्यक्ष रूप से राज्य की प्रभुत्व शक्ति का पूर्ण प्रयोग करती है। वह नीतिगत फैसले लेती है, कानून बनाती है तथा प्रशासनिक अधिकारियों की नियुक्ति करती है व उन्हें पद मुक्त भी कर सकती है।

**प्रश्न 11"लोकतांत्रिक शासन" की तीन विशेषताओं को लिखिये।**

उत्तर– (1) यह उदारवादी संविधान में विश्वास करता है।



CBSEJINDER

(2) यह लोक–प्रभुत्व में विश्वास करता है।(3) यह साधन है, साध्य नहीं।

**प्रश्न 12 सामाजिक लोकतंत्र की स्थापना के लिए किन दशाओं का होना आवश्यक है?**

उत्तर– (1) विशेषाधिकारों का अन्त– सामाजिक लोकतंत्र सामाजिक समानता पर जोर देता है। इसके अनुसार सभी व्यक्तियों को समाज में समान महत्व प्राप्त होना चाहिए। इसके लिए आवश्यक है कि धर्म, जाति, नस्ल, भाषा, लिंग आदि के आधार पर समाज में मौजूद विशेषाधिकारों की व्यवस्था का अन्त किया जाए।

(2) समान अवसर– सामाजिक लोकतंत्र के लिए आवश्यक है, कि सभी व्यक्तियों को सामाजिक प्रगति के समान अवसर प्रदान किये जाए।

**प्रश्न 13 लोकतंत्र का महत्व बताइये।**

उत्तर–(1) सार्वजनिक हित में वृद्धि– लोकतांत्रिक शासन का संचालन जनता के प्रतिनिधियों द्वारा किया जाता है, जो अपने शासन कार्यों के लिए जनता के प्रति उत्तरदायी होता है।

(2) कार्यकुशल शासन– लोकतांत्रिक शासन में नीतियों का निर्माण तथा उनका क्रियान्वयन जनमत व जन–सहयोग से किया जाता है। इस कारण लोकतांत्रिक शासन सर्वाधिक कार्यकुशल शासन माना जाता है।

(3) समानता व संविधानवाद पर आधारित – लोकतंत्र सभी व्यक्तियों के लिए विधि की समानता तथा विधि(कानून) के समान सरंक्षण में विश्वास करता है।

**प्रश्न 14 प्रतिनिधि लोकतंत्र के उदारवादी स्वरूप की प्रमुख विशेषताए बताइये?**

उत्तर–(1) सीमित शासन– उदारवादी प्रतिनिधि लोकतांत्रिक शासन के गठन में सीमित शासन के सिद्धान्त का पालन किया जाता है।

(2) शक्ति का आधार जन–इच्छा–उदारवादी लोकतांत्रिक सरकार की शक्ति का आधार जनता की इच्छा है। अतः सरकार राजनीतिक सत्ता की मात्र ट्रस्टी होती है।

(3) नागरिक स्वतंत्रताएँ व अधिकार– शासन के इस स्वरूप में नागरिकों को स्वतंत्रताएँ व अधिकार प्राप्त होते है तथा इनकी रक्षा के लिए स्वतंत्र व निष्पक्ष न्यायपालिका की व्यवस्था भी होती है।

**प्रश्न 15 लोकतंत्र के विभिन्न प्रकार कौन–कौन से हैं?**

उत्तर– (1) सामाजिक लोकतंत्र (2) राजनीतिक लोकतंत्र
(3) आर्थिक लोकतंत्र (4) नैतिक लोकतंत्र

**प्रश्न 16 "लोकतांत्रिक स्वतंत्रता व समानता भ्रमपूर्ण है" बताइये।**

उत्तर– लोकतांत्रिक स्वतंत्रता व समानता भ्रामक है क्योकि लोकतंत्र व्यक्तियों को राजनीतिक स्वतंत्रता व समानता प्रदान करता है किन्तु यह व्यक्तियों को आर्थिक स्वतंत्रता व समानता प्रदान नहीं करता है। आर्थिक स्वतंत्रता व समानता के अभाव में व्यक्ति की राजनीति स्वतंत्रता व समानता भी अर्थहीन हो जाती है।

लोकतंत्र में चुनावों में धनिक खडे होते है और वे अपने धन की शक्ति और प्रभाव से चुने जाते है। जब व्यवस्थापिका के अधिकांश व्यक्ति धनवान होते है, तो वे कानून भी ऐसे ही बनाते है, जो धनिक वर्ग के हितार्थ हो।

**प्रश्न 17 "लोकतंत्र एक अनुत्तरदायी शासन प्रणाली है" सिद्ध कीजिए।**

उत्तर– सिद्धान्तः लोकतंत्र को जनता के प्रति उत्तरदायी शासन बताया जाता है, परन्तु व्यवहारिक रूप से लोकतंत्र अनुत्तरदायी दिखायी देता है। लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था में असफलताओं की जिम्मेदारी कोई भी पक्ष अपने ऊपर नहीं लेता है। जब भी कोई बडी असफलता मिलती है, तो सरकार अपने विरोधी दल के आंदोलन को असफलता के लिए उत्तरदायी बताती है और विपक्ष स्वयं सरकारी नीतियों को असफलताओं के लिए दोषी बताते है ।

इस कारण आलोचकों ने इसे अनुत्तरदायी शासन माना है।

**प्रश्न 18 लोकतंत्र की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।**

उत्तर– 1. जनता का शासन
2. जनता के प्रति उत्तरदायी शासन

CBEO RHINDER

3. लोकतंत्र विकासशील शासन है।
4. लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था साधन है, साध्य नहीं
5. सत्ता का विकेन्द्रीकरण 6. जनहित / जनकल्याण पर आधारित शासन।

# पाठ–6 केन्द्र सरकार

## अति लघुत्तरात्मक प्रश्न

**प्रश्न 1 राज्य सभा का पदेन सभापति कौन होता है?**
उत्तर– उपराष्ट्रपति।
**प्रश्न 2 प्रधानमंत्री की नियुक्ति कौन करता है?**
उत्तर– राष्ट्रपति।
**प्रश्न 3 केन्द्रीय मंत्रीमण्डल की अध्यक्षता कौन करता है?**
उत्तर– प्रधानमंत्री।
**प्रश्न 4 भारतीय राष्ट्रपति का चुनाव किस पद्धति के आधार पर होता है?**
उत्तर– एकल संक्रमणीय आनुपातिक मत पद्धति के आधार पर होता है।
**प्रश्न 5 उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश अधिकतम किस आयु वर्ष तक पद पर बने रह सकते हैं?**
उत्तर– 65 वर्ष।
**प्रश्न 6 संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों की रक्षा का दायित्व किसका है?**
उत्तर– न्यायपालिका का।
**प्रश्न 7 भारत के सबसे अधिक समय तक प्रधानमंत्री पद पर रहने वाले व्यक्ति कौन थे?**
उत्तर– पं॰ जवाहर लाल नेहरू।
**प्रश्न 8 सरकार के तीनों प्रमुख अंगों के नाम लिखिये।**
उत्तर– 1. व्यवस्थापिका
2. कार्यपालिका 3. न्यायपालिका
**प्रश्न 9 भारतीय संसद के कितने अंग हैं?**
उत्तर– तीन अंग :–
1. राष्ट्रपति 2. राज्यसभा 3. लोकसभा
**प्रश्न 10 राज्य सभा सदस्यों का कार्यकाल कितने वर्ष का है?**
उत्तर– 6 वर्ष।
**प्रश्न 11 स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति कौन थे?**
उत्तर– डॉ. राजेन्द्र प्रसाद।
**प्रश्न 12 लोक सभा सदस्यों का निर्वाचन किस आधार पर होता है?**
उत्तर– लोकसभा के सदस्यों का निर्वाचन जनता द्वारा प्रत्यक्ष रूप से वयस्क मताधिकार के आधार पर होता है।
**प्रश्न 13. लोकसभा का नेता कौन होता है?**
उत्तर– प्रधानमंत्री लोकसभा का नेता होता है।

CBEO BHINDER

**प्रश्न 14 वह कौनसा विवाद था, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रपति को परामर्श देने से इन्कार कर दिया था?**
उत्तर– राम मंदिर बनाम बाबरी मस्जिद (अयोध्या विवाद)।
**प्रश्न 15 नीति आयोग का अध्यक्ष कौन होता है?**
उत्तर– पदेन प्रधानमंत्री।
**प्रश्न 16 भारतीय संसद के किस सदन को लोकप्रिय सदन के रूप में भी जाना जाता है?**
उत्तर– लोकसभा को निम्न सदन या लोक प्रिय सदन के रूप में भी जाना जाता है।
**प्रश्न 17 धन विधेयक किस सदन में प्रस्तुत किया जाता है?**
उत्तर– लोकसभा में।
**प्रश्न 18 लोकसभा सदस्य बनने के लिए न्यूनतम आयु क्या निर्धारित है?**
उत्तर– न्यूनतम 25 वर्ष।
**प्रश्न 19 भारतीय राष्ट्रपति संसद में कितने सदस्यों को अधिकतम मनोनित कर सकता है?**
उत्तर– 14 सदस्य (12+2)
**प्रश्न 20 राष्ट्रपति को किस प्रकार हटाया जा सकता है?**
उत्तर– महाभियोग प्रक्रिया द्वारा (अनुच्छेद 61)
**प्रश्न 21 राष्ट्रपति के निर्वाचक मण्डल का निर्माण किस प्रकार होता है?**
उत्तर– निर्वाचक मण्डल में संसद के दोनों सदनों के निर्वाचित सदस्य और राज्यों की विधानसभाओं के निर्वाचित सदस्य एवं दिल्ली व पाण्डिचेरी विधानसभाओं के निर्वाचित सदस्य।
**प्रश्न 22 राज्यसभा का सदस्य बनने के लिए उम्मीदवार की आयु कितनी होनी चाहिए?**
उत्तर– न्यूनतम 30 वर्ष।
**प्रश्न 23 राष्ट्रपति के पद पर निर्वाचित होने हेतु आवश्यक किन्हीं दो योग्यताओं का उल्लेख कीजिए।**
उत्तर– 1. वह भारत का नागरिक हो।
2. वह न्यूनतम 35 वर्ष आयु पूर्ण कर चुका हो।
**प्रश्न 24 राष्ट्रपति वित्तीय संकट की घोषणा किस अनुच्छेद के तहत कर सकता है?**
उत्तर– अनुच्छेद 360 के तहत।
**प्रश्न 25 सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश व अन्य न्यायधीशों की नियुक्ति कौन करता है?**
उत्तर– राष्ट्रपति।
**प्रश्न 26 भारतीय संसद का संयुक्त अधिवेशन कौन बुलाता है?**
उत्तर– राष्ट्रपति।
**प्रश्न 27 संविधान के किस अनुच्छेद में प्रधानमंत्री पद का उल्लेख है?**
उत्तर– अनुच्छेद – 74
**प्रश्न 28 वर्तमान में लोकसभा की सदस्य संख्या कितनी है?**
उत्तर– 545
**प्रश्न 29 लोकसभा के बहुमत दल का नेता कौन होता है?**
उत्तर– प्रधानमंत्री।
**प्रश्न 30 लोकसभा का सामान्य कार्यकाल कितना होता है?**
उत्तर– 5 वर्ष।

## केन्द्र सरकार (लघुत्तरात्मक प्रश्न)

**प्रश्न 1 राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार में कौन–कौन सी योग्यताएँ आवश्यक हैं?**
उत्तर– 1. वह भारत का नागरिक हो।
2. वह 35 वर्ष की आयु पूरी कर चुका हो।
3. वह लोकसभा का सदस्य निर्वाचित होने की योग्यता रखता हो।
4. वह सरकार के किसी लाभ के पद पर न हो।

CBEO BHINDER

5. वह पागल, दिवालिया घोषित न हो।

**प्रश्न 2 संविधान के किन–किन अनुच्छेदों के तहत राष्ट्रपति आपातकाल की घोषणा कर सकता है?**

उत्तर– राष्ट्रपति संविधान के अनुच्छेद 352 , अनुच्छेद 356 तथा अनुच्छेद 360 के अन्तर्गत आपातकाल की घोषणा कर सकता है। राष्ट्रपति अनुच्छेद 352 के अन्तर्गत युद्ध , बाहरी आक्रमण या सशस्त्र विद्रोह की स्थिति से संबंधित संकटकालीन स्थिति से निपटने के लिए तथा अनुच्छेद 356 के अन्तर्गत राज्यों में संवैधानिक तंत्र के विफल होने से उत्पन्न संकटकालीन स्थिति से निपटने के लिए एवं अनुच्छेद 360 के अन्तर्गत वित्तीय संकट की स्थिति में आपातकाल की घोषणा कर सकता है।

**प्रश्न 3 न्यायिक पुनरावलोकन की उपयोगिता स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर– संविधान के अनुच्छेद 13 व 32 में न्यायपालिका को न्यायिक पुनरावलोकन की शक्ति प्राप्त है, जिसके तहत यदि व्यवस्थापिका ऐसे किसी कानून का निर्माण करती है जो संविधान के दायरे का उल्लंघन करता हो तो न्यायपालिका उसे अवैध घोषित कर सकती है।

**प्रश्न 4 सरकार को परिभाषित कीजिए।**

उत्तर– सरकार को गार्नर ने परिभाषित करते हुए लिखा है कि "सरकार वह मशीन/ अभिकरण है, जिसके द्वारा राज्य की नीतियाँ निर्धारित की जाती है, सामान्य मामलों को नियमित किया जाता है तथा सामान्य हितों को उन्नत किया जाता है।

**प्रश्न 5 सरकार की प्रमुख विशेषताएँ बताइये।**

उत्तर– 1. सरकार राज्य का अनिवार्य तत्व है।
2. सरकार अमुर्त राज्य को मूर्त रूप प्रदान करती है।
3. यह (सरकार) राज्य की इच्छाओं को कानून के रूप में अभिव्यक्त करती है।
4. यह कानूनों का उल्लंघन करने वालों को दण्डित करती है।

**प्रश्न 6 राज्यसभा सदस्यों की निर्वाचन पद्धति को स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर–राज्यसभा सदस्यों का चुनाव अप्रत्यक्ष रूप से होता है। इन सदस्यों का चुनाव आनुपातिक प्रतिनिधित्व एकल संक्रमणीय मत पद्धति के अनुसार विभिन्न राज्यों एवं संघीय क्षेत्रों की विधानसभाओं के सदस्यों द्वारा किया जात है।

**प्रश्न 7 राष्ट्रपति की सामान्यकालीन शक्तियों को लिखिए।**

उत्तर– 1. कार्यपालिका संबंधी शक्तियाँ
2. विधायी शक्तियाँ
3. वित्तीय शक्तियाँ
4. न्यायिक शक्तियाँ

**प्रश्न 8 संसद के प्रमुख कार्य व शक्तियों को बताइये।**

उत्तर– 1. विधायी शक्तियां
2. संविधान – संविधान की शक्ति
3. वित्तीय शक्तियां
4. प्रशासनिक शक्तियां
5. निर्वाचन संबंधी शक्तियां

**प्रश्न 9 राष्ट्रपति को किस प्रक्रिया के आधार पर उसके पद से हटाया जा सकता है?**

उत्तर– भारतीय संविधान के अनुच्छेद 61 के अनुसार राष्ट्रपति द्वारा संविधान विरोधी कार्यवाही करने पर उसे संविधान में दी गई पद्धति के अनुसार महाभियोग लगाकर राष्ट्रपति को पद से हटाया जा सकता है।

महाभियोग प्रस्ताव संसद के किसी भी सदन में लाया जा सकता है। प्रस्ताव का प्रत्येक सदन से 2/3 बहुमत से पारित होना आवश्यक होता है। दूसरे सदन से पारित होने की तिथि से राष्ट्रपति को पद मुक्त मान लिया जाता है।

**प्रश्न 10 प्रधानमंत्री के कार्य व शक्तियों का उल्लेख कीजिए।**

उत्तर– 1. मंत्रीपरिषद का निर्माण।
2. मंत्रियों के मध्य विभागों का बंटवारा।
3. लोकसभा के नेता के रूप में।

GEO BHINDER

4 राष्ट्रपति व मंत्रीपरिषद के मध्य समन्वयक के रूप में।

**प्रश्न 11 राज्य सभा के विशेषाधिकार बताइये।**

उत्तर– 1. अनुच्छेद 249 के अनुसार राज्यसभा राज्यसूची के किसी विषय को राष्ट्रीय महत्व का विषय घोषित कर सकती है। इसके द्वारा उस राज्यसूची के विषय पर कानून बनाने का अधिकार संसद को मिल जाता है।

3. संविधान के अनुच्छेद 312 के अनुसार राज्यसभा ही अपने 2/3 बहुमत के प्रस्ताव से नई अखिल भारतीय सेवा का सृजन कर सकती है।

**प्रश्न 12 लोकसभा का गठन समझाइये।**

उत्तर– 1. सदस्य संख्या – मूल संविधान में लोकसभा की सदस्य संख्या 500 निश्चित की गई थी, परन्तु गोवा, दमन–दीव पुर्नगठन अधिनियम 1987 के द्वारा इसकी अधिकतम सदस्य संख्या 552 निर्धारित की गई।

वर्तमान में 545 सदस्य लोकसभा में कार्यशील हैं जिसमें 530 का निर्वाचन विभिन्न राज्यों से एवं 13 सदस्य केन्द्रशासित प्रदेशों एवं 2 आंग्ल भारतीयों का मनोनयन राष्ट्रपति द्वारा किया जाता है।

**प्रश्न 13 संसद के सत्रावसान में राष्ट्रपति विशेष परिस्थितियों में जो आदेश जारी करता है ,उसे क्या कहा जाता हैं?**

उत्तर– जब संसद का सत्र नहीं चल रहा हो, तब राष्ट्रपति अध्यादेश जारी कर सकता है, जिसकी वैधता सत्र शुरू होने से 6 सप्ताह तक होती है।

**प्रश्न 14 सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की योग्यताओं का उल्लेख कीजिए।**

उत्तर– 1. वह भारत का नागरिक हो।

2. वह किसी उच्च न्यायालय में या दो या दो से अधिक न्यायालयों में लगातार कम से कम 5 वर्ष तक न्यायधीश के रूप में कार्य कर चुका हो।

या, किसी न्यायालय में लगातार 10 वर्ष तक अधिवक्ता रह चुका हो।

या, राष्ट्रपति की दृष्टि में कानून का उच्च कोटि का ज्ञाता हो।

**प्रश्न 15 संसद की संविधान में संशोधन की शक्ति के बारे में बताइये।**

उत्तर– संविधान के अनुच्छेद 368 में संविधान संशोधन की शक्ति संसद को प्राप्त है। संशोधन का प्रस्ताव संसद की किसी भी सदन में लाया जा सकता है। दोनों सदनों से पारित होने व राष्ट्रपति की अनुमति के बाद संविधान में संशोधन किया जा सकता है।

**प्रश्न 16 संविधान के अनुच्छेद 356 पर टिप्पणी लिखिये।**

उत्तर– अनुच्छेद 356 के अनुसार राष्ट्रपति को ज्ञात होता है कि राज्य में संवैधानिक तंत्र विफल हो गया है, तब उस राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू किया जा सकता है।

**प्रश्न 17 वित्तीय आपातकाल पर टिप्पणी लिखिए।**

उत्तर– संविधान के अनुच्छेद 360 के अनुसार यदि राष्ट्रपति को यह विश्वास हो जाये कि ऐसी परिस्थितियाँ पैदा हो गई है, जिनसे भारत के वित्तीय स्थायित्व या साख को खतरा है तो वह वित्तीय संकट की घोषणा कर सकता है।

**प्रश्न 18 प्रधानमंत्री की नियुक्ति किस प्रकार होती है?**

उत्तर– भारतीय संविधान के अनुच्छेद 74 में प्रधानमंत्री पद की व्यवस्था है। संविधान के अनुसार प्रधानमंत्री की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। राष्ट्रपति लोकसभा के बहुमत दल के नेता को प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त करता है।

**प्रश्न 19 भारत में विपक्ष की कार्यप्रणाली की व्याख्या कीजिए।**

उत्तर–विपक्ष सरकार को नियंत्रित करने का कार्य निम्न माध्यमों से करता है। जैसे –

1. अविश्वास प्रस्ताव द्वारा
2. प्रश्न पूछकर
3. कटौती प्रस्ताव द्वारा
4. जनमत निर्माण द्वारा

आदि माध्यमों से विपक्ष सरकार को संयमित व नियंत्रित करता है।

अतः किसी भी लोकतांत्रिक सरकार के उपयोगी संचालन के लिए विपक्ष का होना अति आवश्यक है।

**प्रश्न 20 भारतीय संसद के द्वितीय सदन (राज्यसभा) की उपयोगिता प्रमाणित कीजिए।**

उत्तर– 1. योग्य व अनुभवी राजनीतिज्ञों का प्रतिनिधित्व।

2. राज्यों का आनुपातिक प्रतिनिधित्व।

3. सरकार पर व्यवहारिक नियंत्रण।

4. स्थाई सदन।

उपरोक्त बिन्दुओं से स्पष्ट है कि राज्य सभा एक उपयोगी सदन है।

# पाठ -7 राज्य सरकार

प्रश्न 1. राज्य विधानमण्डल के दो सदन कौन–कौन से हैं ?

उत्तर 1. विधानसभा 2. विधानपरिषद

प्रश्न 2. राज्य में जनता द्वारा वयस्क मताधिकार के आधार पर निर्वाचित प्रतिनिधियों का सदन कौनसा है ?

उत्तर. विधानसभा

प्रश्न 3. वर्तमान में कितने राज्यों में द्विसदनात्मक व्यवस्थापिका हैं ?

उत्तर. 7 राज्यों में – उत्तरप्रदेश, जम्मूकश्मीर, महाराष्ट्र, कर्नाटक, बिहार, आन्ध्रप्रदेश और तेलंगाना।

प्रश्न 4. राज्य विधानमण्डल के तीन अंग कौन–कौन से हैं ?

उत्तर. राज्यपाल, विधानसभा, विधानपरिषद

प्रश्न 5. राज्य विधानमण्डल का प्रथम अथवा निम्न सदन कौनसा है ?

उत्तर. विधानसभा

प्रश्न 6. विधानसभा में अधिकतम व न्यूनतम सदस्य संख्या कितनी हो सकती है ?

उत्तर अधिकतम 500 न्यूनतम 60

प्रश्न 7. एक विधानसभा सदस्य कम से कम कितनी जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करता है ?

उत्तर. 75 हजार जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करता है

प्रश्न 8 राज्य विधानसभा का कार्यकाल कितने वर्ष का होता है ?

उत्तर. राज्य विधानसभा का कार्यकाल 5 वर्ष का होता है।

प्रश्न 9 विधानसभा के दो मुख्य पदाधिकारी कौन होते है ?

उत्तर. 1. अध्यक्ष (स्पीकर) 2. उपाध्यक्ष (डिप्टी स्पीकर)

प्रश्न 10. विधानसभा के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष त्यागपत्र किसे सौंपते है ?

उत्तर. विधानसभा के अध्यक्ष अपना त्यागपत्र उपाध्यक्ष को और उपाध्यक्ष अपना त्यागपत्र अध्यक्ष को सौंपता है।

प्रश्न 11. कोई विधेयक धन विधेयक है या नहीं इसका निर्णय कौन करता है ?

उत्तर. विधानसभा अध्यक्ष

प्रश्न 12. राज्य की कार्यपालिका का वैधानिक प्रधान कौन होता है ?

उत्तर. राज्यपाल

प्रश्न 13. राज्यपाल की नियुक्ति कौन करता है ?

उत्तर. राष्ट्रपति

प्रश्न 14 राज्यपाल पद हेतु न्यूनतम आयु कितनी होनी चाहिए ?

उत्तर. 35 वर्ष

प्रश्न 15. राज्य के विश्वविद्यालयों का कुलाधिपति कौन होता है ?

उत्तर. राज्यपाल



CBEO BHINDER

प्रश्न 16. राज्य की कार्यपालिका का वास्तविक प्रधान कौन होता है ?
उत्तर. मुख्यमंत्री
प्रश्न 17 मुख्यमंत्री की नियुक्ति किस आधार पर किसके द्वारा की जाती है ?
उत्तर. राज्य विधानसभा में बहुमत दल के नेता को राज्यपाल नियुक्त किया जाता है।
प्रश्न 18. राज्य मंत्रिपरिषद में अधिकतम कितने सदस्य हो सकते है ?
उत्तर. विधानसभा की कुल सदस्य संख्या के 15 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकती (91वें संसोधन द्वारा)

प्रश्न 19 राज्य मंत्रिपरिषद के सदस्यों को शपथ कौन दिलाता है ?
उत्तर. राज्यपाल
प्रश्न. 20 राज्य मंत्रिपरिषद में कितने प्रकार के मंत्री होते हैं ?
उत्तर. 1. केबीनेट मंत्री
2. राज्यमंत्री
3. उपमंत्री
प्रश्न 21 मंत्रिपरिषद का कार्यकाल कितना होता है ?
उत्तर. सामान्यतः 5 वर्ष का होता है लेकिन विधानसभा के विश्वास पर निर्भर करता है।
प्रश्न 22 मंत्रिपरिषद किसके प्रति उत्तरदायी होती है ?
उत्तर. राज्य विधानसभा के प्रति
प्रश्न 23 राज्य मंत्रिपरिषद का प्रधान कौन होता है ?
उत्तर. राज्य मंत्रिपरिषद का प्रधान मुख्यमंत्री होता है
प्रश्न 24. विधानसभा का नेता कौन होता है ?
उत्तर. मुख्यमंत्री
प्रश्न 25 राज्य में मंत्रियों के विभागों का बटंवारा कौन करता है ?
उत्तर. मुख्यमंत्री
प्रश्न 26 वर्तमान में भारत में कितने उच्च न्यायालय हैं ?
उत्तर. 24
प्रश्न 27. उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या कौन निर्धारित करता है ?
उत्तर. राष्ट्रपति
प्रश्न 28 उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश व अन्य न्यायाधीशों की नियुक्ति कौन करता है ?
उत्तर. राष्ट्रपति
प्रश्न 29. उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों का कार्यकाल कितना होता है ?
उत्तर. 62 वर्ष की आयु तक
प्रश्न 30 उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को शपथ कौन दिलाता है ?
उत्तर. राज्यपाल या उसके द्वारा नियुक्त व्यक्ति
प्रश्न 31 अनुच्छेद 215 में क्या उल्लेखित है ?
उत्तर. उच्च न्यायालय अभिलेख न्यायालय होगा और उसको अवमानना के लिए दण्ड देने की शक्ति है।
प्र. 32.राज्य की मंत्रिपरिषद के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित करने का अधिकार राज्य के विधानमण्डल के किस सदन के पास है?
उत्तर. विधानसभा
प्रश्न 33. राज्य के विधानमण्डल के सत्रावसान में राज्यपाल विशेष परिस्थितियों में जो आदेश जारी करता है क्या कहलाता है ?
उत्तर. अध्यादेश
प्रश्न 34. उच्च न्यायालय का न्यायाधीश अपना त्यागपत्र किसे संबोधित कर देता है ?

CBEO, BHINDER

उत्तर. राष्ट्रपति को

प्रश्न 35. राज्य विधानसभा के सदस्य किनके निर्वाचन में भाग लेते हैं ?

उत्तर. राज्य विधानसभा के निर्वाचित सदस्य राष्ट्रपति तथा राज्यसभा के सदस्यों के निर्वाचन में भाग लेते हैं।

प्रश्न 36. वर्तमान में किन राज्यों के राज्यपाल को विवेकात्मक शक्तियां प्राप्त है ?

उत्तर. जम्मूकश्मीर, नागालैण्ड, सिक्कीम व अरूणाचल प्रदेश।

प्रश्न 37 राज्म में दल बदल सम्बन्धी याचिकाओं पर निर्णय कौन करता है ?

उत्तर. राज्य में दल बदल सम्बन्धी याचिकाओं पर निर्णय विधानसभा अध्यक्ष (स्पीकर) करता है।

## लघुत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1. विधानसभा सदस्यों की निर्वाचन पद्धति समझाइये ?

उत्तर. विधानसभा में आंग्ल भारतीय नामित सदस्य को छोड़कर विधानसभा के अन्य सभी सदस्यों का मतदाताओं द्वारा प्रत्यक्ष रूप से चुनाव होता है। चुनाव के लिए वयस्क मताधिकार और सयुंक्त निर्वाचन प्रणाली तथा साधारण बहुमत की पद्धति अपनायी गयी है, सभी निर्वाचन क्षेत्र एकल सदस्यीय है।

प्रश्न 2. एक विधानसभा सदस्य हेतु क्या–क्या योग्ताएँ आवश्यक है ?

उत्तर. 1. वह भारत का नागरिक हो 2. उसकी आयु कम से कम 25 वर्ष हो

3. वह भारत सरकार या राज्य सरकार के अधीन लाभ का पद धारण किये हुए न हो

4. वह पागल या दिवालिया घोषित न किया जा चुका हो

5. वह संसद या राज्य विधानमण्डल द्वारा निर्धारित शर्तों की पूर्ति करता हो।

प्रश्न 3. किसी विधानसभा सदस्य की सदस्यता किस आधार पर समाप्त होती है ?

उत्तर. 1. कोई भी व्यक्ति यदि राज्य विधानमण्डल के दोनों सदनों का सदस्य निर्वाचित हो जाता है तो उसे एक सदन से त्यागपत्र देना होगा।

2. सदस्य यदि संबंधित सदन की बैठकों में बिना आज्ञा लगातार 60 दिन तक अनुपस्थित रहता है।

3. सदस्य बनने के बाद उसमें सदस्यता के लिए निर्धारित योग्यता नहीं रह जाती है।

प्रश्न 4. विधानसभा अध्यक्ष (स्पीकर) के क्या कार्य होते है।

उत्तर. 1. वह विधानसभा की बैठकों की अध्यक्षता करता है। सदन की कार्यवाही का संचालन करता है।

2.सदन की शांति व्यवस्था बनाए रखना।

3. सदस्यों को भाषण की अनुमति देता है।

4.सामान्यतः स्पीकर सदन में मतदान में भाग नहीं लेता है। लेकिन किसी प्रश्न पर पक्ष व विपक्ष में बराबर मत आए तो वह निर्णायक मत देता है।

5. कोई विधेयक धन विधेयक है अथवा नहीं इसका निर्णय अध्यक्ष ही करता है।

प्रश्न 5. राज्य विधानसभा की विधायी एवं वित्तीय शक्तियां क्या है ?

उत्तर. 1. विधायी शक्तियां – राज्य सूची एवं समवर्ती सूची में वर्णित विषयों पर कानून निर्माण की शक्ति प्राप्त है, कोई भी साधारण विधेयक विधानसभा में ही प्रथमतः प्रस्तुत किया जाता है।

2. वित्तीय शक्तियाँ – राज्य के धन पर पूर्ण नियत्रंण विधानसभा का ही होता है आय–व्यय का वार्षिक लेखा (बजट) विधानसभा में ही प्रस्तुत किया जाता है।

प्रश्न 6. राज्य की नियक्ति के सम्बन्ध में दो परम्पराएँ कौन–कौन सी है ?

उत्तर. 1. राज्यपाल उस राज्य का निवासी नहीं होना चाहिए जिस राज्य में उसे राज्यपाल बनाया जा रहा है।

2. राज्यपाल की नियुक्ति से पूर्व केन्द्रीय सरकार सम्बन्धित राज्य के मुख्यमंत्री से परामर्श करें तथा उससे सहमति प्राप्त करें।



CBO BHINDER

प्रश्न 7. राज्यपाल की कार्यपालिका शक्तियां समझाइये ?

उत्तर. राज्यपाल राज्य की कार्यपालिका का प्रधान होता है। वह मुख्यमंत्री की नियुक्ति करता है तथा उसकी सलाह से अन्य मंत्रियों नियुक्ति करता है।

राज्यपाल – राज्य के महाधिवक्ता और लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति करता है।

राज्यपाल मंत्रिपरिषद के सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाता है।

उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति में राष्ट्रपति को परामर्श देता है।

प्रश्न 8. राज्यपाल की विधायी/कानूनी शक्तियां समझाइये ?

उत्तर. राज्यपाल राज्य की व्यवस्थापिका का अविभाज्य अंग है। वह व्यवस्थापिका का अधिवेशन बुलाता है। स्थगित करता है और निम्नसदन (लोकसभा) को भंग करता है।

आम चुनाव के बाद विधानमण्डल की पहली बैठक को संबोधित करता है।

राज्य विधानसभा द्वारा पारित विधेयक पर राज्यपाल की स्वीकृति आवश्यक है। राज्यपाल उसे अस्वीकृत भी कर सकता है। पुनर्विचार पश्चात् आने पर राज्यपाल को स्वीकृति देनी होती है।

राज्य विधानमण्डल का अधिवेशन न होने की स्थिति में अध्यादेश जारी कर सकता है।

प्रश्न 9. मुख्यमंत्री द्वारा मंत्रिपरिषद के चयन में किन व्यावहारिक बातों का ध्यान रखना आवश्यक है ?

उत्तर. 1. राज्य के सभी क्षेत्रों, वर्गों को मंत्रिपरिषद में न्यायसंगत ढंग से प्रतिनिधित्व दिया जाना है।

2. सामान्यतया मुख्यमंत्री द्वारा अपने ही दल में से मंत्रिपरिषद का निर्माण किया जाता है। जिससे मंत्रिपरिषद एक इकाई के रूप में कार्य कर सके।

प्रश्न 10. मंत्रिपरिषद के पाँच प्रमुख कार्य कौन–कौन से है ?

उत्तर. 1. शासन की नीति निर्धारित करना। 2. उच्च पदों पर नियुक्ति के सम्बन्ध में राज्यपाल को सलाह देना।

3. विधानमण्डल में शासन का प्रतिनिधित्व करना। 4. कानून निर्माण का कार्यक्रम निश्चित करना।

5. बजट तैयार करवाना।

प्रश्न 11. मुख्यमंत्री के महत्त्वपूर्ण कार्य कौन–कौन से है ?

उत्तर. 1. मंत्रिपरिषद का निर्माण करना।

2. मंत्रियों के बीच कार्यों का बंटवारा करना यदि आवश्यक हो तो परिवर्तन करना।

3. मंत्रिमण्डल का कार्य संचालन। 4. शासन के विभिन्न विभागों में समन्वय।

5. मंत्रिपरिषद एवं राज्यपाल के बीच कड़ी का कार्य करना।

प्रश्न 12. उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया क्या है ?

उत्तर. अनुच्छेद. 217(1) के अन्तर्गत उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीध व अन्य न्यायाधीशों की नियुक्ति राष्ट्रपति करता है। राष्ट्रपति उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, कालेजियम व राज्यपाल के परामर्श से करता है। जब कि अन्य न्यायाधीशों की नियुक्ति वह उच्चतम न्यायाल के मुख्य न्यायाधीश, उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और राज्यपाल के परामर्श से करता है।

प्रश्न 13. उच्च न्यायालय में न्यायाधीश नियुक्ति हेतु क्या–क्या योग्यताएं आवश्यक है ?

उत्तर. 1. वह भारत का नागरिक हो।

2. भारत के राज्यक्षेत्र में कम से कम 10 वर्ष न्यायिक पद धारण कर चुका हों।

3. उच्च न्यायालय का या ऐसे दो या अधिक न्यायालयों का लगातार कम से कम 10 वर्ष तक वकालत कर चुका हों।

प्रश्न 14. उच्च न्यायालय की स्वतंत्रता के लिए क्या व्यवस्थाएं की गइ है ?

उत्तर. 1. नियुक्ति के लिए विशेष प्रक्रिया। 2. निश्चित कार्यबल

3. संसद में न्यायाधीशों के आचरण पर महाभियोग के अलावा चर्चा नहीं।

CBEO, BHINDER

4. उच्च न्यायालय का न्यायाधीश अवकाश ग्रहण करने के बाद उन न्यायालयों में वकालात नहीं करेगा जहां वह स्थायी न्यायाधीश रह चुका है। 5. कार्यपालिका से पृथक्करण।

प्रश्न 15. उच्च न्यायालय का मूल/ प्रारंभिक क्षेत्राधिकार क्या है ?

उत्तर. इसका अर्थ है प्रथमतः उच्च न्यायालय द्वारा वादों की सुनवाई करना। ये क्षेत्र हैं –

1. ससंद एव राज्य विधानमण्डल सदस्यों के निर्वाचन सम्बन्धी विवाद।
2. राजस्व एकीकरण सम्बन्धी विवाद।
3. मौलिक अधिकार व वसीयत, विवाह विधि, कंपनी कानून तथा विवाह–विच्छेद के मुकदमें।

प्रश्न 16. अनुच्छेद 226 के अन्तर्गत उच्च न्यायालय कौनसी रिट जारी कर सकता है ?

उत्तर. 1. बन्दी प्रत्यक्षीकरण 2. परमादेश 3. प्रतिषेध 4. उत्प्रेषण 5. अधिकार पृच्छा

प्रश्न 17. उच्च न्यायालय एक अभिलेख न्यायालय है समझाइये ?

उत्तर. अनुच्छेद 215 के अन्तर्गत प्रत्येक उच्च न्यायालय अभिलेख न्यायालय होगा – जो –

1. अवमानना के लिए दण्ड देने की शक्ति रखता है।
2. उच्च न्यायालय के निर्णय रिकॉर्ड की तरह सुरक्षित रखे जायेगें वह अधीनस्थ न्यायलय के लिए कानून की तरह कार्य करेंगे।

प्रश्न 18. उच्च न्यायालय का अपीलीय क्षेत्राधिकार क्या है ?

उत्तर. उच्च न्यायालय का अपीलीय क्षेत्राधिकार के 3 भाग है।

1. सिविल अपीलीय क्षेत्राधिकार – आयकर, पेटेण्ट, डिजाइन, उत्तराधिकार आदि मामलों में जिला न्यायालय के विरुद्ध उच्च न्यायालय में अपील की जा सकती है।
2. आपराधिक अपीलीय क्षेत्राधिकार – जब सेंशर न्यायालय ने अपराधी को चार वर्ष के कारावास का दण्ड या मृत्यु दण्ड दिया है तो उसके विरुद्ध उच्च न्यायालय में अपील हो सकती है।
3. संवैधानिक अपीलीय क्षेत्राधिकार – कोई भी ऐसा मुकदमा जिसमें संविधान की व्याख्या का प्रश्न हो तो उच्च न्यायालय में अपील की जा सकती है।

प्रश्न 19. राज्यपाल की स्वविवेकी शक्तियां बताइये ?

उत्तर. राज्यपाल को संविधान प्रदत्त स्वविवेकी शक्तियां बहुत ही सीमित है लेकिन परिस्थितिजन्य शक्तियां प्राप्त है।

1. विशेष परिस्थितियों में मुख्यमंत्री का चयन
2. मंत्रिपरिषद को अपदस्थ करना
3. विधानसभा का अधिवेशन बुलाना व सत्रावसान करना
4. विधानसभा का विघटन
5. मुख्यमंत्री से सूचना प्राप्त करना
6. राष्ट्रपति को राज्य की संवैधानिक स्थिति के बारे में रिपोर्ट भेजना
7 राज्य विधानमण्डल द्वारा पारित विधेयक को राष्ट्रपति को स्वीकृति हेतु भेजना

CBEO,BHINDER

# अध्याय– 8 जल संसाधन

अति लधुत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1 प्रथ्वी के धरातल पर कितने प्रतिशत जल तथा स्थल है ?

उत्तर – पृथ्वी के धरातल पर 71प्रतिशत जल तथा 29 प्रतिशत स्थल है।

प्रश्न 2 बहुउद्देशीय जल परियोजनाओ को देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने क्या कहा था ?

उत्तर – आधुनिक भारत का मन्दिर

प्रश्न 3 भाखडा नांगल परियोजना किस नदी पर स्थित है ?

उत्तर – सतलज नदी

प्रश्न 4 भाखडा नांगल परियोजलर किन राज्यों की सयुक्त परियोजना है ?

उत्तर – पंजाब हरियाणा तथा राजस्थान

प्रश्न 5 सीमेण्ट तथा कंकरीट से निर्मित विश्व का सबसे बडा बांध कौनसा है ?

उत्तर – भाखडा नांगल बांध

प्रश्न 6 दामोदर घाटी परियोजना किन राज्यो की सयुक्त परियोजना है ?

पश्चिम बंगाल व झारखण्ड ।

प्रश्न 7 बंगाल का शोक किस नदी को कहॉ जाता है ?

उत्तर – दामोदर नदी को

प्रश्न 8 दामोदर घाटी परियोजना का निर्माण किस विदेशी परियोजना के आधार पर किया गया ?

उत्तर – अमेरिका की टेनेसी घाटी परियोजना पर

प्रश्न 9 हीराकुण्ड परियोजना किस नदी पर स्थित है?

उत्तर – महानदी उडीसा

प्रश्न 10 उडीसा का शोक किस नदी को कहॉ जाता है?

उत्तर – महानदी को

प्रश्न 11 विश्व के सबसे लम्बा बांध का नाम बताइये तथा यह किस नदी पर स्थित है ?

उत्तर – हीराकुण्ड बांध यह महानदी पर स्थित है ।

प्रश्न 12 चम्बल घाटी परियोजना किन राज्यो कि सयुक्त परियोजना है ?

उत्तर – राजस्थान व मध्यप्रदेश

प्रश्न 13 चम्बल घाटी परियोजना पर निर्मित बांधो के नाम बताइये?

उत्तर – गांधी सागर राणा प्रताप सागर बांध जवाहर सागर बांध कोटा बैराज

प्रश्न 14 भारत की सबसे बडी मानव निर्मित नहर कौन सी है?

उत्तर – इन्दिरा गांधी नहर परियोजना

प्रश्न 15 इन्दिरा गांधी नहर की कुल लम्बाई कितनी है ?

उत्तर – 649 किलोमीटर

प्रश्न 16 इन्दिरा गांधी नहर को कहॉ से निकाला गया है ?

उत्तर – सतलज नदी व रावी नदी के संगम पर स्थित हरिके बैराज से ।

प्रश्न 17 इन्दिरा गांधी नहर परियोजना की लिफ्ट नहरों की संख्या कितनी है ?

उत्तर – लिफ्ट नहरों की संख्या 7 है

प्रश्न 18 राजस्थान में अदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिए कोनसी परियोजना है ?

उत्तर – माही बजाज सागर परियोजना।

प्रश्न 19 माही बजाज सागर परियोजना से किन जिलो में सिचाई की जाती है ?

उत्तर – बॉसवाडा एवं डुगरपुर मे

CBEO,BHINDER

प्रश्न 20 बीसलपुर परियोजना में किस नदी पर बांध बनाया गया है?
उत्तर – बनास नदी पर
प्रश्न 21 जाखम परियोजना से लाभान्वित किन्ही दो जिलो के नाम बताइये?
उत्तर – चित्तौडगढ एवं प्रतापगढ
प्रश्न 23 मेजा बांध किस नदी पर बनाया गया है ?
उत्तर – कोठारी नदी पर
प्रश्न 24 राजस्थान मे परम्परागत जल संरक्षण के दो रूपो का नाम लिखिए ?
उत्तर – 1 बावडी 2 नाडी
प्रश्न 25 चांद बावडी कहां स्थित है
उत्तर – आभानेरी दौसा
प्रश्न 26 बूँदी जिले को स्टेप वेल्स ऑफ सिटी क्यों कहॉ जाता है?
उत्तर – बूँदी शहर को बावडियों की अधिकता के कारण स्टेप वेल्स ऑफ सिटी कहा जाता है
प्रश्न 27 केन्द्र सरकार के द्वारा संचालित किन्ही चार जल परियोजनाओ के नाम लिखिए
उत्तर – भाखडा नागल, दामोदर घाटी, हीराकुण्ड , कोसी परियोजना
प्रश्न 28 राज्य में जल संरक्षण की चार विधिंयो के नाम लिखिए
उत्तर – 1 बावडी बनाकर 2 तालाब बनाकर 3 टांका बनाकर 4 जोहड द्वारा
लधुत्तरात्मक प्रश्न
प्रश्न 1 राज्य सरकारो के माध्यम से चलने वाली किन्ही चार जल परियोजना के नाम लिखिए
उत्तर – 1 चम्बल परियोजला मध्यप्रदेश व राजस्थान 2 नागार्जुन सागर परियोजना आन्ध्रप्रदेश
3 तुंगभद्रा परियोजना आन्ध्रप्रदेश व कर्नाटक 4 सरदारसरोवर परियोजना गुजरात मध्यप्रदेश व राजस्थान
प्रश्न 2 टॉका क्या है ? उस योजना का नाम लिखिए जिसके अर्न्तगत टॉकों का निर्माण किया गया है ?
उत्तर – टॉका – पश्चिमी राजस्थान में परम्परागत जल संग्रहण तथा वर्षा जल संरक्षण स्त्रोत जो कि प्रत्येक घर तथा खेत में भूमि में 5 से 6 मीटर गहरा गडढा खोदकर बनाया जाता है उसके ऊपरी भाग को पत्थरों अथवा स्थानीय उपलब्ध संसाधनों से ढक दिया जाता है तथा इसमें घरों की छत तथा आगोर से आने वाले वर्षा जल का संग्रहण कर दिया जाता है । उसके आंतरिक भाग में राख तथा बजरी का लेप कर दिया जाता है जो जल रिसाव व तली कटाव को रोकता है ।
निर्माण योजना – टांकों का निर्माण मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान के अन्तर्गत किया जाता है
प्रश्न 3 बावडी क्या है प्रकाश डालिए
उत्तर – यह एक सीढीदार वृहत कुआ होता है । चतुष्कोणीय गोल व वर्तुल आकार में निर्मित जल स्त्रोत जिसके प्रवेश मार्ग से मध्य मार्ग तथा ईटों तथा कलात्मक पत्थरों का प्रयोंग किया जाता है इनके आगे आंगननुमा भाग होता है उन भागों तक पहुंचने के लिए सीढिया बनी रहती है उन सीढियों पर कलात्मक मेहराब व स्तम्भ व झरोखें होते है । उन झारोंखों में स्थानीय जलदेवता की मूर्तियां होती है ।
प्रश्न 4 खडीन क्या है ?
उत्तर – खडीन जल संरक्षण की परम्परागत विधि है जो तकनीकी दृष्टि से भी उत्तम है। खडीन वस्तुत जैसलमेंर जिले में पालीवाल ब्राहमणों द्वारा उपनायी गयी जलसंरक्षण व जल प्रबन्धन की विधि है खडीन मिटटी का बॉधनुमा अस्थाई तीसरी ओर पत्थर की दीवार बनाई जाती है उसमें यदि अतिरिक्त पानी आता है तो ऊपर से निकल जाता है
प्रश्न 5 बीसलपुर परियोजना पर प्रकाश डालिए
उत्तर – यह बहुउद्देशीय जल परियोजना है। बनास नदी पर टोंक जिले में बीसलपुर गॉव के पास यह बॉध बनवाया गया है ये बॉध 574 मीटर लम्बा और 39.5 मीटर ऊचा है उस बॉध के दाये तथा बाये किनारे से दो नहरे निकाली गयी है इस योजना का मूल उद्देश्य टोंक, अजमेंर, ब्यावर किशनगढ नसीराबाद केकडी सरवाड को पेयजल उपलब्ध कराना है। अब उस परियोजना में जयपुर को भी शामिल कर लिया गया है

GEO,BHINDER

6 जोहड क्या है ?

उत्तर – शेखावाटी क्षेत्र और हरियाणा में वर्षा जलसंग्रहण का साधन है ये सामान्यत टांके के जैसे ही दिखते है लेकिन उसका ऊपरी भागा टांके से बडा तथा गोलाकार और खुला होता है जिसका ऊपरी भाग आंके से बडा तथा गोलाकार और खुला होता है जिसमें बहते हुए वर्षा जल को उसके आगोंर के माध्यम से इक्टठा किया जाता है । ये जोहड पशुओं और मानव के लिए पेयजल का उत्तम स्त्रोत है।

# अध्याय–9 भारतीय कृषि भारत की प्रमुख खाद्यान्न फसलें

अति लधुत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1 वर्तमान में देश का कितना प्रतिशत भाग कृषि कार्य मे प्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त करता है?

उत्तर– भारत मे 55.6 प्रतिशत लोगो को कृषि के रोजगार प्राप्त होता है।

प्रश्न 2 खरीफ की फसलों के उदाहरण दीजिए ?

उत्तर– चावल मक्का बाजरा मूंगफली मूंग उडद, गन्ना, सोयाबीन आदि खरीफ की प्रमुख फसले है

प्रश्न 3 रबी के प्रमुख फसलों के उदाहरण दीजिए ?

उत्तर– गेहॅू जौ चना तिलहन (अलसी, सरसों ) जीरा धनिया अफीम इसबगोल आदि रबी की प्रमुख फसल है।

प्रश्न 4 भारत मे गेहॅू उत्पादन करने वाले प्रमुख राज्यों नाम दिजिए

उत्तर– भारत मे गेहॅू का उत्पादन पंजाब हरियाणा उत्तरप्रदेश मध्यप्रदेश राजस्थान बिहार में किया जाता है।

प्रश्न 5 भारत मे गेहॅू उत्पादन करने वाले राज्यों नाम लिखिए ?

उत्तर– भारत मे सर्वाधिक गेहॅू उत्तर प्रदेश में पेदा किया जाता है।

प्रश्न 6 राजस्थान मे गेहॅू का उत्पादन करने वाले प्रमुख जिले कौन से है ?

उत्तर– गंगानगर, हनुमानगढ अलवर भरतपुर जयपुर कोटा,

प्रश्न 7 राजस्थान मे चावल कहा कहा बोया जाता है ?

उत्तर– राजस्थान मे चावल का उत्पादन गंगानगर हनुमानगढ कोटा व बूँदी जिलो मे किया जाता है।

प्रश्न 8 मक्का किन उद्योगो के लिए कच्चा माल प्रदान करती है ?

उत्तर– मक्का स्टार्च व ग्लूकोज निर्माण करने वाले उद्योगो को कच्चा माल प्रदान करती है।

प्रश्न 9 भारत मे मक्का किसके द्वारा लाई गयी फसल है ?

उत्तर– 17 शताब्दी मे पुर्तगालियो के द्वारा लाई गयी

प्रश्न 10 भारत मे सर्वाधिक बाजरे का उत्पादन किन राज्यो मे होता है?

उत्तर– भारत मे सर्वाधिक बाजरे का उत्पादन राजस्थान मे होता है ।

प्रश्न 11 जायद की फसल से क्या अभिप्राय है

उत्तर– वह फसल जिसमे हरी सब्जियॉ व चारे कि फसल तैयार होती है जिस फरवरी अप्रेल के मध्य बोया जाता है और जून जुलाई मे काटा जाता है। जैसे तरबुज लोकी ककडी खीरा आदि

प्रश्न 12 भारत मे मक्का उत्पादन करने वाले राज्यो के नाम बताइए

उत्तर– भारत मे मक्का का उत्पादन आन्ध्रप्रदेश कर्नाटक राजस्थान उत्तर प्रदेश गुजरात मध्यप्रदेश व पंजाब मे किया जाता है

प्रश्न 13 राजस्थान मे मक्का उत्पादन करने वाले प्रमुख जिलो के नाम बताइए

उत्तर– राजस्थान मे मक्का का उत्पादन कोटा बॅूदी बारा झालावाड उदयपुर डुगरपुर बासवाडा चितौडगढ अजमेर गंगानगर तथा हनुमानगढ मे किया जाता है

प्रश्न 14 राजस्थान बाजरा उत्पादन करने वाले जिलो का नाम बताइए ?

उत्तर– जोधपुर बाडमेर जैसलमेर बीकानेर सीकर गंगानगर झुंझुनू अलवर जयपुर तथा जालौर जिलो मे किया जाता है

GEOBHINDER

प्रश्न 15 बाजरा उत्पादन की दृष्टि से विश्व मे भारत का कौन सा स्थान है
उत्तर– विश्व मे भारत का प्रथम स्थान है
प्रश्न 16 गन्ना के दो उपयोग बताइए
उत्तर– गुड बनाने में व एल्कोहल बनाने में
प्रश्न 17 अरण्डी के तीन उपयोग बताइये?
उत्तर– 1 मशीनों मे स्नेहक के रूप में , 2 साबुन बनाने में, 3 चमड़ा शोधन में
प्रश्न 18 राजस्थान मे सरसों का उत्पादन किन किन जिलो में किया जाता है ?
उत्तर– अलवर भरतपुर हनुमानगढ गगानगर सवाईमाधोपुर भीलवाडा जयपुर बीकानेर

**लधुत्तरात्मक प्रश्न**

प्रश्न 1 गेहूँ की खेती के लिए भौगोलिक परिस्थितियॉ का वर्णन कीजिए
उत्तर– गेहूँ भारत की प्रमुख रबी को खाधान्न फसल है इसकी खेती के लिए निम्न भौगोलिक परिस्थितियों की आवश्यकता होती है
जलवायु गेहूँ की फसल को उगाते समय शीतऋतु तथा काटते समय खिली धूप की आवश्यकता होती है
वर्षा – गेहूँ को उगाते समय 10 से 25 सेन्टीग्रेड तापमान तथा 25 से 75 सेन्टीमीटर वर्षा की आवश्यकता होती है
मिट्टी – हल्की दोमट व चिकनी मिटटी उपयुक्त मानी जाती है
प्रश्न 2 चावल उत्पादन के लिए भौगोलिक परिस्थितियों का वर्णन किजिए ?
उत्तर– चावल भारत को प्रमुख खाधान्न फसलों में से एक है इसके उत्पादन के लिए निम्न भौगोलिक परिस्थितियों की आवश्यकता होती है ।
तापमान भारत मे चावल की पैदावार उष्ण कटिबंधीय भागों में जहॉ तापमान 16 से 27 सेण्टीग्रेड तापमान की आवश्यकता होती है
वर्षा – चावल की कृषि के लिए अनुकुल वर्षा 100से 200 सेन्टी मीटर के मध्य होती है इसको बोने के लिए वर्षा ऋतु उपयुक्त रहती है यह खरीफ की मुख्य फसल है
मिटटी चावल उत्पादन कें लिए नदी घाटी क्षेत्रो की चिकनी दोमट तथा कछारी मिट्टी उपयुक्त मानी जाती है
प्रश्न 3 मक्का उत्पादन के लिए भौगोलिक परिस्थितियों का वर्णन कीजिए
उत्तर– तापमान '–मक्का की फसल के लिए 12 से 35 सेन्टीग्रेड तापमान
वर्षा – 50 से 100 सेन्टीमीटर वर्षा
मिट्टी – नाइट्रोजन युक्त गहरी मिटटी जिसमें जल निकासी पर्याप्त मात्रा में हो
प्रश्न 4 बाजरा उत्पादन के लिए किन भौगोलिक परिस्थियों की आवश्यकता होती है
उत्तर– बजरा की खेती गर्म तथा शुष्क जलवायु में जुन से अक्टूम्बर के मध्य की जाती है यह खरीफ की फसल है उसके 25 से 35 सेन्टीग्रेड तापमान व 50 से सेन्टीमीटर से भी कम वर्षा तथा हल्की मिटटी जिसमें जल निकासी की उपयुक्त दशा वाले भाग उत्तम होते है बाजरे की फसल सभी प्रकार की मिटटी में बोये जा सकती है

CBEOPHINDER

# अध्याय –10 खनिज व ऊर्जा संसाधन

पाठयक्रम– 1 भारत मे प्रमुख खनिज पेटिया
2 ऊर्जा खनिज – कोयला पेट्रोलियम पदार्थ परमाणु ऊर्जा
3 राजस्थान मे खनिज

अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1 भारत कि सबसे समृद्ध खनिज पेटी कोनसी है ?
उत्तर उत्तर –पूर्वी प्रायद्वीपीय पेटी भारत की सबसे समृद्ध खनिज पेटी है
प्रश्न 2 उत्तर– पूर्वी प्रायद्वीपीय पेटी मे कौन–कौन से खनिज पाये जाते है ?
उत्तर कोयला, लोह अयस्क, मैग्नीज, अभ्रक, बाक्साइट, ताम्बा आदि।
प्रश्न 3 ऊर्जा खनिज से क्या आशय है ?
उत्तर जिन खनिजों से उष्मा तथा ऊर्जा की प्राप्ति होती है।
प्रश्न 4 ऊर्जा खनिज के प्राकृतिक स्त्रोत कौनसे है ?
उत्तर ऊर्जा खनिजो के प्राकृतिक स्त्रोत जीवाश्म पदार्थ एवं परमाणु घटक है।
प्रश्न 5 भारत में सर्वप्रथम कोयला कहा से निकाला गया ?
उत्तर भारत मे सर्वप्रथम कोयला रानीगंज से 1774 में निकाला गया था ।
प्रश्न 6 भारत मे कोयला कहॉ पर पाया जाता है ?
उत्तर भारत मे कोयले के भण्डार असम, मेघालय, अरूणाचल प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, तथा नागालैण्ड, व राजस्थान मे है ।
प्रश्न 7 राजस्थान किस प्रकार का कोयला पाया जाता है?
उत्तर राजस्थान मे लिग्नाइट प्रकार का कोयला पाया जाता है।
प्रश्न 8 राजस्थान मे पेट्रोलियम पदार्थ के भण्डार कहा कहा मिले है ?
उत्तर राजस्थान मे पेट्रोलियम पदार्थ के भण्डार बीकानेर बाडमेर जैसलमेर तथा गंगानगर जिले के 12 ब्लॉको मे मिलते है ।
प्रश्न 9 एक औंस यूरेनियम मे कितनी शक्ति होती है?
उत्तर एक औंस यूरेनियम मे 100 मिट्रिक टन कोयले के बराबर शक्ति होती है
प्रश्न 10 परमाणु ऊर्जा आयोग का गठन कब किया गया है ?
उत्तर परमाणु ऊर्जा आयोग कि स्थापना 1948 में की गई थी
प्रश्न 11 राजस्थान मे ताबा नगरी किसे कहॉ जाता है ?
उत्तर राजस्थान मे खेतडी को ताबा नगरी कहते है ।
प्रश्न 12 राजस्थान मे सगमरमर नगरी किसे कहा जाता है ?
उत्तर राजस्थान मे सगमरमर नगरी मकराना नागौर को कहा जाता है

लघुत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1 भारत की प्रमुख खनिज पेटीयो के नाम बताइए ?
उत्तर 1 उत्तर– पूर्वी प्रायद्वीपीय पेटी 2 मध्य पेटी 3 दक्षिण पेटी 4 दक्षिण पश्चिम पेटी 5 उत्तर पश्चिम पेटी
प्रश्न 2 भारत मे कोयले को कितने प्रकार मे विभाजित किया गया है ?
उत्तर भारत मे कोयले को कार्बन कि मात्रा के अनुसार चार प्रकार मे विभाजित किया गया है
एन्थ्रेसाइट (80–95प्रतिशत ) बिटुमिन (40–80 प्रतिशत ) लिग्नाइट (40–55 प्रतिशत ) पीट(40 प्रतिशत से कम)

CBEO BHINDER

प्रश्न 3 सबसे अच्छा कोयला कोनसा होता है ?
उत्तर सबसे अच्छा कोयला वह होता है जिसमे कार्बन कि मात्रा ज्यादा हो और वह ऊर्जा अधिक दे व न्यूनतम धुआ और राख दे सबसे अच्छा कोयला एन्थ्रेसाइट है जिसमे कार्बन कि मात्रा 80–95 प्रतिशत है

प्रश्न 4 राजस्थान मे कोयला कहा पाया जाता है ?
उत्तर राजस्थान मे कोयला बाडमेर के कपूरडी , जलिप्पा, गिरल, भाडखा गूंगा तथा शिव तथा बीकानेर की बरसिंगसर पलाना गुडा बिठनोक नागौर मे मेडता कसनउ , कुचेरा मातासूख मे मिलता है
प्रश्न 5 परमाणु ऊर्जा के रूप मे कौन–कौन से यूरेनियम का उपयोग किया जाता है ?
उत्तर परमाणु ऊर्जा के रूप मे यूरेनियम –238 ,235 व 233 प्लेटोनियम–239 तथा थोरियम बेरेलियम जिरकन नामक खनिजो का उपयोग किया जाता है।
प्रश्न 6 राजस्थान को खनिजो का अजायबधर क्यों कहा जाता है ?
उत्तर राजस्थान मे 79 प्रकार के खनिज मिलते है जिनमे से 44 प्रकार के बडे तथा 23 प्रकार के लधु तथा 12 गौण खनिज पाये जाते है इसलिए राजस्थान को खनिजो का अजायबधर कहा जाता है।
प्रश्न 7 राजस्थान को किन खनिजो मे एकाधिकार प्राप्त है ?
उत्तर– राजस्थान को सगमरमर, सीसा, जस्ता, चाँदी वोलस्टोनाइट जास्पर फलोराइट ऐस्बेस्टॉस राक फास्फेट टग्स्टन तथा तामडा मे एकाधिकार प्राप्त है ।
प्रश्न 8 भारत मे पेट्रोलियम पदार्थ के वितरण पर प्रकाश डालिए ?
उत्तर –भारत मे पेट्रोलियम के भण्डार असम की ब्रह्मपुत्र घाटी सुरमाधाटी, पश्चिम बगाल मे सुन्दर वन डेल्टा, उडीसा का पूर्वी तटीय भाग, राजस्थान व सोराष्ट्र क्षेत्र हिमालय का तराई भाग, उत्तरी व मध्य गुजरात मुम्बई बेसिन गोदावरी तथा कावेरी डेल्टा क्षेत्र व अरबसागर मे बाम्बे हाई मे प्रमुख रूप से मिलते है।

CBEO,BHINDER

# भूगोल – पाठ –11 विनिर्माण उद्योग
# पाठ – 12 मानव संसाधन

**अतिलघुत्रात्मक प्रश्न–**

**1.** राजस्थान की औद्योगिक रूप से अन्य राज्यों से कैसी स्थिति हैं?
**उत्तर** राजस्थान औद्योगिक रूप से अन्य राज्यों से पिछड़ा राज्य है।
**2.** राजस्थान का देश के कुल औद्योगिक उत्पादन का कितना प्रतिशत योगदान है?
**उत्तर** 06 प्रतिशत।
**3.** राज्य के सकल घरेलु उत्पादन में उद्योगों का कितना प्रतिशत योगदान है?
**उत्तर** 30 प्रतिशत।
**4.** राजस्थान के अधिकांश उद्योग किस पर आधारित है?
**उत्तर** खनिज तथा कृषि पर।
**5.** राजस्थान के किन–किन जिलों में अधिकांश उद्योग केन्द्रित है?
**उत्तर** राजस्थान के अलवर, दौसा, जोधपुर, भीलवाड़ा, राजसमन्द, कोटा, बांरा, अजमेर तथा पाली जिलों में केन्द्रित है।
**6.** राजस्थान के कौन–कौन से उद्योग देश में प्रथम स्थान रखते है?
**उत्तर** रत्न, आभूषण, संगमरमर उद्योग, सीमेन्ट उद्योग, सीसा जस्ता उद्योग, नमक उद्योग, हस्तशिल्प कला तथा तिलहन उद्योग में राजस्थान देश में प्रथम स्थान रखता है।
**7.** राजस्थान में सर्वाधिक सीसे जस्ते के भण्डार कहाँ स्थित है?
**उत्तर** अरावली पर्वत श्रृंखला में।
**8.** देश के कुल सीसा जस्ता उत्पादन में राजस्थान का कितने प्रतिशत योगदान है?
**उत्तर** 95 प्रतिशत।
**9.** राजस्थान में सीमेन्ट उद्योग की शुरूआत कब और कहाँ हुई?
**उत्तर** राजस्थान में सीमेन्ट उद्योग की शुरूआत 1912–13 में लाखेरी (बूंदी) में हुई।
**10.** राजस्थान की सीमेन्ट नगरी किस जिले को कहाँ जाता है?
**उत्तर** चित्तौड़गढ़।
**11.** राजस्थान में किस किस्म की सीमेन्ट का उत्पादन अधिक होता है?
**उत्तर** राजस्थान में पोर्टलैण्ड सीमेन्ट (90 प्रतिशत) का उत्पादन अधिक होता है।
**12.** देश के कुल सीमेन्ट उत्पादन में राजस्थान का कितना प्रतिशत योगदान है?
**उत्तर** 16 प्रतिशत।
**13.** राजस्थान में मूर्ति एवं कलात्मक सामान हेतु कौनसे जिले प्रसिद्ध है?
**उत्तर** मूर्ति एवं कलात्मक सामान हेतु जयपुर, जौधपुर, व उदयपुर प्रसिद्ध है।
**14.** राजस्थान के कौनसे क्षेत्रों में रंगाई व छपाई का कार्य किया जाता है?
**उत्तर** बाडमेर, पाली व सांगानेर।
**15.** राजस्थान में रत्न तराशने तथा आभूषणों का निर्माण कार्य कहाँ–कहाँ किया जाता है?
**उत्तर** जयपुर, प्रतापगढ़, नाथद्वारा।
**16.** देश की सबसे बड़ी खारे पानी की झील कौनसी है?
**उत्तर** सांभर झील।
**17.** राजस्थान में सोडियम सल्फेट व मैगनेशियम सल्फेट के कारखाने कहाँ स्थापित है?
**उत्तर** राजस्थान में सोडियम सल्फेट का कारखाना डीडवाना में व मैग्नेशियम सल्फेट का कारखाना पचपदरा में स्थापित है।
**18.** भारत में सर्वाधिक भेड़ तथा ऊन सम्बन्धित पशुओं का पालन किस राज्य में किया जाता है?
**उत्तर** राजस्थान में।

CBEO,BHINDER

**19.** राजस्थान के किन जिलों में ऊनी कम्बल व नमदे बनाने का कार्य किया जाता है?
**उत्तर** बीकानेर, जोधपुर, बाडमेर व पाली।

**20.** विनिर्माण उद्योग से क्या आशय है?
**उत्तर** विनिर्माण उद्योग में प्रकृति प्रदत पदार्थों से मानव उपयोगी पदार्थों या वस्तुओं का निर्माण किया जाता है।
**21.** औद्योगिक अपशिष्ट किसे कहते है?
**उत्तर** उद्योग धन्धों व कल कारखानों से निकलने वाला कचरा औद्योगिक अपशिष्ट कहलाता है।
**22.** भारत के किन महानगरों में औद्योगिक प्रदुषण का स्तर अत्यधिक है?
**उत्तर** दिल्ली, मुम्बई, कलकत्ता, अहमदाबाद, नागपुर।
**23.** औद्योगिक अपशिष्ट से कौन–कौन से प्रदुषण होते है?
**उत्तर** भूमि प्रदूषण, जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण।
**24.** संसाधन किसे कहते है?
**उत्तर** पर्यावरण में उपलब्ध वे सभी वस्तुएँ जो हमारी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु प्रुयक्त होती है, संसाधन कहलाती है।
**25.** जनसंख्या की परिभाषा दीजिए।
**उत्तर** किसी निश्चित स्थान में एक निश्चित समय में रहने वाले व्यक्तियों की कुल संख्या को जनसंख्या कहते है।
**26.** जनसंख्या के आधार पर भारत का विश्व में कौन स्थान है?
**उत्तर** दूसरा स्थान।
**27.** 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की जनसंख्या विश्व की जनसंख्या का कितना प्रतिशत है?
**उत्तर** 17.3 प्रतिशत।
**28.** भारत की जनसंख्या विश्व के कितने प्रतिशत स्थलीय भू–भाग पर निवास करती है?
**उत्तर** 2.4 प्रतिशत।
**29.** 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की कुल जनसंख्या कितनी है?
**उत्तर** 1.21 अरब।
**30.** भारत का कुल क्षेत्रफल कितना है?
**उत्तर** 32.8 लाख वर्ग किलोमीटर।
**31.** 2011 की जनगणना के अनुसार देश की सर्वाधिक जनसंख्या वाला राज्य कौनसा है?
**उत्तर** उत्तर प्रदेश।
**32.** उत्तर प्रदेश में देश की कुल जनसंख्या का कितना प्रतिशत निवास करती है?
**उत्तर** 16.49 प्रतिशत।
**33.** 2011 की जनगणना के अनुसार देश की न्यूनतम जनसंख्या वाला राज्या कौनसा है?
**उत्तर** सिक्किम।
**34.** जनसंख्या की दृष्टि से राजस्थान का देश में कौनसा स्थान है?
**उत्तर** आँठवा।
**35.** क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान का देश में कौनसा स्थान है?
**उत्तर** प्रथम।
**36.** 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान की कुल जनसंख्या कितनी है?
**उत्तर** 6.86 करोड़।
**37.** 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान का देश की कुल जनसंख्या का कितना प्रतिशत है?
**उत्तर** 5.67 प्रतिशत।



CBEO,BHINDER

**38.** राजस्थान का कुल क्षेत्रफल कितना है?

**उत्तर** 3.42 लाख वर्ग किमी.।

**39.** राजस्थान में सर्वाधिक जनसंख्या वाला जिला कौनसा है?

**उत्तर** जयपुर।

**40.** राजस्थान में सबसे कम जनसंख्या वाला जिला कौनसा है?

**उत्तर** जैसलमेर।

**41.** जनसंख्या वृद्धि से क्या तात्पर्य है?

**उत्तर** किसी विशेष समयान्तराल में (जैसे दस वर्षों में) किसी देश/राज्य/स्थान के निवासियों की संख्या का परिवर्तन जनसंख्या वृद्धि कहलाता है।

**42.** जनसंख्या वृद्धि दर किसे कहते है?

**उत्तर** किसी वर्ष की मूल जनसंख्या में प्रत्येक 100 व्यक्तियों पर हुई व्यक्तियों की वृद्धि जनसंख्या वृद्धि दर कहलाती है।

**43.** 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान के कौनसे जिले में सर्वाधिक जनसंख्या वृद्धि दर हुई।

**उत्तर** बाड़मेर (32.55 प्रतिशत)।

**44.** 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान के कौनसे जिले में सबसे कम जनसंख्या वृद्धि दर हुई।

**उत्तर** गंगानगर (10.06 प्रतिशत)।

**45.** जन्मदर किसे कहते है?

**उत्तर** एक वर्ष में प्रति हजार व्यक्तियों में जितने जीवित बच्चों का जन्म होता है उसे जन्मदर कहते है।

**46.** मृत्युदर किसे कहते है?

**उत्तर** एक वर्ष में प्रति हजार व्यक्तियों में मरने वालों की संख्या को मृत्युदर कहते है।

**47.** जनसंख्या घनत्व किसे कहते है?

**उत्तर** प्रति इकाई क्षेत्रफल में रहने वाले व्यक्तियों की संख्या को जनसंख्या घनत्व कहते है।

**48.** 2011 के अनुसार देश का जनसंख्या घनत्व कितना है?

**उत्तर** 382 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी.।

**49.** 2011 के अनुसार राजस्थान का जनसंख्या घनत्व है?

**उत्तर** 201 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी।

**50.** 2011 के अनुसार भारत की साक्षरता दर कितनी।

**उत्तर** 74.04 प्रतिशत।

**51.** 2011 के अनुसार सर्वाधिक साक्षरता वाला राज्य है?

**उत्तर** केरल (93.91 प्रतिशत)

**52.** 2011 के अनुसार राजस्थान की साक्षरता दर कितनी है?

**उत्तर** 67.07 प्रतिशत।

**53.** लिंगानुपात किसे कहते है?

**उत्तर** किसी क्षेत्र विशेष यथा देश, राज्य या स्थान के पुरूष व स्त्री की संख्या के अनुपात को लिंगानुपात कहते है।

**54.** 2011 के अनुसार देश लिगांनुपात कितना है?

**उत्तर** 940

**55.** 2011 के अनुसार राजस्थान का लिंगानुपात कितना है?

**उत्तर** 921

CEO, BHINDER

**लघुत्रात्मक प्रश्न–**

**1.** राजस्थान का सीसा जस्ता उद्योग किन क्षेत्रों में संचालित है? उस पर टिप्पणी लिखिए?

**उत्तर** राजस्थान की अरावली पर्वत में देश में सर्वाधिक सीसे जस्ते के भण्डार होने के कारण यह उद्योग जावर, देबारी (उदयपुर), तथा चन्देरिया (चित्तौड़गढ़) राजपुरा दरीबा तथा रामपुरा दरीबा में स्थापित है। शेष कच्चा माल पुरबनेड़ा, चौथ का बरबाड़ा, गुढ़ा किशोरीदास से मंगाया जाता है।

**2.** राजस्थान में सीमेन्ट उद्योग की कितनी इकाईंयाँ संचालित है? समझाइए।

**उत्तर** राज्य में सीमेन्ट उद्योग की 16 बड़ी तथा 05 मध्यम तथा 130 निजी क्षेत्र की इकाईंया है। सीमेन्ट की 06 इकाईंयाँ चित्तौड़गढ़ जिले में हैं।

**3.** राजस्थान के मार्बल उद्योग पर प्रकाश डालिए?

**उत्तर** राजस्थान में उच्च श्रेणी का संगमरमर पाया जाता है। इस कारण मकराना, सिरोही, राजनगर, चित्तौड़, उदयपुर, किशनगढ़ में संगमरमर के कटाई, पोलिश व घिसाई करने की इकाईंया लगी है।

**4.** राजस्थान के तिलहन उद्योग पर प्रकाश डालिए।

**उत्तर** देश में तिलहन उत्पादन में राजस्थान प्रथम है। इस कारण मुंगफली, सरसों, सोयाबीन, अलसी, अरण्डी के तेल को निकालने की इकाईयां भरतपुर, अलवर, जयपुर, दौसा, कोटा, बुन्दी में स्थापित है।

**5.** औद्योगिक प्रदूषण का मानव स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ता है?

**उत्तर** औद्योगिक प्रदूषण से मानव पर कई प्रभाव पड़ते है। भारत की 30 प्रतिशत महानगरीय जनसंख्या श्वास की बीमारियों से ग्रसित है। ये सभी बिमारिया वायु में हानिकारक विषैले तत्वों कार्बन, शीशा, सल्फर व अन्य कारक नाइट्रोजन व ऑक्सीजन के साथ क्रिया करके मानव शरीर तथा मृदा तथा जल पर हानिकारक प्रभाव डालते है। जिससे मानव में भयानक बीमारियों जैसे केन्सर, रक्त तथा चमड़ी सम्बन्धी बीमारियों को जन्म देती है।

**6.** औद्योगिक अपशिष्ट से समुद्री जल कैसे प्रदूषित हो रहा है?

**उत्तर** औद्योगिक अपशिष्ट से जल तथा वायु के माध्यम से समुद्री भागों में पहुंच कर स्थानीय परिस्थितिकी तंत्र को प्रभावित करता है, जिससे भोजन श्रृंखला प्रभावित होती है और समुद्री जीव–जन्तु तथा वनस्पति मरने लगते है। समुद्री जहाजों के अपशिष्ट का निस्तारण समुद्रों में तेल टेकरों से होने वाली दुर्घटनाएं, समुद्रों में तेल का निकालना और तटों के समीप शोधन करना तथा परमाणु बम के परीक्षण से समुद्री जल प्रदुषित हो रहा है।

**7.** जनसंख्या वृद्धि के क्या–क्या कारण है?

**उत्तर** जनसंख्या वृद्धि के मुख्य कारण निम्न है–
(1) बढ़ती जन्मदर, (2) घटती मृत्युदर (3) प्रवास।

**8.** अधिकतर प्रायद्वीपीय राज्यों की जनसंख्या घनत्व किन कारको से प्रभावित होती है। बताइए।

**उत्तर** असम व अधिकतर प्रायद्वीपीय राज्यों की जनसंख्या घनत्व मध्यम है। पहाड़ी, कटे, छटे, एवं पथरीले भू–भागीय मध्यम से कम वर्षा, छिछली एवं कम उपजाऊ मिट्टी इन राज्यों के जनसंख्या घनत्व को प्रभावित करती है।

**9.** राजस्थान में साक्षरता दर की वृद्धि हेतु किए गए कार्यक्रमों के बारें में बताइए।

**उत्तर** राज्य में साक्षरता दर की वृद्धि हेतु चलाए गये कार्यक्रम जैस साक्षरता अभियान, प्रौढ़ शिक्षा, सतत साक्षरता कार्यक्रम, बालिका शिक्षा पर विशेष ध्यान एवं प्रोत्साहन निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा इत्यादि।



CBEO BHINDER

**10.** राज्य सरकार ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए संचालित योजनाओं के बारें में बताइए।

**उत्तर** बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएँ चलाई जा रही है। जिनमें प्रमुख कस्तुरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय, ग्रामीण बालिकाओं को ट्रांसपोर्ट वाउचर, गार्गी पुरस्कार, आपकी बेटी योजना, देवनारायण स्कूटी वितरण व छात्राओं के लिए निःशुल्क साईकिल की योजना व अन्य बालिका प्रोत्साहन योजनाएँ प्रमुख है।

**11.** लिंगानुपात पुरूषों के पक्ष में रहने के प्रमुख कारण बताइए।

**उत्तर** लिंगानुपात पुरूषों के पक्ष में रहने का प्रमुख कारण भ्रूण हत्या मानी जाती है। सरकार द्वारा भ्रूण हत्या रोकने और लड़कियों के जन्म और उनके जीवित रहने की स्थिति में सुधार लाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे है।

**12.** जनसंख्या वृद्धि दर को नियंत्रित करने के उपाय लिखिए।

**उत्तर** जन्म दर को नियन्त्रित, लड़कियों की शादी की उम्र को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने तथा परिवार नियोजन आदि द्वारा जनसंख्या वृद्धि दर को नियंत्रित करने के उपाय अपनाए गए।

**13.** ग्रामीण से शहरी क्षेत्र की ओर जनसंख्या के प्रवास के प्रमुख कारण लिखिए।

**उत्तर** दूसरे स्थान पर होने वाला प्रवास ग्रामीण में शहरी क्षेत्रों की ओर होता है। शहरी क्षेत्रों में गरीबी व बेरोजगारी की प्रतिकूल अवस्थाएं, नगर आकर्षण प्रभाव, रोजगार में वृद्धि, उच्च जीवन स्तर आदि है।

**14.** 2011 के अनुसार देश में सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व तथा न्यूनतम जनसंख्या घनत्व वाले राज्य कौन से है?

**उत्तर** 2011 के अनुसार देश में बिहार का जनसंख्या घनत्व 1102 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी. सर्वाधिक तथा अरूणाचल प्रदेश में 17 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी. सबसे कम है।

**15.** 2011 के अनुसार राजस्थान में सर्वाधिक व न्यूनतम जनसंख्या घनत्व वाले जिले कौनसे है?

**उत्तर** 2011 के अनुसार राज्य का सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व 598 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी. जयपुर जिले का व सबसे न्यूनतम जनसंख्या घनत्व 17 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी. जैसलमेर जिले का है।

**16.** 2011 की जनगणना के अनुसार देश में सबसे अधिक व सबसे कम लिंगानुपात वाले राज्य कौनसे है ?

**उत्तर** 2011 की जनगणना के अनुसार केरल राज्य का लिंगानुपात 1084 सबसे अधिक व हरियाणा का लिंगानुपात 877 सबसे पिछड़ा राज्य है।

CBEO, BHINDER

# पाठ .14 : आर्थिक अवधारणाएँ एवं नियोजन

**अति लघुतरात्मक प्रश्न –**

प्र.1 किसी भी व्यक्ति या परिवार के कल्याण को देखने हेतु सबसे उपयोगी कारक किसे माना जाता है?

उत्तर आय

प्र.2 भारत में वित्त वर्ष की समयावधि कब से कब मानी जाती है?

उत्तर भारत में वित्त वर्ष 1 अप्रेल से 31 मार्च तक मानी जाती है।

प्र.3 उत्पादन किसे कहते है?

उत्तर उपयोगिता का सृजन तथा मूल्य वृद्धि का सृजन ही उत्पादन कहलाता है।

प्र.4 प्रति व्यक्ति आय ज्ञात करने का सूत्र बताइये?

उत्तर प्रति व्यक्ति आय = $\frac{\text{राष्ट्रीय आय}}{\text{जनसंख्या}}$

प्र.5 भारत में राष्ट्रीय आय की प्रथम गणना किसने व कब की गयी थी?

उत्तर भारत में राष्ट्रीय आय की प्रथम गणना श्री दादा भाई नौराजी द्वारा 1868 ई. में की गयी थी।

प्र.6 राष्ट्रीय आय समिति के अध्यक्ष कौन थे?

उत्तर राष्ट्रीय आय समिति के अध्यक्ष महालनोबिस थे।

प्र.7 राष्ट्रीय आय समिति का गठन कब किया गया था?

उत्तर अगस्त 1949 में राष्ट्रीय आय समिति का गठन किया गया था।

प्र.8 राष्ट्रीय आय की गणना का कार्य कौन करता है?

उत्तर राष्ट्रीय आय की गणना का कार्य केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन करता है।

प्र.9 राष्ट्रीय आय की गणना का कार्य कब से प्रारम्भ किया गया था?

उत्तर राष्ट्रीय आय की गणना का कार्य 1955 से प्रारम्भ किया गया।

प्र.10 राष्ट्रीय आय समिति ने प्रथम एवं अन्तिम रिपोर्ट कब प्रस्तुत की थी?

उत्तर इस समिति ने अपनी प्रथम रिपोर्ट 1951 ई. में तथा अन्तिम रिपोर्ट 1955 ई. में प्रस्तुत की।

प्र.11 कपास की खेती कौनसी फसल है?

उत्तर कपास की खेती मौसमी फसल है।

प्र.12 कपास के पौधो की वृद्धि के लिए प्राकृतिक कारक कौन–कौन से है?

उत्तर मुख्यतः प्राकृतिक कारक वर्षा, सूर्य का प्रकाश और जलवायु है।

प्र.13 गन्ने को कच्चे माल के रूप में उपयोग कर हम चीनी और गुड तैयार करते है यह उदाहरण अर्थव्यवसथा के किस क्षेत्र में आता है?

उत्तर द्वितीयक क्षेत्र

प्र.14 परिवहन, भण्डारण, संचार बैक सेवाएँ और व्यापार किस क्षेत्र की गतिविधियों के उदाहरण है?

उत्तर तृतीयक क्षेत्र

प्र.15 वर्तमान समय में सूचना–प्रौद्योगिकी पर आधारित कुछ नवीन सेवाएँ कौन– कौन सी है?

उत्तर इंटरनेट कैफे ए.टी.एम. बूथ, ई–कियोस्क, काल सेन्टर, सॉफ्टवेयर कम्पनी इत्यादि।

प्र.16 सतत विकास या धारणीय विकास को परिभाषित कीजिये?

उत्तर प्राकृतिक संसाधनों की निरन्तरता को बनाये रखते हुए जो आर्थिक विकास किया जाता है वह सतत विकास कहलाता है।

प्र.17 राष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक नियोजन की तकनीक सर्वप्रथम किस देश द्वारा अपनायी गई?

उत्तर राष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक नियोजन की तकनीक सर्वप्रथम सोवियत संघ द्वारा अपनायी गयी।



CBEO,BHINDER

प्र.18 मानव विकास की अवधारणा कौनसे सन् में प्रारम्भ हुई?

उत्तर मानव विकास की अवधारणा 1990 ई. में प्रारम्भ हुई।

प्र.19 आर्थिक नियोजन क्या है?

उत्तर उपलब्ध आर्थिक संसाधनों के उपयोग से निर्धारित सामाजिक लक्ष्यों को प्राप्त करने का विज्ञान ही आर्थिक नियोजन है।

प्र.20 सोवियत संघ ने केन्द्रीय नियोजन की घोषणा कब की?

उत्तर 1928 ई. में।

प्र.21 भारतीय आर्थिक नियोजन के इतिहास में प्रथम प्रयास किसके द्वारा व कब किया गया था?

उत्तर सर एम. विश्वेश्वरैया द्वारा 1934 ई. में प्रथम प्रयास किया गया।

प्र.22 श्री एम. विश्वेश्वरैया की प्रस्तक का नाम लिखिये?

उत्तरु ''प्लान्ड इकॉनॉमी ऑफ इंडिया'' (च्संददमक म्बवदवउल वि्दकपं)

प्र.23 योजना आयोग की स्थापना कब की गयी थी?

उत्तर मार्च 1950 में योजना आयोग की स्थापना की गयी।

प्र.24 राष्ट्रीय विकास परिषद की स्थापना कब की गयी थी?

उत्तर अगस्त 1952 में एक संकल्प के द्वारा राष्ट्रीय परिषद की स्थापना की गयी थी।

प्र.25 पहली पंचवर्षीय योजना की निर्धारित अवधि क्या थी?

उत्तर 1 अप्रेल 1951 से 31 मार्च 1956 तक।

प्र.26 योजना अवकाश किसे कहां जाता है?

उत्तर 1966 से 1969 ई. के बीच तीन वार्षिक योजनाएँ बनायी गयी इस अवधि को योजना अवकाश कहा जाता है।

प्र.27 अनवरत योजना क्या है?

उत्तर एकचालु योजना को निश्चित समय अन्तराल के बाद सम्पादित किया जाना अनवरत योजना है।

प्र.28 नीति आयोग की स्थापना कब प्रारम्भ की गयी थी?

उत्तर 1 जनवरी 2015 को नीति आयोग की गयी थी।

प्र.29 वर्तमान में नीति आयोग के अध्यक्ष कौन है?

उत्तर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी है।

प्र.30 मानव विकास सूचकांक में शामिल तीन आयाम कौन–कौन से है?

उत्तर
1. ज्ञान
2. स्वास्थ्य (जीवन प्रत्याशा)
3. जीवन स्तर (प्रति व्यक्ति आय)

प्र.31 आर्थिक नियोजन क्या है?

उत्तर एक अर्थव्यवस्था द्वारा उपलब्ध आर्थिक संसाधनों को उपयोग में लेकर निर्धारण लक्ष्यों को प्राप्त करने का विज्ञान ही आर्थिक नियोजन है।

प्र.32 आर्थिक नियोजन की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण निर्णय किसके द्वारा लिये जाते है?

उत्तर केन्द्रीय प्राधिकार

प्र.33 कौनसी पंचवर्षीय योजना को समय से एक वर्ष पूर्व ही समाप्त कर दिया गया था?

उत्तर पांचवी पंचवर्षीय योजना

**लघुतरात्मक प्रश्न –**

प्र.1 राष्ट्रीय आय की गणना क्यो की जानी चाहिये? कोई तीन कारण दीजिये?

उत्तर
1. राष्ट्र की आर्थिक स्थिति तथा आर्थिक प्रगति का ज्ञान होता है।
2. आय के आधार पर हम विभिन्न राष्ट्रो की अर्थव्यवस्था की तुलना कर सकते है।
3. राष्ट्रीय आय के अनुमानों के आधार पर अर्थव्यवस्था के लिए भावी नीतियों का निर्माण किया जा सकता है।

CBEO,BHINDER

प्र.2 राष्ट्रीय आय को परिभाषित कीजिये?

उत्तर एक देश के सभी साधनों द्वारा एक वर्ष में उत्पादन प्रक्रिया में योगदान के फलस्वरूप अर्जित आय का योग राष्ट्रीय आय कहलाता है।

प्र.3 सकल घरेलू उत्पाद क्या है?

उत्तर एक देश की घरेलू सीमाओं में एक वर्ष में उप्पादित समस्त अन्तिम वस्तुओं और सेवाओं के मौद्रिक मूल्यों का योग सकल घरेलू उत्पाद कहलाता है।

प्र.4 भारत में आर्थिक नियोजन के उद्देश्य क्या–क्या थे?

उत्तर
1. आर्थिक विकास के लक्ष्य को प्राप्त करना।
2. गरीबो की समस्या का समाधान करना।

प्र.5 आर्थिक विकास की अवधारण आर्थिक वृद्धि की अवधारणा से किस प्रकार अधिक व्यापक है?

उत्तर आर्थिक वृद्धि आर्थिक विकास का एक महत्वपूर्ण आयाम है। आर्थिक वृद्धि तथा अनुकूल सामाजिक, राजनैतिक, सांस्कृतिक परिवर्तनों का योग आर्थिक विकास कहलाता है।

प्र.6 नीति आयोग सरकार के लिए क्या–क्या कार्य करता है?

उत्तर नीति आयोग सरकार के लिए विभिन्न नीतियों और कार्यक्रमों का निर्माण तथा सरकार को सलाह प्रदान करने का कार्य करता है।

प्र.7 भारत के तृतीयक क्षेत्र के बढ़ते महत्व को समझाइये?

उत्तर
1. अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में उत्पादन में वृद्धि हुई है।
2. रोजगार के अवसरों में वृद्धि होना।
3. प्राथमिक एवं द्धितीयक क्षेत्र के विकास में तृतीयक क्षेत्र का योगदान महत्वपूर्ण है।

CBEO,BHINDER

# पाठ .15 : भारतीय अर्थव्यवस्था की विशेषाताएँ एवं नवीन प्रवृतियाँ

**अति लघुतरात्मक प्रश्न –**

प्र.1 वर्ष 2015 में भारत की प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय कितनी थी?
उत्तर प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय 1590 अमेरिकी डॉलर थी।

प्र.2 भारतीय अर्थव्यवस्था के अविकसित स्वरूप को व्यक्त करने वाली कोई दो विशेषताएँ बताइये?
उत्तर 1. निम्न प्रति व्यक्ति आय
2. जीवन की निम्न गुणवता

प्र.3 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की साक्षरता दर कितनी थी?
उत्तर साक्षरता दर 74.04 प्रतिशत थी।

प्र.4 विश्व बैक के अनुसार भारत में वर्ष 2014 में जीवन प्रत्याक्षा कितनी थी?
उत्तर 68 वर्ष थी।

प्र.5 जन्म के समय जीवन प्रत्याशा किसे कहते है?
उत्तर एक नवजात की प्रत्याशित औसत आयु का सांख्यिकीय माप जन्म के समय जीवन प्रत्याशा कहलाती है।

प्र.6 भारत में निर्धनता अनुपात कितना है?
उत्तर सुरेश तेन्दुलकर के अनुमानों के अनुसार वर्ष 2011–12 में भारत में निर्धनता अनुपात 21.92 प्रतिशत था।

प्र.7 स्वतंत्रता के समय कितने प्रतिशत जनसंख्या कृषि पर आधारित थी?
उत्तर 72 प्रतिशत।

प्र.8 जनांकिकी किसे कहते है?
उत्तर मानव जनसंख्या की वैज्ञाानिक तथा सांख्यिकीय अध्ययन जनांकिकी कहलाता है।

प्र.9 भारत में छिपी हुई बेरोजगारी हेतु जिम्मेदार कोई दो कारण बताइये?
उत्तर 1. कृषि पर अत्यधिक निर्भरता।
2. उ़द्योग एवं सेवा क्षेत्र का धीमा विकास।

प्र.10 जापान के तीव्र विकास में किसका योगदान है?
उत्तर तकनीक का योगदान महत्वपूर्ण है।

प्र.11 मानव विकास सूचकांक में वर्ष 2015 की रिपोर्ट के अनुसार भारत का विश्व में कौनसा स्थान है?
उत्तर 2015 की रिपोर्ट के अनुसार भारत का विश्व में 130वां स्थान है?

प्र.12 आधार संरचना का क्या तात्पर्य है?
उत्तर आधार संरचना का तात्पर्य उन वस्तुओं और सेवाओं की उपलब्धता से है जो अर्थव्यवस्था की कार्य पद्धति को सुगम बनाते है।

प्र.13 आधार संरचना के कुद उदाहरण दीजिये?
उत्तर सड़क, विद्युत, शिक्षा, स्वास्थ्य बीमा, बैकिंग आदि आधार संरचना के उदाहरण है।

प्र.14 डॉ. राजकृष्णा ने किसे हिन्दु विकास दर कहा था?
उत्तर डॉ. राजकृष्णा ने 1950–1980 के बीच भारत में हुई 3.5 प्रतिशत वार्षिक विकास दर को हिन्दु विकास दर की संज्ञा दी है।

प्र.15 ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना 2007–12 में भारत की विकास दर कितने प्रतिशत रही?
उत्तर 8 प्रतिशत।

प्र.16 आर्थिक वृद्धि दर किसे कहाँ जाता है?
उत्तर वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर को आर्थिक वृद्धि दर कहा जाता है।

प्र.17 भारत में विगत वर्षों में किस क्षेत्र का अंश सर्वाधिक तेजी से बढ़ा है?
उत्तर सेवा क्षेत्र का अंश तेजी से बढ़ा है।

CBEO, BHINDER

प्र.18 वर्तमान में राष्ट्रीय आय में सेवा क्षेत्र का योगदान कितना है?

उत्तर राष्ट्रीय आय में सेवा क्षेत्र का योगदान लगभग 60 प्रतिशत है।

प्र.19 राजकोषीय अनुशासन को क्या तात्पर्य है।

उत्तर सरकार की उन नीतियों तथा प्रयासो से है जो सरकार घाटे तथा सरकारी ऋणों के भार को कम करने हेतु अपनाये जाते है।

प्र.20 व्यापार घाटे से आप क्या समझते है?

उत्तर एक देश में व्यापार घाटा कब होता है जब उस देश के आयातो का मूल्य निर्यातों से अधिक होता है।

प्र.21 भुगतान सन्तुलन किसे कहते है?

उत्तर एक देश का शेष विश्व के साथ एक वर्ष में समस्त लेन देन का सक्षिप्त विवरण भुगतान सन्तुलन कहलाता है।

प्र.22 भारत सरकार द्वारा नई आर्थिक नीति कब घोषित की गई?

उत्तर जुलाई 1991 में।

प्र.23 विश्व बैक की स्थापना किस वर्ष की गई?

उत्तर 1944 में।

प्र.24 भारत में निजीकरण हेतु उठाये गये कोई दो कदम बताइये?

उत्तर
1. सार्वजनिक क्षेत्र हेतु आरक्षित उद्योग की संख्या कम कर दी गई।
2. कई उद्योगो हेतु लाइसेन्स की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई।

प्र.25 वैश्वीकरण क्या है?

उत्तर घेरलू अर्थव्यवस्था का विश्व अर्थव्यवस्था के साथ एकीकरण वैश्वीकरण कहलाता है।

प्र.26 विश्व व्यापार संगठन की स्थापना कब हुई?

उत्तर 1 जनवरी 1995

प्र.27 स्वदेशी शब्द का अर्थ क्या होता है?

उत्तर ''स्वयं के देश का''।

प्र.28 कोई दो स्वदेशी उत्पादों के नाम बताइये?

उत्तर 1. अमूल 2. गोदरेज

प्र.29 स्वेदशी के कोई दो लाभ बताइये?

उत्तर
1. भारतीय उद्योगों के विकास को बल
2. देश के घरेलू उत्पादन एवं राष्ट्रीय आय में वृद्धि

प्र.30 किस आयु वर्ग को कार्यकारी जनसंख्या में शामिल किया जाता है?

उत्तर 15 से 64 वर्ष के आयु वर्ग।

प्र.31 राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन कब प्रारम्भ किया गया?

उत्तर 15 जुलाई 2015

प्र.32 बहुराष्ट्रीय कम्पनी किसे कहते है?

उत्तर एक बहुराष्ट्रीय कम्पनी वह है जो एक से अधिक देशों के उत्पादन पर नियत्रंण व स्वायित्व रखती है।

**लघुतरात्मक प्रश्न –**

प्र.1 कौशल विकास पर टिप्पणी लिखिये।

उत्तर कौशल विकास से श्रम की उत्पादकता में वृद्धि होती है। साथ ही युवाओं को कौशल प्रदान कर रोजगार योग्य बनाये जाय। इस मिशन के मुखिया माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी है। कौशल विकास से भारत की मानव शक्ति को अनेक लाभ व अवसर प्राप्त होगे।

प्र.2 भारत में उदारीकरण हेतु क्या–क्या कदम उठाये गये?

उत्तर जुलाई 1991 में नई औद्योगिक नीति घोषित की गई। अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक सुधारों को प्रक्रिया प्रारम्भ की गई। वितीय क्षेत्र, विदेशी विनयम, कर व्यवस्था आदि में व्यापक सुधार किया गया

CBEO, BHINDER

# अध्याय 16 : भारतीय अर्थव्यवस्था के समक्ष चुनौतियॉ निर्धनता एवं बेरोजगारी

**अति लद्युतरात्मक प्रश्न :–**

प्र 1 गरीबी से क्या आशय है?

उत्तर गरीबी वह स्थिति है जिसमें व्यक्ति जीवन निर्वाह न्यूनतम आवश्यकताओ को पूरा करने मे असफल हो जाता है।

प्र 2 निरपेक्ष गरीबी का विचार किन राष्ट्रो के लिए अधिक उपयोगी है?

उत्तर निरपेक्ष गरीबी का विचार अविकसित राष्ट्रो के लिए अधिक उपयोगी है।

प्र 3 गरीबी को परिभाषित करने हेतु योजना आयोग द्वारा अध्ययन दल का गठन कब किया गया?

उत्तर 1962 ई.।

प्र 4 वी.एम. दांडेकर तथा नीलकंठरथ ने गरीबी के लिए एक कसौटी को परिभाषित कब किया?

उत्तर 1971 ई.।

प्र 5 1979 का वर्ष महत्वपूर्ण है जब कि प्रभावी उपयोग मॉग एवं न्यूनतम आवश्यकता पर कार्य दल द्वारा अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कि गयी उस कमेटी का नाम क्या था?

उत्तर वाई.के. अलघ

प्र 6 ग्रामीण क्षेत्रो मे प्रति व्यक्ति प्रतिदिन कितने कैलोरी से नीचे उपयोग को गरीबी रेखा से नीचे माना जाता है?

उत्तर 2400 कैलोरी प्रतिदिन।

प्र 7 शहरी क्षेत्र मे प्रतिदिन कितने कैलोरी से नीचे उपयोग को गरीबी रेखा से नीचे माना जाता है?

उत्तर 2100 कैलोरी ।

प्र 8 किसके द्वारा गरीबी निर्धारण का आधार उपयोग व्यय माना गया है?

उत्तर सुरेश तेंदुलकर तथा सी. रंगराजन।

प्र 9 समान रीकोल अवधि मे कितनी अवधि के लिए उपयोग व्यय के समंक एकत्र किये जाते है?

उत्तर समान रीकोल अवधि में 30 दिन की अवधि के लिए उपयोग व्यय के समंक एकत्र किये जाते है।

प्र 10 सी. रंगराजन कि के अनुसार भारत मे वर्ष 2011–12 मे निर्धनता अनुपात कितना था?

उत्तर 29.50 प्रतिशत

प्र 11 सुरेश तेंदुलकर के अनुमान के आधार पर भारत मे कितने प्रतिशत लोग गरिब है?

उत्तर 21.92 प्रतिशत।

प्र 12 ऑक्स फार्ड निर्धनता एवं मानव विकास पहल ने बहुआयामी निर्धनता सूचकांक किस कार्यक्रम के लिए बनाया गया?

उत्तर संयुक्त राष्ट विकास कार्यक्रम के लिए।

प्र 13 मानव विकास प्रतिवेदन कब जारी किया गया ?

उत्तर 2010 में।

प्र 14 निर्धनता सूचकांक के आकलन हेतू कितने सुत्रकों तथा आयामों का प्रयोग किया गया?

उत्तर तीन आयामों तथा 10 सुत्रकों का प्रयोग किया गया।

प्र 15 भारत मे विश्वसनीय समंको के संकलन का कार्य किस संगणन द्वारा किया गया था?

उत्तर राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगणन ।

प्र 16 किसकी अध्यक्षता मे योजना आयोग द्वारा गरीबी के अनुमान लगाने हेतु कार्यदलो का गठन किया गया?

उत्तर डी.टी लकडावाला, सुरेश तेंदुलकर तथा सी. रंगराजन।

प्र17 1993–94 तथा 2004–05 के लिए गरीबी के अनुमान किस फॉर्मूला द्वारा लगाये थे?
उत्तर लकडावाला फॉर्मूला ।
प्र 18 किसके द्वारा गरिबी निर्धारण का आधार उपयोग व्यय माना गया है?
उत्तर सुरेश तेंदूलकर तथा सी. रंगराजन द्वारा ।
प्र 19 भारत मे गरीबी के कोई दो सामाजिक कारण बताईए?
उत्तर 1. समाज मे व्याप्त कूप्रथाएँ।
2 बेटे की चाह मे जनसंख्या मे वृद्धि।
प्र 20 गरीबी के दुष्चक्र की परिकल्पना किसने प्रस्तुत की थी?
उत्तर रेग्नार नर्क्से ।
प्र:21 जापान तथा अमेरिका किस कारण से आर्थिक शक्ति बन गये है?
उत्तर मानव पूँजी के कारण ।
प्र:22 भारत मे गरीबी निवारण हेतु कोई दो उपाय बताईए ?
उत्तर 1. शिक्षा एवं स्वास्थ सेवाओ का प्रसार
2. रोजगार के अवसर मे वृद्धि ।
प्र:23 गरीबी निवारण हेतू भारत मे नयी बहुआयामी नीति कब अपनायी गई?
उत्तर 1970 के पश्चात।
प्र:24 बेरोजगारी किसे कहते है ?
उत्तर कोई व्यक्ति कार्य के योग्य एवं इच्छूक हो लेकिन रोजगार प्राप्त करने मे असफल हो तो इस स्थिति को बेरोजगारी कहते है।
प्र:25 बेरोजगारी का अनुमान लगाने हेतु किस संगठन द्वारा आँकडे जुटाये जाते है?
उत्तर भारती प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन (N.S.S.O)
प्र.26 2011–12 के 68वें दौर में सामान्य स्थिति पर बेराजगारी पर कितनी प्रतिशत थी?
उत्तर 2.3 प्रतिशत।
प्र.27 तकनीकी बेराजगारी किसे कहते है?
उत्तर उत्पादन की तकनीक में सुधार तथा नवीन मशीनों के उपयोग के कारण जो बेरोजगारी होती है वह तकनीकी बेराजगारी कहलाती है।
प्र.28 किस प्रकार की बेरोजगारी को भिन्नात्मक बेरोजगारी कहां जाता है?
उत्तर घर्षणात्मक बेराजगारी।
प्र.29 भारत में बेराजगारी के कोई दो कारण बताइये?
उत्तर 1. रोजगारपरक शिक्षा एवं प्रशिक्षण का अभाव।
2. बढ़ती जनसंख्या तथा श्रम शक्ति।
प्र.30 भारतीय बेरोजगारी को दूर करने हेतु किस प्रकार की तकनीक उपयुक्त नहीं है?
उत्तर पूँजी गहन तकनीक उपयुक्त नहीं है क्योंकि यह श्रम बचतकारी होती है।
प्र.31 भारत में बेरोजगारी दूर करने हेतु कोई दो उपाय बताइये?
उत्तर 1.मजदूरी एवं स्वरोजगार कार्यक्रमों में उचित समन्वय किया जाना चाहिये।
2.शिक्षा को रोजगारपरक बनाया जाना चाहिये।
प्र.32 मौसमी बेरोजगारी क्या है?
उत्तर जब मौसम प्रतिकूल होता है तो मौसमी व्यवसायों में लगे लोगों को बेरोजगारी का सामना करना पड़ता है। इसे मौसमी बेरोजगारी कहा जाता है।
प्र.33 संरचनात्मक परिर्वतनों के कारण जो बेरोजगारी उत्पन्न होती है वह कौनसी बेरोजगारी कहलाती है?
उत्तर संरचनात्मक बेरोजगारी।

CSEO, BHINDER

**लघुतरात्मक प्रश्न –**

प्र.1 निरपेक्ष तथा सापेक्ष गरीबी के मध्य अन्तर बताइये?

उत्तर निरपेक्ष गरीबी वह स्थिति है जिसमें व्यक्ति अपने जीवन की न्यूनतम आवश्यकता को भी पूरा नहीं कर पाता है। जबकि सापेक्षिक गरीबी समाज के विभिन्न वर्गो के बीच आय या धन या उयोग व्यय के वितरण में सापेक्षिक असमानताओं का माप है।

प्र.2 चक्रीय बेरोजगारी तथा छिपी हुई बेरोजगारी पर विवेचना कीजिये।

उत्तर अर्थव्यवस्था में होने वाले नियमित प्रकृति के उतार–चढाव को चक्रीय बेरोजगारी कहलाती है। उत्पादन एवं रोजगार में गिरावट आती है। छिपी हुई बेरोजगारी में व्यक्ति रोजगार में संलग्न तो दिखई देता है लेकिन कुल उत्पादन में उसका योगदान शुन्य होता है।

प्र.3 भारत में गरीबी का कारण राजनैतिक कारण है स्पष्ट कीजिये?

उत्तर क्योंकि गरीबी निवारण के लिए कोई विशेष प्रयास नहीं किये गये। इच्छा शक्ति की कमी के कारण भारत में भीषण गरीबी के लिए उत्तरदायी है हमारे प्रशासनिक तंत्र में भी अनेक रिसाव है।

प्र.4 बेरोजगारी निवारण के उपाय हेतु सरकार द्वारा कौन–कौन से उपाय अपनाये गये?

उत्तर सरकार द्वारा अपनाया गया महत्वांकाक्षी कार्यक्रम ''मेक इन इंडिया'' तथा विनेश प्रोत्साहन उपाय उ़द्योगो की वृद्धि दर को तेज गति प्रदान करेंगे तथा तीव्र औ़द्योगिक विकास के द्वारा बेरोजगारी में कमी की जा सकती है।

CBEO,BHINDER

# पाठ–18 उपभोक्ता एव विधिक जागरुकता तथा सुचना का अधिकार

अति–लघुत्रात्मक

प्र01. वस्तु विनिमय किसे कहतें है?

उत्तर– वस्तुओं का आदान प्रदान करना ही वस्तु विनिमय कहते है।

प्र0 2. उपभोक्ता किसे कहतें है?

उत्तर–व्यक्ति किसी वस्तु या सेवा का मुल्य देकर उसे प्राप्त करके उपभोग करता या लाभ लेता है।(उप़+भोगता या प्राप्त करके उपभोग करने वाला व्यक्ति ) वह उपभोगता कहलाता है।

प्र0 3. उपभोक्ता अधिनियम कब लागु हुआ?

उत्तर– उपभोक्ता अधिनियम 1986 में लागु हुआ।

प्र0 4. बाल विवाह प्रतिषेद अधिनियम कब बनाया गया?

उत्तर– बाल विवाह प्रतिषेद अधिनियम 2006 में बनाया गया।

प्र0 5. राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा नकल विरोधी कानून अधिनियम कब लागु हुआ?

उत्तर– राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा नकल विरोधी कानून अधिनियम सन 1992 में लागु हुआ।

प्र0 6. सुचना का अधिकार अधिनियम पुरे देश में कब लागु हुआ?

उत्तर– सुचना का अधिकार अधिनियम पुरे देश में 13 अक्टुम्बर 2005 लागु हुआ।

प्र0 7. उपभोक्ता वस्तु या सेवा किस प्रकार प्राप्त करता है?

उत्तर – उपभोक्ता द्वारा वस्तु या सेवा का मूल्य (प्रतिफल) देकर प्राप्त करता है।

प्र0 8. उपभोक्ता शोषण किन दो वर्गो में बाटा गया है?

उत्तर– 1. माल या वस्तुओं के रुप में शोषण। 2. सेवा के रुप में शोषण।

प्र0 9. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम मुख्य उदेश्य क्या है?

उत्तर– उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम मुख्य उदेश्य उपभोक्ताओं के हितो की श्रेष्ठतर संरक्षण व्यवस्था करना है।

प्र0 10. उपभोक्ता दिवस कब मनाया जाता है?

उत्तर– उपभोक्ता दिवस प्रतिवर्ष 14 दिसम्बर कों मनाया जाता है।

प्र011. राजस्थान उपभोक्ता अधिनियम कब पारित किया गया?

उत्तर – राजस्थान उपभोक्ता अधिनियम सन 1987 में पारित किया गया।

प्र0 12. विधिक जागरुकता से क्या आशय है?

उत्तर– सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी व लाभकारी योजनाओं की जानकारी रखना ही विधिक जागरुकता है।

प्र0 13. प्रसुति सहायता योजना के अन्तर्गत महिलाओं को प्रति प्रसव पर कितनी सहायता राशि दी जाती है?

उत्तर – प्रसुति सहायता योजना (महिला हितकरी योजना )के अन्तर्गत महिलाओं को दो प्रसव के लियें प्रति प्रसव पर 6000 रु0प्रसुति सहायता के रुप में दिये जाते है।

प्र0 14. दुर्घटना मृत्यु पर कितनी सहायता राशि दी जाती है?

उत्तर– दुर्घटना मृत्यु पर 5 लाख रुपये सहायता राशि दी जाती है।

प्र0 15. राजस्थान विश्वकर्मा गैर संगठित अंशदायी क्या है?

उत्तर– पंजिकृत श्रमिकों के जीवन सुरक्षा के लिये अंशदायी पैंशन लाभ दिया जाता है।



CBEO BHINDER

प्र0 16. मातृत्व लाभ अधिनियम कब लागु किया गया है?
उत्तर– मातृत्व लाभ अधिनियम 1961 में लागु किया गया है।
प्र0 17. राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस कब मनाया जाता है?
उत्तर – राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस 5 नवम्बर कों मनाया जाता है।
प्र0 18. विधिक सेवा प्राधिकरण के संस्थान कौन –कौन से है?
उत्तर– 1. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण 2. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण।
3. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण 4. तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण ।
प्र0 19. कर्मचारियों की सुरक्षा के लिये सरकार द्वारा कौनसी योजना चलायी जा रही है?
उत्तर– कर्मचारियों की सुरक्षा के लिये राज्य बीमा व कर्मचारी भविष्यनिधी योजना सरकार द्वारा चलायी जा रही है।
प्र0 20.राजस्थान उपभाक्ता अधिनियम के अनुसार उपभोक्ता विवाद निवारण की व्यवस्था किस प्रकार की गयी है?
उत्तर– दो स्तरीय व्यवस्था की गयी है।

1. राज्य स्तर।
2. जिला स्तर।

**लघुत्रात्मक**

प्र0 1.व्यक्ति किसे कहा गया है?
उत्तर– उपभोक्ता अधिनियम 1986 के अनुसार व्यक्ति शब्द में निम्नलिखित तत्व शामिल किये गये है।

1. पजीकृत या अपंजीकृत फर्मा
2. संयुक्त हिंदु परिवार
3.सहकारी संस्था
4.व्यक्तियों का कोई संघ चाहे वह समितियों के पंजीयन अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत हो अथवा नहीं को व्यक्ति में माना जाएगा।

प्र. 2. उपभोक्ता अधिनियम 1986 की धारा 6 में उपभोक्ता के संरक्षण के लिए किन–किन अधिकारों का प्रावधान किया गया है ?
उत्तर–1. परिसंकट मय माल के विरूद्ध संरक्षण का अधिकार।
2. सूचित किये जाने या सूचना का अधिकार।
3.विभिन्न प्रकार की वस्तुएं या माल विभिन्न प्रतिस्पर्धा मूल्यों पर पाने का अधिकार।
4.उचित फॉर्मों के समक्ष ध्यान पाने का अधिकार।
5.अनैतिक शोषण के विरूद्ध पारितोष प्राप्त करने का अधिकार।
6.उपभोक्ता शिक्षा पाने का अधिकार।
प्र. 3. उपभोक्ता के कर्तव्य कौन–कौन से हैं, जिससे वह शोषण से बच सके ?
उत्तर– 1.किसी भी वस्तु के कार्य करते समय भुगतान की गई राशि की रशीद या बिल प्राप्त करना।
2.वस्तु से संबंधित लिखित या अलिखित पूर्ण जानकारी प्राप्त करना।
3.वस्तुओं से श्रेणीकरण तथा गुणवता के चिन्हों जैसे – आई.एस.आई. / ए.जी. / आई.एस.ओ. / एफ.पी.ओ. / ई.सी.ओ. आदि पर पूरा ध्यान दें।

CBEO,BHINDER

4.वस्तु या सेवा में कमी/दोष होने पर विक्रेता को सुचित कर हानि की क्षतिपूर्ति की मांग करें।

5.अपनी शिकायत की पुष्टि में दस्तावेज व प्रमाण जुटाएं।

6.यदि विक्रेता उपभोक्ता की शिकायत पर ध्यान नहीं देता है तो अविलम्ब उपभोक्ता न्यायालय से संपर्क स्थापित करें।

प्र. 4. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम कितने स्तरों पर उपभोक्ता विवाद निवारण की व्यवस्था की गई है ?

उत्तर–उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम में तीन स्तरों पर उपभोक्ता विवाद निवारण की व्यवस्था की गई है।

1.राष्ट्रीय स्तर पर 2. राज्य स्तर पर 3. जिला स्तर पर

प्र. 5.प्रथम अपील से क्या अभिप्राय है ?

उत्तर– लोक सूचना अधिकारी से सूचना मिलने के 30 दिन के अन्दर उच्च अधिकारी के समक्ष की गई अपील ही प्रथम अपील है। इसमें ग्राम सेवक की अपील सरपंच, विकास अधिकारी की अपील प्रधान को अतिरिक्त कलक्टर की अपील जिला कलक्टर को की जाती है।

प्र. 6.दूसरी अपील किसको की जाती है ?

उत्तर–सूचना प्राप्त कर्ता द्वारा की गई शिकायत पर 30 दिनों में कोई कार्यवाही नहीं होने पर दूसरी अपील राज्य सूचना आयोग को की जाती है।

प्र. 7.सूचना के अधिकार का हनन करने वाले अधिकारी पर क्या जुर्माना लगाया जाता है ?

उत्तर–सूचना देने वाले अधिकारी बिना किसी कारण आवेदन लेने से मना करे या जानबुझकर गलत या अधूरी या भ्रामक सूचना देने पर 250 रूपये रोजाना कुल 25000 रूपये तक के जुर्माने का प्रावधान है।

प्र. 8. 30 दिवस के अन्दर सूचना नहीं मिलने पर क्या करना चाहिए ?

उत्तर–30 दिवस के अन्दर सूचना नहीं मिलने या सही सूचना नहीं होने पर सूचना प्राप्त कर्ता द्वारा उच्च अधिकारियों से शिकायत की जा सकती है।

प्र. 9. कानून की बात कार्यक्रम कब और कितने बजे प्रसारित किया जाता है ?

उत्तर–आकाशवाणी, दूरदर्शन व कम्यूनिटी रेडियो पर नियमित कानून की बात साप्ताहिक कार्यक्रम का प्रसारण किया जाता है। दूरदर्शन राजस्थान पर प्रत्येक शनिवार को सांय 7 बजे से 7:30 बजे तक एवं राजस्थान के सभी आकाशवाणी केंद्रों पर प्रत्येक रविवार को सांय 5:45 से 6:00 बजे तक कानून की बात का विधिक जागरूकता हेतु जनहित में प्रसारण किया जाता है।

प्र. 10.विधिक जागरूकता में कौन–कौन सी योजनाओं की जानकारी की जाती है ?

उत्तर– 1.दुर्घटना मृत्यु पर सहायता करना। 2.चिकित्सा अनुदान राशि

3.निर्माण श्रमिकों के बच्चों को छात्रवृति 4.प्रसुति सहायता योजना

5. मातृत्व लाभ अधिनियम 1961 6.राज्य बीमा व कर्मचारी भविष्य निधि योजना

7.बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 8.नकल विरोधी कानून आदि।

प्र. 11.सूचना के अधिकार के तहत कौन–कौनसी सूचना नहीं मिल सकती है ?

उत्तर– 1.राज्य की सुरक्षा संबंधी सूचना

2.सुरक्षा रणनीति, विज्ञान एवं आर्थिक मामलों की गोपनियता की जानकारी

3. विदेशों से प्राप्त गोपनीय सुचनायें

4.जिससे न्यायालय संसद या विधानसभा के अधिकार का हनन हो

5.गुप्तचर ब्यूरो, सीमा सुरक्षा बल, अपराध या जिससे सुरक्षा को खतरा हो

CBEO,BHINDER

प्र. 12.सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत देश के नागरिकों कों कौन–कौन से अधिकार दिये गये हैं
उत्तर– 1.हर नागरिक को यह अधिकार है कि राज्य सरकार और केंद्र सरकार के किसी भी विभाग अथवा कार्यालय से वह सूचना प्राप्त कर सकता है

2.कोई भी व्यक्ति अपना दस्तावेज या रिकॉर्ड देख सकता है

3. कार्यों को भी देख सकता है
4. काम में ली जा रही सामग्री के नमूने ले सकता है
5. कम्प्यूटर, सीडी या फ्लोपी में भी सूचना ले सकता है
6. मजदूरी के मस्ट्रोल, लोगबुक, टेण्डर के दस्तावेज, कैशबुक विभाग की योजनाओं आदि की जानकारी लेने का अधिकार

# पाठ–19
# सडक सुरक्षा – षिक्षा

प्र0.1 B.R.T.कॉरिडोर का पुरा नाम लिखिए ?
उत्तर– बस रेपिड ट्रांजिट कॉरिडोर ।

प्र0 2. रैम्प क्यों बनाया जाता है ?
उत्तर–1. वृद्ध, विकलांग एवं विशेष योग्यजनों के लिये।
2. फूट, ब्रिज आदि के ढह जाने पर भगदड जैसी घटनाओं से बचने के लिये रैम्प बनाये जाते है।
प्र0 3. सार्वजनिक यातायात का महत्व बताईये ?
उत्तर– सार्वजनिक यातायात सस्ता , सुलभ, पर्यावरण प्रदूषण को रोकने वाला होता है।
प्र0 4 सडक दुर्घटना से व्यक्ति के किस अधिकार का उल्लघंन होता है।?
उत्तर – जीवन जीने के अधिकार का उल्लघंन होता है।
प्र0 5 पैदल चलने वालों के लिये सडक पर किसका निर्माण होना चाहिये ?
उत्तर– ऑवरब्रिज का निर्माण होना चाहिये।
प्र0 6 सडकों पर यातायात सिग्नल का समय निर्धारित करने से पूर्व किसका ध्यान रखना चाहिए ?
उत्तर– प्रत्येक दिशा की आबादी के घनत्व को ध्यान में रखकर करना चाहिए।
प्र0 7 सड़क दुर्घटना को कम करने के उपाय बताइए ?
उत्तर– 1. यातायात के नियमों का पालन किया जाये
2. नशे में गाड़ी ना चलायें
3. दुपहिया वाहन चलाने वाले को हमेशा हेलमेट का प्रयोग करना चाहिए
प्र0 8 वायु प्रदूषण क्या है?
उत्तर– वायु में धूल, धुआं, गैस, दुर्गन्ध व अन्य वाष्प का मिलना जो प्रदुषित होकर मनुष्य व जीव जन्तुओं को हानि पहुंचाता हो, वायु प्रदुषण कहलाता है।
प्र0 9 सडक दुर्घटना के कारण बताइए ?
उत्तर 1.नशे में वाहन चलाना
2. मोबाइल पर बात करना व तेज आवाज में संगीत सुनना
3. क्रोधोन्माद में वाहन चलाना 4. यातायात के नियमों का पालन न करना

CBEGBHINDER

प्र0 10 बस लेन का क्या तात्पर्य है?
उत्तर– जहाँ बसों का आवागमन रहता है अत्यधिक भीडभाड़ वाली जगहों पर सार्वजनिक वाहन को बढ़ावा देने के लिए बनाई जाती हैं जिससे भीड़ की समस्या कम हो जाती है।

प्र0 11 क्या बायीं तरफ यू–टर्न लेने की अनुमति है ?
उत्तर– नहीं, हमेशा दांयी ओर से ही यू–टर्न लिया जाता है।

प्र0 12 जेब्रा क्रासिंग क्या है ?
उत्तर– सड़क पर काली व सफेद धारी वाली एक चौड़ी पट्टी बनी होती है जो पैदल चलने वालों को जेब्रा क्रासिंग पर से सड़क को पार करना होता है।

प्र0 13 यू–टर्न किसे कहते हैं ?
उत्तर– यदि सड़क पर यू आकार का मोड़ होता है जिसका उपयोग वाहन चालक सड़क के दूसरे ओर मुड़ने के लिए करता है, इसी यू आकृति को यू–टर्न कहते हैं।

प्र0 14 वयोवृद्ध सदस्य के साथ यातायात की समस्या के समाधान के लिये कोई सुझाव दीजिए ?
उत्तर– 1. सार्वजनिक स्थानों पर रैंप व स्वचालित सीढियों का प्रयोग करें
2. व्हील चेयर उपलब्ध करवाई जाये
3. फोल्डिंग रैंप की व्यवस्था हो
4. बसों में आरक्षित सीटें हों

प्र0 15 सडक पर पैदल चलते समय किन–किन बातों को ध्यान में रखना चाहिए ?
उत्तर– 1.सडक पार करते समय हमेशा जेब्रा क्रासिंग का ही प्रयोग करना चहिए
2. पेदल चलते समय फुटपाथ पर चलना चाहिए
3 सडक पार करते समय फोन मोबाइल इत्यादि का प्रयोग नहीं करना चाहिए

प्र0 16 वायु प्रदुषण के कारण कौन–कौन से हैं ?
उत्तर– 1. उद्योगों द्वारा निकलने वाला धुआं
2. बसों, ट्रकों, कारों, मोटर साइकिलों, रेलों आदि सभी में दहन के लिए प्रयोग में लाये जाने वाले पेट्रोल, डीजल जिससे धुआं निकलकर वायु प्रदुषित करता है
3. कोयला, पेट्रोलियम का दहन, खान का प्रयोग
4 वायु में सल्फेट, नाइट्रोजन के आक्साइड, कार्बन डाई आक्साइड, कार्बन मोनो आक्साइड, शीशा का मिलना आदि कारण

प्र0 17 सडक दुर्घटना, क्रोधोन्माद को कम करने के उपाय बताइए ?
उत्तर– 1. धैर्य से काम किया जाये
2. तनाव में गाडी न चलायें
3. नशें में गाडी न चलायें
4. वाहन की गति की होड़ में न चलायें
5. सुगम यातायात को बढ़ावा दिया जाये

CBEO, BHINDER

प्र0 18 मौसम की दशा व शराब का प्रभाव कहां तक सडक हिंसा या क्रोधोन्माद पैदा करते हैं ?
उत्तर— मौसम की दशा जैसे अधिक वर्षा या अधिक गर्मी की स्थिति में सडक व्यवस्था और व्यक्ति अपना विवेक दोनों ही अव्यवस्थित हो जाते हैं, परिणामतः सडक पर हिंसा दिखाई देने लगती है और मार्ग अवरूध हो जाते हैं।

प्र0 19 वायु प्रदुषण कम करने के लिए सार्वजनिक यातायात व्यवस्था का प्रयोग किस प्रकार करें ?

उत्तर— वायु प्रदुषण को कम करने के लिए सार्वजनिक यातायात व्यवस्था का महत्वपूर्ण योगदान होता है जैसेः

1. एक ही स्थान पर जाने के लिए अपने निजी वाहनों की अपेक्षा सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें।
2. सडकों पर चलने वाले वाहन जो प्रदुषण फैलाते हैं, उन्हें भीडभाड वाले स्थानों से हटा देना चाहिए।
3. वायु प्रदुषण को कम करने के लिए सी.एन.जी. सिलेण्डरों का प्रयोग किया जाना चाहिए

प्र0 20 सार्वजनिक परिवहन के अधिकाधिक उपयोग को प्रोत्साहित करने के उपाय बताइए ?
उत्तर— 1. विचित्र उत्प्रेरक योजनाओं के माध्यम से प्रोत्साहित करना चाहिए
2. थोडी—थोडी दूर पर फुट ऑवर ब्रीज का निर्माण करना चाहिए
3. जनसंख्या घनत्व का अध्ययन करके यातायात सिग्नल का समय निर्धारित किया जाये

## पाठ—20 स्वच्छता एवं ठोस कचरा प्रबंधन

प्र0 1 स्वच्छता से क्या अभिप्राय है?
उत्तर— सभी प्रकार की गंदगी को दूर कर निरोग व आराम दायक जीवन जीना ही स्वच्छता है, इसमें मलमूत्र व कचरे का सुरक्षित निस्तारण शामिल है।
प्र0 2 मानव के लिए स्वच्छता की क्यों आवश्यकता है ?
उत्तर— मानव स्वास्थ्य में वृद्धि करने तथा मानव विकास के लिए शरीर, आत्मा, मन, बुद्धि तथा पर्यावरण की स्वच्छता आवश्यक है।
प्र0 3 भारत में प्राचीन शिक्षा पद्धति में स्वच्छ रहने की शिक्षा कब से शुरू की थी ?
उत्तर— यज्ञोपवित संस्कार के बाद
प्र0 4 गंदगी को हमारे घर तक पहुंचाने वाले कीट कौनसा है?
उत्तर— मक्खी आसानी से हमारे घर तक गंदगी पहुंचा देती है।
प्र0 5 घरेलू कचरा क्या होता है?
उत्तर— घरों से निकलने वाला सूखा व गीला अनुपयोगी सामान घरेलू कचरा कहलाता है।
प्र0 6 ठोस कचरा प्रबंधन कहां तक सीमित है?
उत्तर— ठोस कचरा प्रबंधन शहरों तक ही सीमित है।
प्र0 7 खतरनाक कचरे कौनसे हैं?
उत्तर— खतरनाक कचरे में इनआर्गेनिक जैसे बेटरी, सेल, टूटा काच का सामान, विस्फोटक सामग्री आदि संक्रमण रोग फैलाने वाले पदार्थ होते हैं।

CBEO,BHINDER

प्र0 8 घनी आबादी क्षेत्र किस समस्या से अधिक पीडित है?
उत्तर– घनी आबादी क्षेत्र में गंदगी का पैदा होना और गंदगी का खतरा नियंत्रण प्रमुख समस्या है।

प्र0 9 निर्मल भारत अभियान का प्रमुख उद्‌देश्य क्या ह?
उत्तर– निर्मल भारत अभियान का प्रमुख उद्‌देश्य सामुदायिक संतुष्टि के दृष्टिकोण को अपनाकर ग्रामीण भारत को निर्मल भारत में परिवर्तित करना और 2022 तक सभी ग्रामीण परिवारों को 100 प्रतिशत स्वच्छ करना है।

प्र0 10 निर्मल भारत अभियान का नाम कब परिवर्तित करके स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) रखा गया है?
उत्तर– 2 अक्टूबर 2014 में नाम परिवर्तित करके स्वच्छ भारत मिशन रखा गया है।

प्र0 11 जैविक खाद किसे कहते हैं?
उत्तर– पेड–पौधों व जीव–जन्तुओं के अपशिष्ट पदार्थों से बनी खाद को जैविक खाद कहते हैं।

प्र0 12 केन्द्रिय ग्रामीण स्वच्छता अभियान कब लागू हुआ था?
उत्तर–1986 में लागू।

प्र0 13 स्वच्छता को कितने प्रकारों में बांटा गया है?
उत्तर– 1. सामुदायिक स्वच्छता 2. शुष्क स्वच्छता
3. पारिस्थितिक स्वच्छता 4. पर्यावरणीय स्वच्छता

प्र0 14 ठोस कचरा प्रबंधन के लिये कौन–कौनसे उपाय किये गये हैं?
उत्तर– 1. कचरा न्यूनीकरण एवं पुनः प्रयोग 2. कचरे का पुनः चक्रण
3. कचरा संग्रहण 4. उपचारण एवं निस्तारण
5. भस्मीकरण 6. गैसीकरण।

प्र0 15 विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यू. एच. ओ.) ने स्वच्छता को किस प्रकार परिभाषित किया है?
उत्तर– लोगों को स्वच्छता के लिए शौचालयों व दूषित पानी को स्वयं स्वच्छ रखने के साधनों व उपायों को करने की आवश्यकता है।

प्र0 16 ठोस कचरा प्रबंधन किसे कहते हैं?
उत्तर– जन स्वास्थ्य एवं पर्यावरण पर प्रतिकुल प्रभाव डाले बिना कूडे का निस्तारण ठोस कचरा प्रबंधन कहलाता है।

CBEO,BHINDER

CBEO,BHINDER

# माध्यमिक परीक्षा मॉडल प्रश्न–पत्र 2021

## SECONDARY EXAMINATION, MODEL QUESTION PAPER-2021

## विषय–सामाजिक विज्ञान

समयः 3¼ घण्टे　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　पूर्णांक 80

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :–

**GENERAL INSTRUCTION TO THE EXAMINEES:**

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।
   **Candidate must write first his/her Roll No. on the question paper compulsorily.**

2. सभी प्रश्न करने अनिवार्य है।
   **All the questions are compulasory.**

3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर पुस्तिका में ही लिखें।
   **Write the answer to each question in the given answer book only.**

4. जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड है उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।
   **For questions having more than one part the answers to those parts are to be written together in continuity.**

5. प्रश्न पत्र के हिन्दी पर अंग्रेजी रूपान्तरण में किसी प्रकार की त्रुटि/ अन्तर/विरोधाभाष होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को सही मानें।
   **If there is any error/difference/contradiction in Hindi & English version of the question paper, the question of the Hindi version should be treated valid.**

6. प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
   **Write down the serial number of the question before attempting it.**

7. प्रश्नों का अंकभार निम्नानुसार है।
   **Weightage of marks for the question is as follows.**

| खण्ड | प्रश्नों की संख्या | कुल अंक भार | अंक प्रत्येक प्रश्न |
|---|---|---|---|
| खण्ड–अ(A) | 1 ( i to x ), 2 to 11 | 20 | 1 |
| खण्ड–ब(B) | 12 to 19 = 8 | 16 | 2 |
| खण्ड–स(C) | 20 to 23 = 4 | 16 | 4 |
| खण्ड–द(D) | 24 to 25 = 2 | 10 | 5 |
| खण्ड–य(E) | 26 to 28= 3 | 18 | 6 |

8. प्रश्न क्रमांक 20 से 28 तक में आन्तरिक विकल्प है।

## (खण्ड अ)

**प्रश्न 01 निम्नांकित प्रश्नों में से दिये गये सही विकल्प का चयन कर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए । प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का है।**

Choose the correct option from the following questions and write it in your answer book.

Each question carry 01 mark. **(10X1=10)**

(i) मौर्य वंश का संस्थापक कौन था ? 1

(अ) चन्द्रगुप्त मौर्य (ब) बिन्दुसार

(स) अशोक (द) चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य

Who was the founder of maurya dynasty ?

(A) Chandragupta Maurya (B) Bindusara

(C) Ashoka (D) Chandragupta Vikaramaditya

(ii) यदि आप गुप्तकालीन लौह स्तम्भ देखना चाहते है तो आप निम्न में से कस स्थान का भ्रमण करेगें ? 1

(अ) कानपुर (ब) सारनाथ

(स) दिल्ली (द) पाटलिपुत्र

If you want to see the Gupta period's iron pillar, then which of the following places would you visit ?

(A) Kanpur (B) Sarnath

(C) Delhi (D) Paataliputra

(iii) निम्न में से भूमध्य सागर व लाल सागर को मिलाने वाली नहर कौनसी है ? 1

(अ) वर्सली कैनाल (ब) स्वेज नहर

(स) पनामा नहर (द) कील नहर

Which of the following is the canal joining the Mediterranean sea and the Red sea ?

(A) Varsali Canal (B) Suez Canal

(C) Panama Canal (D) Keel Canal

(iv) भाखड़ा नागल परियोजना निम्न में से किस नदी पर स्थापित है ? 1

(अ) गंगा (ब) यमुना

(स) सतलज (द) ) कृष्णा

Bhakra Nagal Project is established on which of the following rivers ?

(A) Ganga (B) Yamuna

(C) Satluj (D) Krishna

(v) निम्न में से कौनसा युग्म सुमेलित नहीं है ? 1

(अ) आनासागर–अजमेर (ब) पिछोला–उदयपुर

(स) तालछापर– चुरू (द) फतेहसागर– जोधपुर

Which of the following pairs is not correctly matched ?

(A) Anasagar- Ajmer (B) Pichola- Udaipur

(C) Talchhapar- Churu (D) Fatehsagar- Jodhpur

(vi) अंग्रेजी शब्द 'Democracy' का हिन्दी अनुवाद निम्न में से कौनसा है ? 1

(अ) लोकतंत्र (ब) जनतंत्र

(स) प्रजातन्त्र (द) उपर्युक्त सभी

Which of the following is the Hindi translation of English word 'Democracy' ?

(A) Loktantra (B) Jantantra

(C) Prajatantra (D) All above

(vii) ''लोकतंत्र देश भक्ति की भावना को बढ़ाता है'' यह कथन निम्न में किस विद्वान का है ? 1

(अ) गैटेल (ब) जे.एस. मिल

(स) लॉवेल (द) हर्नशा

Which of the following philosopher says- " Democracy increases the spirit of patriotism" ?

(A) Gatell (B) J.S. Mill

(C) Lawell (D) Hernshaw

(viii) मूल संविधान में लोकसभा की सदस्य संख्या कितनी निर्धारित थी ? 1

(अ) 500 (ब) 552

(स) 530 (घ) 545

In the original constitution how many Loksabha members number were prescribed ?

(A) 500 (B) 552

(C) 530 (D) 454

(ix) कचरे को उपयोगी कच्चे माल के रूप में उपयोग करना कहलाता है – 1

(अ) गैसीकरण (ब) पाइरोलिसिस

(स) पुनः चक्रण (द) भष्मीकरण

Using waste as a useful raw material is called -

(A) Gasification (B) Pyrolysis

(C) Recycling (D) Incineration

(x) भारत में प्रथम पंचवर्षीय योजना की समयावधि क्या है। 1

(अ) 1951–1956 (ब) 1950–1955

(स) 1961–1966 (द) 1974–1979

What is the time period of the first five year plan in India ?

(A) 1951-1956 (B) 1950-1955

(C) 1961-1966 (D) 1974-1979

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक पंक्ति में दीजिए–**

Answer the following questions in one line -

**प्रश्न क्रमांक :– 02 से 08 तक के सभी प्रश्नों के अंकभार एक–एक है।** 1x7=7

प्र. 2 वर्धन वंश का संस्थापक कौन था ? 1

Who was the founder of Vardhan dynasty ?

प्र. 3 राज्यपाल किसकी इच्छापर्यन्त अपने पद पर बना रहता है ? 1

With whose consent does a Governor remain in his office ?

प्र. 4 भारत में राज्यों की विधानसभा का प्रत्येक सदस्य कम से कम कितनी जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करता है ? 1

Each member of the assembly of states in India represents at least how much population ?

प्र. 5 राजस्थान के किस नगर को सीमेन्ट नगरी भी कहा जाता है ? 1

Which city of Rajasthan is also known as Cement city ?

प्र. 6 राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस कब मनाया जाता है ? 1

When is National Legal Services Day celebrated ?

प्र. 7 स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) का कोई एक उद्देश्य बताइए। 1

State one of the objective of Swachh Bharat Mission (Gramin).

प्र. 8 लोकतन्त्र के एक रूप "सामाजिक लोकतन्त्र" का क्या अर्थ है ? 1

As one form of Democracy what is the meaning of 'Social Democracy' ?

**दिये गये प्रश्नों में रिक्त स्थान की पूर्ति कर उत्तर पुस्तिका में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का है,**

Fill up the following blanks & write it in answer sheet. Each Question carry 1 marks

प्र. 9 भारत में तिलहन उत्पादन में .................... राज्य का प्रथम स्थान है ? 1

The ..................... state ranks first in oilseed production in India.

प्र. 10 ग्राहम बैल ने ......................... का आविष्कार किया जिसने संचार की दुनिया में क्रांति ला दी। 1

Graham Bell invented ......................., which revolutionized the world of communication

प्र. 11 बाजरा उत्पादन की दृष्टि से ............................ देश का विश्व में प्रथम स्थान है ? 1

In terms of millet production the country ................. is ranked first in the world .

## खण्ड–ब

प्र. 12 मौर्य काल में समाहर्ता के कार्य बताइये । 2

Describe the works of the Samaharta during the Mauryan period.

प्र. 13 रोलेट एक्ट को काला कानून क्यों कहा जाता है ? 2

Why is the Rowlatt Act called a black law ?

प्र. 14 नकदी फसलें क्या हैं ? कोई दो नकदी फसलों के नाम लिखिए। 2

What are cash crops ? Write the names of any two cash crops.

प्र. 15 आपके विचार से सड़क दुर्धटनाओं को कम करने के लिए क्या प्रयास किये जाने चाहिये ? 2

What do you think should be done to reduce road accidents ?

प्र. 16 भारत में आर्थिक नियोजन के कोई दो उद्देश्य बताइए। 2

State any two objectives of economic planning in India.

प्र. 17 किसी शहर के औद्योगिक प्रदूषण को दूर करने के लिए आप क्या प्रयास करेंगे ? 2

What efforts will you make to removed the industrial pollution of a city ?

प्र. 18 लोकतंत्र की सफलता हेतु आवश्यक कोई दो परिस्थितियां लिखिए। 2

Write any two conditions necessary for the success of democracy.

प्र. 19 लोकसभा अध्यक्ष के कोई दो कार्य लिखिए । 2

Write any two functions of Lok Sabha Speaker.

## खण्ड–स

प्र. 20 राष्ट्रीय जनसंख्या नीति 2000 की व्याख्या कीजिए। 4

अथवा

भारत में जनसंख्या वृद्धि के प्रमुख कारणों की व्याख्या कीजिए।

Explain the National Population Policy 2000.

OR

Explain the major reasons for population growth in India.

प्र. 21 गरीबी निवारण के प्रमुख उपाय बताइए।

अथवा

बेरोजगारी के कोई दो प्रकारो का संक्षिप्त वर्णन कीजिए। 4

Describe the major measures for poverty alleviation.

OR

Briefly describe any two types of unemployment .

प्र. 22 एक उपभोक्ता के रूप में आप कौन कौन से कर्त्तव्यों का निर्वहन करेंगे ।

अथवा

सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत आप किस प्रकार सूचना प्राप्त करेंगे। 4

What duties will you perform as a consumer.

OR

How will you get information under Right to Information Act 2005.

प्र. 23 भारत के राष्ट्रपति की विधायी शक्तियों का वर्णन कीजिए ।

अथवा

भारत के प्रधानमंत्री के चार प्रमुख कार्यों का वर्णन कीजिए । 4

Describe the legislative powers of the President of India.

OR

Describe the four major functions of the Prime Minister of India.

**खण्ड–द**

प्र. 24 भारत के मानचित्र में निम्न अंकित कीजिए – 5

भारत के पाँच प्रमुख कोयला क्षेत्र

अथवा

भारत की पाँच प्रमुख खनिज पेटियां

Mark the following on the map of India -

Five major coalfields of India.

OR

Five major mineral boxes of India.

प्र. 25 भारत के मानचित्र में निम्नलिखित ऐतिहासिक स्थलों को अंकित कीजिए – 5

1 दिल्ली 2. लखनऊ 3. झॉसी 4. कानपुर 5 बनारस

अथवा

1. अमृतसर 2. बम्बई 3. जयपुर 4. गोरखपुर 5 कलकत्ता

Indicate the following historical sites in the map of India -

1- Delhi 2. Lucknow 3. Jhansi. 4. Kanpur 5 Banaras

OR

1- Amritsar 2. Bombay 3. Jaipur 4. Gorakhpur 5 Calcutta

## खण्ड–य

प्र. 26 सल्तनत कालीन प्रशासन का विस्तार से वर्णन कीजिए । 6

अथवा

छत्रपति शिवाजी की प्रमुख उपलब्धियों का वर्णन कीजिए।

अथवा

हम्मीर देव चौहान की प्रमुख उपलब्धियों का वर्णन कीजिए

Describe the Sultanate administration in detail.

OR

Describe the major achievements of Chhatrapati Shivaji.

OR

Describe the major achievements of Hammir Dev Chouhan

प्र. 27 वैश्वीकरण की अवधारणा का विस्तार से वर्णन कीजिए। 6

अथवा

भारतीय अर्थव्यवस्था में आर्थिक सुधारों का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

अथवा

स्वदेशी की अवधारणा का विस्तार से वर्णन कीजिए।

Describe the global concept in detail.

OR

Briefly describe the economic reforms in the Indian economy.

OR

Describe the concept of Swadeshi in detail.

प्र. 28 राज्यपाल के रूप में आप किन–किन शक्तियों का उपयोग करेगें। वर्णन कीजिए। 6

अथवा

मुख्यमंत्री के रूप में आप किन–किन शक्तियों का उपयोग करेगें। वर्णन कीजिए।

अथवा

विधानसभा अध्यक्ष के रूप में आप कौन–कौन से कार्य करेगें। वर्णन कीजिए।

What powers will you use as Governor. Describe

OR

What powers will you use as Chief Minister. Describe

OR

What tasks will you do as the speaker of the Legislative Assembly ? Describe